नई दिल्ली

नई दिल्ली, रविवार 12 जनवरी 2020

माघ मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 23, अंक : 297
पृष्ठ 12+4 मूल्य 3 .00 *

मौसम
अधि. 19.0
न्यून. 7.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





10 खेलो इंडिया युवा खेलो में जीते पदक

## खबर संक्षेप

### अभिजीत ने दिल्ली के स्कूलों को सराहा



**मुंबई।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अभिजीत बनर्जी ने शनिवार को कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के परिणाम निजी संस्थानों की तुलना में बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने निजी स्कूलों की अपेक्षा 'बेहतर प्रदर्शन' करने के लिए दिल्ली सरकार के स्कूलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य की एजेंसियां शिक्षा के लिए संसाधन आवंटन के साथ 'उदार' रही हैं, जो शिक्षकों के वेतन और प्रणाली जैसे पहलुओं में दिखाई देती है।

### अनंतनाग में तीन आतंकवादी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बिजबेहरा क्षेत्र से इन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन का पता लगाया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### अब यूपीआई के जरिये भी कर सकेंगे भुगतान



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के मद्देनजर अब यूपीआई के जरिये भी स्वतः आवर्ती (रेकरिंग) भुगतान करने की सुविधा प्रदान कर दी है। इस सुविधा के तहत उपभोक्ता और मर्चेंट निकायों के बीच एक सहमति बनती है और महीने की तयशुदा तारीख पर निश्चित बकाया राशि का स्वतः भुगतान हो जाता है। अभी तक यह सुविधा डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, प्रीपेड भुगतान इंस्ट्रुमेंट और वॉलेट के जरिये भुगतान पर उपलब्ध थी।

### नशे में धुत दो यात्रियों को विमान से उतारा



**चेन्नई।** मलेशिया जा रहे नशे में धुत दो यात्रियों को शनिवार को एक निजी कंपनी के विमान में हंगामा करने के कारण हवाईअड्डे पर उड़ान से पहले ही नीचे उतार दिया गया। सूत्रों ने बताया कि विमान ने एक घंटे की देरी से उड़ान भरी। विमानन कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि दोनों यात्री नशे में थे और उन्होंने विमान के अंदर अधिक पेय पदार्थ के लिए हंगामा मचाया। पायलट से शिकायत की जिसके बाद हवाईजहाज को विमान को थोड़ी देर के लिए रोके रखने का फैसला किया गया।

## दो दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचे पीएम, मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

# मोदी से ममता ने की सीएए वापसी की मांग, फिर छात्रों के साथ धरने पर बैठीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलकाता

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के बीच शनिवारक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल पहुंचे। कोलकाता में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे मुलाकात की। राजभवन में हुई दोनों नेताओं की यह मुलाकात करीब 20 मिनट तक चली। पीएम से मुलाकात के बाद ममता ने कहा कि उन्होंने कुछ वित्तीय मांगों के साथ पीएम से मुलाकात की। उन्होंने राज्य के हिस्से के 28 हजार करोड़ रुपये मांगे। इसके अलावा पीएम के साथ सीएए, एनआरसी और एनपीआर के मुद्दे पर बात हुई और उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया। ममता ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली पहुंचकर दोनों मुद्दों पर चर्चा का आश्वासन दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री तृणमूल छात्र परिषद के धरने में शामिल हुईं।

टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पीएम मोदी के बंगाल दौरे का विरोध कर रहे हैं। विरोधी दलों ने कोलकाता में जगह-जगह 'गो बैक मोदी' के पोस्टर लगाए हैं। ट्विटर पर भी इसे ट्रेंड करा रहे हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की छात्र इकाई के अलावा लेफ्ट के कार्यकर्ता भी राज्य के अलग-अलग हिस्सों में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) के खिलाफ अलग-अलग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार और रविवार को कोलकाता में रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान मोदी कोलकाता बंदरगाह ट्रस्ट के समारोह में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री बनर्जी रविवार को नेताजी इनडोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम में मंच साझा करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम बंगाल की दो दिन की यात्रा पर शनिवार को कोलकाता पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीएम ममता ने पीएम मोदी से सीएए और एनआरसी के मुद्दे पर बात की और कहा कि हम इसके विरोध में हैं। हालांकि पीएम ने कहा कि वो यहां किसी अन्य कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। इस मुद्दे पर दिल्ली में बात होगी। इसे पहले वाममोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 'मोदी वापस जाओ' लिखी हुई तख्तियां लेकर रैली निकाली।

### खास बातें

- पीएम ने 4 ऐतिहासिक इमारतों का लोकार्पण किया
- बंगाल ने दुनिया को सुभाष चंद्र, ईश्वर चंद्र जैसे अनेक चंद्र दिए



### विपक्ष के झूठ ने देश में अराजकता पैदा की: शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर विपक्ष दलों द्वारा फैलाए गए 'झूठ' ने देश में अराजकता पैदा की है।

### विजयन के विज्ञापनों पर बरसे गवर्नर

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सरकार की ओर से ऐक्ट के विरोध में अखबारों में विज्ञापन छपवाने को लेकर आपत्ति जताई है। राष्ट्रीय अखबारों में सरकार के विज्ञापनों को लेकर गवर्नर ने कहा कि अपनी राजनीतिक कैंपेन के लिए जनता के पैसे की बर्बादी करना पूरी तरह से गलत है।

विरोध के सुर

### सीएए का उद्देश्य लोगों को बांटना: सोनिया



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सीएए को विभाजनकारी बताते हुए कहा है कि इसका उद्देश्य भारतीयों को धार्मिक आधार पर बांटना है। राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस वर्किंग कमिटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के करोड़ों कार्यकर्ता समानता, न्याय और सम्मान के लिए संघर्ष में लोगों के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

## आर्मी चीफ नरवणे बोले

# संसद का आदेश मिलते ही पीओके बनेगा भारत का हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे ने शनिवार को कहा कि यदि सेना को संसद से आदेश मिलता है तो वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को अपने नियंत्रण में ले सकती है। इस बयान पाकिस्तान के लिए कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। सेना दिवस से पहले यहां संवाददाता सम्मेलन में जनरल नरवणे ने यह भी कहा कि सेना सियाचिन ग्लेशियर में बिल्कुल चौकन्नी है क्योंकि सामरिक रूप से इस संवेदनशील क्षेत्र में भारत के खिलाफ चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत की संभावना है। सेना प्रमुख ने कहा कि जहां तक पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की बात है तो कई साल पहले इस पर संसद से एक प्रस्ताव पारित हुआ था कि पूरा जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा है।

### सीमा पर पाक की साजिश हो रही नाकामयाब

*एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से मिल रहे खतरे पर आर्मी चीफ ने कहा कि भारतीय सेना इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, 'एलओसी पर हम सक्रिय हैं। प्रतिदिन हमें इंटेलिजेंस इनपुट मिल रहे हैं और हम गंभीरता से उसे लेते हैं। इन सभी इनपुट और सतर्कता के कारण हम पाकिस्तान की ओर से होने वाले बैट ऐक्शन को ध्वस्त करने में कामयाब हुए हैं। टिंकल 370 खत्म किए जाने के सवाल पर सेना प्रमुख ने कहा कि कश्मीर में हालात अच्छे हैं।*

### सीडीएस की नियुक्ति सैन्य बलों के एकीकरण की दिशा में 'बहुत बड़ा कदम': सेना प्रमुख

*थल सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने शनिवार को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) का पद सृजित करने को तीनों सैन्य बलों के एकीकरण की दिशा में 'बहुत बड़ा कदम' बताया और कहा कि सेना इसकी सफलता सुनिश्चित करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान के प्रति निष्ठा ''हर वक्त हमारा मार्गदर्शन' करेगा। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की भावना हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।' जनरल नरवणे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रशिक्षण का फोकस भविष्य के युद्धों के लिए सेना को तैयार करने पर होगा, जो नेटवर्क केंद्रित और जटिल होगा।*

## निर्भया गैंगरेप मामला

# दोषी विनय, मुकेश की क्यूरेटिव पिटिशन पर 14 को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** निर्भया गैंगरेप केस में दोषियों को फांसी देने तारीख करीब आ रही है। इस बीच फांसी की सजा पा चुके दो दोषियों विनय शर्मा और मुकेश सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटिशन यानी सुधारात्मक याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की तारीख 14 जनवरी तय की है। बता दें कि अदालत ने 22 जनवरी को दोषियों को फांसी पर लटकाने का डेथ वॉरंट जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच विनय और मुकेश की क्यूरेटिव पिटिशन पर सुनवाई करेगी। इस बेंच में जस्टिस एनवी रमन्ना, जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस आरएफ नरीमन, जस्टिस आर भानुमती और जस्टिस अशोक भूषण का नाम शामिल है। निर्भया के गुनहगार विनय ने अपनी क्यूरेटिव पिटिशन में अपनी युवावस्था का हवाला देते हुए कहा है कि कोर्ट ने इस पहलू को त्रुटिवश अस्वीकार कर दिया है।

## नासा ने भारतीय को दिया मौका

# एस्ट्रोनॉट चारी को महत्वाकांक्षी अभियानों का हिस्सा बनाया

एजेंसी ⏭ ह्यूस्टन




अमेरिकी वायुसेना के भारतीय मूल के कर्नल राजा जॉन वुरपुतूर चारी सहित नासा के 11 नये स्नातकों के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस), चंद्रमा और मंगल के लिए भविष्य के महत्वाकांक्षी अभियानों का हिस्सा बनने की संभावना है। नासा के इन 11 नये स्नातकों ने दो साल से अधिक अवधि का मौलिक अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। नासा के अपने 'आर्टेमिस' कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद 2017 में इन सफल अंतरिक्षयात्रियों को 18,000 आवेदकों के बीच से चयनित किया गया था। चारी (41) को 2017 अंतरिक्षयात्री उम्मीदवार वर्ग में शामिल करने के लिए नासा द्वारा चयनित किया गया था। उन्होंने अगस्त 2017 में ड्यूटी के लिए रिपोर्ट किया था।

- 11 नये स्नातकों ने दो साल से अधिक अवधि का मौलिक अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया

## गुजरात के वडोदरा में गैस कंपनी में हुए धमाके

# आठ की मौत और कई लोग घायल हो गए



**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में औद्योगिक एवं मेडिकल गैस उत्पादन कंपनी में शनिवार सुबह हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट पादरा तहसील के गवासाद गांव के पास एम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड में करीब 11 बजे हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह संयंत्र पादरा-जंबुसार राजमार्ग के पास स्थित था।

### महाराष्ट्र: रसायन फैक्टरी में विस्फोट, आठ की मौत

महाराष्ट्र में पालघर जिले के बोईसर में शनिवार शाम एक रसायन फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट में आठ लोग मारे गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने 'छपाक' के निर्माताओं से कहा

### पीड़िता के वकील को 15 जनवरी तक श्रेय दें




- कोर्ट ने फिल्म के स्क्रीनिंग पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दीपिका पदुकोण अभिनीत 'छपाक' फिल्म के निर्माताओं को निर्देश दिया है कि वे तेजाब हमला पीड़िता लक्ष्मी अग्रवाल की वकील को फिल्म में सहयोग देने के लिए श्रेय दें। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने आदेश दिया कि सिनेमाघरों में फिल्म के स्लाइडों में 15 जनवरी तक बदलाव कर लिया जाए। अदालत ने फिल्म के निर्माता फॉक्स स्टार स्टुडियो की याचिका पर यह फैसला सुनाया। स्टुडियो ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती थी कि जिसमें वकील अपर्णा भट को श्रेय देने को कहा गया था। फिल्म पिछले शुक्रवार को रिलीज हुई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को अदालत ने निर्माताओं से पूछा कि उन्होंने वकील से मिले सहयोग और जानकारी के लिए उनको श्रेय क्यों नहीं दिया। अदालत ने पूछा कि वकील को श्रेय देने में क्या परेशानी है और निर्माता उनसे सहयोग लेने गए ही क्यों थे।

## नौसेना ने रचा इतिहास, बढ़ेगी ताकत

# तेजस ने आईएनएस विक्रमादित्य पर की सफल लैंडिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के लिए आज (शनिवार) का दिन यादगार रहेगा। नौसेना के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर सफल लैंडिंग करके इतिहास रचा है। इस सफल लैंडिंग के बाद रूस, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन के बाद भारत विमान वाहक पोत पर अरेस्टेड लैंडिंग कराने वाला छठा देश बन गया है।भारतीय नौसेना ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह पहली बार है जब कोई स्वदेशी लड़ाकू विमान किसी विमानवाहक पोत पर उतरा है। शनिवार सुबह 10 बजकर दो मिनट पर इसकी लैंडिंग हुई। कमोडोर जयदीप मौलंकर ने यह लैंडिंग कराई। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) द्वारा बनाया गया तेजस एयरक्राफ्ट अरेस्टर वायर की मदद से आईएनएस विक्रमादित्य पर उतरा। एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी नौसेना के साथ मिलकर इस लड़ाकू विमान को विकसित कर रही है।

### अरेस्टेड लैंडिंग करवाने वाला छठा देश बना भारत



**तेजस ने सितंबर में टेस्ट फैसिलिटी में लैंडिंग की थी**

तेजस ने पिछले साल 13 सितंबर को नौसेना में शामिल होने के लिए एक बड़ा परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया था। डीआरडीओ और एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के अधिकारियों ने गोवा की तटीय टेस्ट फैसिलिटी में तेजस की अरेस्टेड लैंडिंग कराई थी। तेजस यह मुकाम पाने वाला देश का पहला एयरक्राफ्ट बना गया था।

### रक्षामंत्री ने दी बधाई



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस की लैंडिंग के बाद डीआरडीओ और नौसेना को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, डीआरडीओ द्वारा विकसित तेजस की आईएनएस विक्रमादित्य पर पहली लैंडिंग के बारे में जानकर बेहद खुशी हुई। ये सफल लैंडिंग भारतीय लड़ाकू विमान विकास कार्यक्रम के इतिहास में एक शानदार लम्हा है।

### क्या है अरेस्टेड लैंडिंग

नौसेना में शामिल होने के लिए विमानों को हल्का होने के साथ ही उसे अरेस्टेड लैंडिंग में भी सक्षम होना चाहिए। विमानवाहक पोत एक निश्चित भार ही उठा सकता है, इसलिए विमानों का हल्का होना जरूरी है। युद्धपोत पर बने रनवे की लंबाई निश्चित होती है। ऐसे में विमानों को लैंडिंग के दौरान रफ्तार कम करते हुए रनवे पर जल्दी रुकना पड़ता है। इसलिए अरेस्टेड लैंडिंग जरूरी होती है।




### जेएनयू हिंसा से कुछ घंटे पहले ही बनाया गया था ग्रुप

# पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप से की 37 की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ यूनिटी अगेंस्ट लेफ्ट नाम के व्हाट्सएप में थे 60 मेंबर

जेएनयू हिंसा की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने 37 और लोगों की पहचान की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 60 लोगों के एक व्हाट्सएप ग्रुप से इनकी पहचान हुई है। यह ग्रुप रविवार को हुई हिंसा से कुछ घंटे पहले बनाया गया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यूनिटी अगेंस्ट लेफ्ट नाम के इस व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल लोगों का भी कहीं न कहीं हिंसा में हाथ रहा है। क्योंकि यह ग्रुप रविवार को ही बनाया गया था। उसी दिन सबसे ज्यादा हिंसा व तोड़फोड़ कैंपस व हॉस्टल में हुई थी। आशंका है कि हिंसा में कम से कम 10 लोग बाहरी भी शामिल थे। हालांकि पुलिस ने एक दिन पहले ही आइशी घोष समेत नौ लोगों की पहचान का दावा भी पुलिस कर चुकी है। कथित तौर पर इनमें सात लेफ्ट और दो राइट विंग के माने जा रहे हैं। पुलिस बाहरी लोगों के हिंसा में शामिल होने की बात से भी फिलहाल इंकार कर चुकी है। मामले की जांच कर रही क्राइम ब्रांच एसआईटी के प्रमुख डॉक्टर जॉय टिर्की का कहना है कि पुलिस की पूरी जांच सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और वॉट्सएप ग्रुप से ही आगे बढ़ रही है।

उन्होंने एक दिन पहले भी साफ किया था कि जेएनयू के कैमरे हिंसा के समय काम नहीं कर रहे थे। पुलिस लोगों से अभी भी अपील कर रही है कि उनके पास जेएनयू से जुड़ा कोई नया वीडियो या फोटो आता है तो वह पुलिस से शेयर करें ताकि नकाबपोशों की जल्द से जल्द पहचान की जा सकें। फिलहाल कैंपस में घुसकर मारपीट करने वाले नकाबपोशों की पहचान नहीं हुई है।

जिन नौ छात्रों को पुलिस ने पहचाना है वह तीन, चार व पांच जनवरी की दोपहर तक हुई छिटपुट हिंसा के दौरान के हैं। यहीं कारण है कि कांग्रेस समेत कई राजनैतिक पार्टियां भी पुलिस को कटघरे में खड़ा कर जांच में पक्षपात का आरोप लगा चुकी है।

## जेएनयू छात्रसंघ का दावा, पुलिस ने पांच जनवरी को की अनदेखी

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ ने शनिवार को आरोप लगाया कि पुलिस को पांच जनवरी को हिंसा होने से बहुत पहले भीड़ के जमा होने की सूचना दी गई थी जिसकी उसने अनदेखी की। जेएनयू छात्रसंघ ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि उन्होंने दोपहर तीन बजे इसकी सूचना दी और तीन बजकर सात मिनट पर पुलिस इसे पढ़ चुकी थी, बावजूद इसकी अनदेखी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्राओं और छात्रसंघ पदाधिकारियों पर हमले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के लोग शामिल हैं। छात्रसंघ ने कहा कि अभाविप सदस्यों ने चार जनवरी को भी छात्राओं के साथ मारपीट की थी और जब छात्रसंघ महासचिव सतीश चंद्र यादव ने हस्तक्षेप किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। छात्रसंघ ने कहा कि हमलावरों ने साबरमती छात्रावास के चुनिंदा कमरों को निशाना बनाया और यहां तक की छात्राओं को बालकनी से बाहर फेंक दिया लेकिन उन्होंने अभाविप कार्यकर्ताओं के कमरों को नहीं छुआ।

### व्हाट्सएप ग्रुप में 10 बाहरी भी शामिल

जेएनयू हिंसा के मामले की जांच लेफ्ट और राइट छात्र संगठन से जुड़े छात्रों के बाद एक्स स्टूडेंट्स पर भी चल रही है। हमले में जिन लोगों को बाहरी कहा जा रहा है, वे यूनिवर्सिटी के एक्स स्टूडेंट हो सकते हैं। उनका अक्सर कैंपस में आना जाना लगा रहता था। खुद वीसी ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि कैंपस के हॉस्टल में अवैध तरीके से लोग रह रहे थे। इसे लेकर वीसी द्वारा सर्कुलर भी जारी किया गया है। सर्कुलर में ऐसे लोगों को पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई का सामना करने की बात कहीं गई है। एसआईटी ने रविवार को हुई हिंसा से ठीक पहले जिस यूनिटी अगेंस्ट लेफ्ट नाम के वॉट्सएप ग्रुप का जिक्र किया है। उसमें कुल 60 सदस्य हैं, जिनमें पुलिस ने 37 लोगों की शिनाख्त कर लेने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों का कहना है इस ग्रुप में शामिल करीब 10 लोग कैंपस के नहीं है। उनकी एंट्री को लेकर कुछ सुरक्षाकर्मी भी संदेह के घेरे में हैं, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।



**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी नॉर्थ कैंपस में शनिवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जेएनयू में हुई हिंसा के विरोध और नागरिक संशोधन बिल के समर्थन में प्रदर्शन किया।

### राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन में देशभर के कवियों ने भरे विविधता के रंग

नई दिल्ली। अगामी गणतंत्र दिवस को लेकर लालकिला के पास चल रहे राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन में देशभर से आए प्रसिद्ध कवि, कवयित्रियों ने कविताओं की प्रस्तुति की। सम्मेलन का उद्धघाटन गोवा और पाण्डुचेरी के पूर्व मुख्य सचिव सेवाराम शर्मा सेवानिवृत्त आइएएस ने किया। इस मौके पर शर्मा के विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली की भाषा, कला, संस्कृति विभाग की सचिव मनीषा सक्सेना, हिन्दी अकादमी के सचिव डॉ. जीतराम भट्ट, प्रसिद्ध कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा, अनित्यनारायण मिश्र, आदि मौजूद थे।

## 40 लाख की कोकीन के साथ एक नाइजीरियाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नाइजीरिया के एक नागरिक को करीब 40 लाख रुपये मूल्य की कोकीन के साथ चिराग दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान 33 वर्षीय लॉकी फेरोसीन ओवनावा के रूप में हुई है। वह अभी देवली रोड के कृष्णा पार्क में रह रहा था और नाइजीरिया का मूल निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 500 ग्राम कोकीन बरामद किया है जिसकी कीमत 40 लाख रुपये है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि नाइजीरियाई व्यक्ति के मादक पदार्थ की आपूर्ति करने की जानकारी मिली थी। बाद में पुलिस ने जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### जूता बनाने की फैक्ट्री में आग



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के मायापुरी फेस-2 इलाके में शनिवार शाम एक जूता बनाने की फैक्ट्री में शाम अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशनों से 23 फायर टेंडर मौके पर भेजे गये। देर शाम तक आग बुझाने का कार्य जारी था। खबर लिखे जाने तक आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। दमकल विभाग के डायरेक्टर अतुल गर्ग के अनुसार आग एक तंग गली में स्थित फैक्ट्री में लगी थी। दमकल विभाग की गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। फायर कंट्रोल रूम को शाम 5 बजकर 2 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। राज 8 बजे आग पर काबू पा लिया गया था।

## हत्या के प्रयास का आरोपी कातिया धरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने हत्या के प्रयास मामले में वांटेड बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी आरिश खान सन्नी देयोल की हिट फिल्म के विलन कातिया के नाम से अपने ग्रुप में जाना जाता था।

लूट के मामले में भी आरोपी शामिल पाया गया है। बड़ा गैंगस्टर बनने का ख्वाव देखने वाला यह बदमाश इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक पिस्टअल और कारतूस भी बरामद हुये हैं। पुलिस का कहना है कि उत्तम नगर इलाके में 10 दिसंबर 2019 के हत्या के प्रयास केस में इसके दो साथी पहले गिरफ्तार हो चुके थे लेकिन कातिया फरार चल रहा था। जुगनू खान नामक शख्स को लूट के दौरान गोली मारने वाले इस केस में कुल छह लोग शामिल थे।

## रात के अंधेरे में चोरी कर लगाई थी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### मास्टर माइंड समेत तीन दोस्त चढ़े हत्थे



राजौरी गार्डन पुलिस ने दुकान में चोरी करके आग लगाने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए रुपयों में से 70 हजार रुपए भी बरामद हुये है। पकड़े गये तीनों आरोपी दोस्त बताये जाते हैं। इनके नाम अमित, जोगिंद्र और अनुराग हैं। अमित इस चोरी का मास्टरमाइंड बताया जाता है। वह उसी दुकान पर नौकरी करता था जिसमें यह चोरी हुई थी।

डीसीपी वेस्ट दीपक पुरोहित ने बताया कि टैगोर गार्डन में आरओ शॉप चलाने वाले अमनदीप को उनके पड़ोसी दुकानदारों ने फोन पर बताया था कि तुम्हारी दुकान से धुआं निकल रहा है। अमनदीप तुरंत अपनी दुकान पर पहुंचा था। उसने देखा कि दुकान में आग लगी हुई है। जांच करने पर पता चला की गल्ले से सवा लाख के आसपास नकदी भी चोरी हुई है। अमनदीप के बयान पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज हुआ। राजौरी गार्डन एसीपी राम सिंह की देखरेख में राजौरी गार्डन एसएचओ अनिल कुमार शर्मा, एसआई अजय कुमार, हेड कांस्टेबल शिव प्रसाद और कांस्टेबल शमशेर की टीम ने आरोपी अमित को पकड़ लिया।

पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि यह चोरी उसी ने की है। इसमें उसके दो साथी और भी शामिल थे। अमित की निशानदेही पर पुलिस ने जोगेंद्र और अनुराग को भी गिरफ्तार कर लिया।

## जान से मारने की धमकी देकर किशोरी से रेप

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर इलाके में जान से मारने की धमकी देकर एक किशोरी से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता 10वीं कक्षा में पढ़ती है। आरोप छात्रा की ही इमारत में रहने वाले 21 वर्षीय युवक पर है। वारदात के बाद से आरोपी फरार चल रहा है। शिकायत पर पुलिस ने जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने व पॉक्सो की धारा में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय किशोरी परिवार के साथ दल्लूपुरा गांव, न्यू अशोक नगर में किराए के मकान में रहती है। किशोरी के पिता नोएडा में एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। अक्सर पीड़ता के पिता की नाइट शिफ्ट होती है। गुरुवार को भी पिता नाइट ड्यूटी पर गये थे। किशोरी घर में सो रही थी। देर रात 12 बजे किशोरी शौचालय जाने के लिए उठी। उसी दौरान किशोरी की बिल्डिंग में रहने वाला युवक उसे जबरन अपने कमरे में ले गया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद किशोरी से दुष्कर्म किया गया। वारदात के बाद किशोरी रोती हुई घर पहुंची और मां को सारी बात बताई। देर रात ही पुलिस को सूचना दी गई। शुक्रवार सुबह मेडिकल करवा पुलिस ने केस दर्ज किया।

### मीटिंग...



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए पुलिस कमिश्नर ने ली सीनियर डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर्स व एसएचओ की मीटिंग।

### दो दर्जन से अधिक वारदातों में रह चुका है शामिल

# आर्थिक तंगी में पढ़ाई छोड़ करने लगा था बदमाशी, चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी। फिर छोटा-मोटा काम करने लगा। लेकिन उससे इतनी कमाई नहीं हुई जिससे इच्छाओं की पूर्ति हो सकती। इसके बाद वह अपराध की दुनिया में शामिल हो गया था और स्नैचिंग, लूट समेत हथियार तस्करी की वारदात को अंजाम दिया।



स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपी का नाम सीलमपुर निवासी 22 वर्षीय नूर अली बताया गया है। एक पिस्टल और सात कारतूस और चोरी की स्कूटी भी उसके पास से बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार जनवरी के पहले सप्ताह में सूचना मिली थी कि मूलरूप से पश्चिम बंगाल के कोलकाता का रहने वाला नूर अपने साथी को सीलमपुर गुरुदारे के पास हथियार की सप्लाई करने के लिए आने वाला है। सूचना के बाद पुलिस ने ट्रैप लगा उसे धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि उसके पिता दिल्ली के गांधी नगर बाजार में सिलाई का काम करते थे। 2018 में वह पश्चिम बंगाल में वापस लौट गये थे। उसने परिवार में आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ दी और कपड़ा डिजाइनिंग कारखानों में काम करने लगा। 2016-17 के दौरान, वह अपराधियों के संपर्क में आया और ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देने लगा।






## दिल्ली विधानसभा चुनाव : सब्सिडी पर आरोप-प्रत्यारोप जारी

# भाजपा दिल्ली में फ्री बिजली, पानी का विरोध कर रही : केजरीवाल

**'आप ने भ्रष्टाचार में शामिल होने के बजाय लोगों को सुविधाएं दी'**


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को मुफ्त सुविधाएं देने की नीति की आलोचना करने के लिए भाजपा की निंदा करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने भ्रष्टाचार में शामिल होने के बजाय लोगों को सुविधाएं दी।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा दिल्ली में मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा, दवाएं और बस यात्रा की सुविधा का विरोध कर रही है। हमने दिल्ली के लोगों को ये सुविधाएं पैसे बचाकर दिए हैं जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि भाजपा दिल्ली में मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा, दवा, बस यात्रा का विरोध कर रही है। हमने भ्रष्टाचार का पैसा बचाकर अपनी दिल्ली के लोगों को ये सुविधाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मेरा भाजपा से सवाल है- क्या जनता का पैसा चोरी करना ठीक है या चोरी बंद करके उस पैसे से जनता को मुफ्त सुविधाएं देना ठीक है? उल्लेखनीय है कि आप दावा कर रही है कि भाजपा दिल्ली सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के खिलाफ है और अगर वह अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में जीतकर सत्ता में आती है तो इन नीतियों को बंद कर देगी।



### थीम सांग 'लगे रहो केजरीवाल' लांच



'लगे रहो केजरीवाल' का आडियो-वीडियो गीत न सिर्फ दिल्ली के लोगों की आवाज है, बल्कि यह अगले पांच साल तक दिल्ली का थीम सांग भी बनने जा रहा है। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह के साथ इस गीत को लांच करने के बाद उक्त बाते कही। इस दौरान सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार के पांच साल के कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को बताने की कोशिश की गई है। उप मुख्यमंत्री ने 'लगे रहो केजरीवाल डॉट कॉम' नाम से वेबसाइट भी लांच की। इस गाने को सुप्रसिद्ध संगीत निदेशक व गायक विशाल डडलानी ने अपनी धुन और संगीत देकर तैयार किया है।

### लाभार्थियों को 'मुफ्तखोर' बोलकर भाजपा ने किया अपमानः सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को पड़ने वाला प्रत्येक वोट निःशुल्क बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के खिलाफ होगा। सिसोदिया ने दावा किया कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की जन कल्याण नीतियों के लाभार्थियों को 'मुफ्तखोर' बोलकर भाजपा उनका अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा को दिल्ली के लोगों को मुफ्तखोर बोलने के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए। जनता की सेवा करना प्रत्येक सरकार का फर्ज है। हम यहां दिल्ली की अपनी जनता की सेवा करने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा निःशुल्क बिजली, पानी और महिलाओं के यातायात के खिलाफ है। एक पार्टी के तौर पर यह उनका एजेंडा हो सकता है लेकिन वे दिल्ली के उन लोगों का अपमान नहीं कर सकते जो जन कल्याण नीतियों के लाभार्थी हैं।

### आप-कांग्रेस के बीच मिलीभगत, दोनों पार्टियां कर सकती हैं गठबंधन : गोयल



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने शनिवार को आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच मिलीभगत है तथा दोनों दल आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन कर सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में आप के साथ गठबंधन की किसी संभावना को खारिज कर दिया है।

गोयल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आप और कांग्रेस, दोनों का भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर एक ही रवैया है तथा ये दोनों पार्टियां नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का विरोध कर रही हैं। राज्यसभा सदस्य गोयल ने कहा कि 2013 के विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ उनके पास 375 पृष्ठ के सबूत हैं, लेकिन सभी जानते हैं कि सत्ता में आने के बाद उन्होंने (केजरीवाल ने) क्या कार्रवाई की। गोयल ने कहा कि दिल्ली में, कांग्रेस और आप ने सीएए के मुद्दे पर दंगे भड़काए। दोनों दल दिल्ली के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस की दिल्ली इकाई प्रमुख सुभाष चोपड़ा ने विधानसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि उनकी पार्टी अपने दम पर 'स्पष्ट बहुमत' हासिल करेगी और दिल्ली में अगली सरकार बनाएगी।

## कार्यकर्ताओं की सलाह पर फैसला लेती है भाजपा : जावड़ेकर



■ भाजपा चुनाव समिति की पहली बैठक आयोजित

**नई दिल्ली।** भाजपा कार्यकर्ताओं की आवाज सुनती है, उनसे सलाह लेती है तभी कोई फैसला करती है। केंद्रीय मंत्री व दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर ने ये बाते शनिवार को विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा चुनाव समिति की पहली बैठक के दौरान कही। इस दौरान जावडेकर ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रमुख 50 कार्यकर्ता हैं यानी 70 विधानसभा क्षेत्रों में साढ़े 3 हजार कार्यकर्ताओं से वहां के पसंदीदा उम्मीदवार के नाम के सुझाव लिए गए, अब उन नामों पर विचार करने के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उनका चयन किया जाएगा। भाजपा को इस विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत मिलेगा और लंबे समय बाद भाजपा दिल्ली की सत्ता में वापसी कर रही है। सत्ता में न होते हुए भी दिल्ली में केंद्र ने विकास किया है। राजधानी के वोटरों से हम अपील करेंगे कि भाजपा के लिए वोट करें, ताकि नगर निगम, दिल्ली की सरकार और केंद्र मिलकर इसका विकास करें। बैठक में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली प्रभारी श्याम जाजू, दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी सहित अन्य चुनाव समिति पदाधिकारी मौजूद रहें।

### भाजपा का महिला विरोधी चेहरा बेनकाबः कांग्रेस

नई दिल्ली। हॉल ही में जारी हुई फिल्म छपाक का भाजपा द्वारा विरोध करने को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह कहते हुए निशाना साधा है कि बीजेपी महिला विरोधी है। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने कहा कि फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की फिल्म छपाक का भाजपा द्वारा बहिष्कार करना उनकी महिला विरोधी मानसिकता को जाहिर करता है। प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता मुकेश शर्मा ने शनिवार को प्रैसवार्ता के दौरान भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष चोपड़ा ने छपाक का विरोध करने पर भाजपा को कहा है कि महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। दिल्ली में हर रोज 4 नाबालिग बच्चियों से बलात्कार होना शर्मनाक है, गृहमंत्री को इसका जवाब जरूर देना चाहिए। लेकिन ऐसा ना कर गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली पुलिस का भगवाकरण करने में लगे है। शर्मा ने सवाल पूछा कि ब्लात्कारियों को सजा दिलाने के लिए दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने अभी तक फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन क्यों नहीं किया।

# घोषणा पत्र के साथ चुनाव के मैदान में उतरेगी जेजेपी

### दिल्ली में हुई बैठक के बाद पार्टी ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

करीब दो महीने पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ उभरी जननायक जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला लिया है। ये ऐलान शनिवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित हरियाणा स्टेट गेस्ट हाउस में हुई पार्टी की दिल्ली चुनाव समिति की बैठक के बाद किया। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी दिल्ली के प्रभारी दुष्यंत चौटाला ने पार्टी द्वारा गठित दिल्ली चुनाव समिति के साथ बैठक कर दिल्ली चुनाव पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और उसके बाद सभी की सहमति से पार्टी ने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जेजेपी बकायदा अपने घोषणा पत्र के साथ चुनाव लड़ेगी और इसके लिए हरियाणा विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र तैयार करने वाली कमेटी को ही जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उम्मीदवारों के चयन के लिए पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में जोन वाइज 5 अलग-अलग कमेटियां भी गठित की है। उम्मीदवारों के चयन के लिए बनाई गई कमेटियों में पहली कमेटी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हर्ष कुमार के नेतृत्व में फरीदाबाद जिले के पदाधिकारियों की टीम बनाई गई है जो फरीदाबाद जिले के साथ लगते दिल्ली के विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार ढूंढेगी। वहीं राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ. केसी बांगड़ के नेतृत्व में सोनीपत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर के नेतृत्व में गुरुग्राम, इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला के नेतृत्व में झज्जर-बादली, संगठन सचिव राजेंद्र लितानी के नेतृत्व में बहादुरगढ़ के साथ लगते दिल्ली के क्षेत्रों में उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। सभी कमेटियों में इन जिलों के पदाधिकारी भी विशेष तौर पर कार्य करेंगे। बैठक के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला ने कहा कि दिल्ली चुनाव के मैदान में जेजेपी गरीबों, मजदूरों, किसानों के हकों की लड़ाई लड़ते हुए मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। दिग्विजय ने कहा कि उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की साफ-सुथरी छवि और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत हमें जीत दिलाएगी। चुनाव के लिए बनाई गई समितियां अगले तीन दिनों में अपनी रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगी। इस बैठक में दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी, पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव केसी बांगड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंत राम तंवर, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश सहरावत, दिल्ली प्रदेश संयोजक डॉ. श्याम लाल, महिला प्रदेशाध्यक्ष शीला भ्याण, जननायक सेवादल के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश डागर, संगठन सचिव प्रदीप शौकीन, जयवीर गांधी, महावीर डबास, हेमचंद्र भट्ट, गोपाल मोर, लोकेश महलावत, सोनीपत, झज्जर, गुड़गांव और फरीदाबाद जिलों के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ नेता भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।



■ भाजपा के साथ गठबंधन की आस




### केंद्रीय मंत्री ने खुद किया अपनी पुस्तक का विमोचन

# पुस्तकें हमारे अंदर मानवीय गुणों का विकास करती हैं : निशंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व पुस्तक मेले में शुक्रवार को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की पुस्तक 'भारतीय संस्कृति का संवाहक इंडोनेशिया' का विमोचन हॉल नं 12 ए के प्रभात प्रकाशन के स्टाल पर किया गया। पुस्तक का विमोचन खुद केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किया।

पुस्तक मेले के महत्व को रेखांकित करते हुए निशंक ने कहा कि मेला मिल 'भारतीय संस्कृति का संवाहक इंडोनेशिया' पुस्तक में इंडोनेशिया-भारत की प्रगाढ़ मित्रता, सामरिक साझेदारी का पूर्ण उल्लेख है। इस मौके पर प्रभात प्रकाशन के निदेशक प्रभात कुमार ने कहा की मुझे खुशी है इस पुस्तक मेले के माध्यम से दो देशों की मित्रता को बढ़ावा मिलेगा साथ ही साथ यह पुस्तक विश्व शांति की स्थापना में भी योगदान देगी। इस मौके पर पियूष कुमार भी मौजूद रहे। वहीं इस वर्ष पुस्तक मेले में प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में टॉप टेन में इतिहास के 50 वायरल सच, एक टीचर की डायरी, अग्नि के उड़ान, आनंदमठ, सत्य के साथ मेरे प्रयोग, भारत का संविधान, रैपिड सामान्य ज्ञान की पुस्तकें रही।





### राजधानी में बारिश फिर बढ़ाएगी ठंड!

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर रविवार से सर्दियों वाली बारिश दस्तक दे सकती है, जिससे जहां प्रदूषण तो कम होगा लेकिन ठंड बढ़ जाएगी। मौसम विभाग की मानें तो 13-17 के बीच बारिश की उम्मीद है। दिल्ली में 13 जनवरी से फिर बारिश की संभावना बनी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दिल्ली में 15 और 16 जनवरी को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश की संभावना प्रबल है। मौसम करवट ले चुका है इसका असर शनिवार की बेहद सर्द रही सुबह ने अहसास करवा दिया। दिल्ली की सुबह का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत से दो डिग्री कम है। वहीं सुबह के समय कोहरे के चलते दूर दृश्यता 800 मीटर तक दर्ज हुई और आर्द्रता का स्तर 91 प्रतिशत दर्ज हुआ। जानकारी अनुसार शनिवार को दिन में तेज चटक धूप की वजह से लोगों ने राहत तो ली लेकिन वायु प्रदूषण अत्यंत खराब श्रेणी में पहुंच गया। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार सुबह 302 पर रिकॉर्ड किया गया। निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के रविवार सुबह दिल्ली में बादल छाए रहने के साथ साथ, राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में हल्की धुंध भी देखने को मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के उत्तरी पाकिस्तान के करीब आने के कारण, श्याम होते होते बादल और गहरा जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### ओघड़ समुदाय ने किया सीएए का समर्थन

**गुरुग्राम।** केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का कहीं विरोध हो रहा है तो कहीं इसके समर्थन में रैलियों आदि का आयोजन भी किया जा रहा है। देश के अधिकांश लोगों ने इस कानून का समर्थन भी किया है। साधु-संत समाज भी नागरिक संशोधन कानून का समर्थन कर रहा है। बाल योगी अलखनाथ ओघड़ ने प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस कानून के बन जाने से देश में और अधिक तरक्की होगी। विदेशी घुसपैठियों पर रोक लग सकेगी। बाल योगी का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा इस कानून को बनाए जाने से गत 100 वर्षों के उपरांत भारत भूमि अपनी गरिमा को फिर से विश्व के पटल पर पुनः स्थापित करेगी। ओघड़ समुदाय के प्रदेश व गुरुग्राम में रहने वाले साधु-संत इस कानून का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि वह देश को उन्नति के पथ पर अग्रसर करने के लिए प्रयासरत हैं। देशवासियों को उन्हें सहयोग करना चाहिए।

### बेनतीजा रही वार्ता, शिवम ऑटो के श्रमिक धरने पर

**गुरुग्राम।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित बिनौला स्थित शिवम ऑटो के श्रमिकों का विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। कंपनी प्रबंधन की श्रमिक विरोधी नीतियों को लेकर श्रमिकों ने कंपनी में कार्य बंद किया हुआ है। पिछले तीन दिनों से चौथे दिन भी कंपनी में उत्पादन ठप रहा। कंपनी के अंदर-बाहर श्रमिक धरने पर बैठे हुए हैं। कंपनी प्रबंधन श्रमिकों की एकता को तोड़ने के हरसंभव प्रयास कर रही है। श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव अनिल पंवार ने बताया कि बीती देर रात तक उप श्रमायुक्त दिनेश कुमार की उपस्थिति में कंपनी प्रबंधन व श्रमिक यूनियन के बीच वार्ता जारी रही, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। कंपनी के अधिकारियों का कहना था कि वे कंपनी के निदेशकों व उच्चाधिकारियों से बात कर किसी फैसले पर पहुंचेंगे। उनकी ओर से अभी कोई फाइनल निर्णय नहीं आया है। अनिल पंवार का कहना है कि शनिवार को भी श्रमिक अपनी मांगों को लेकर कंपनी के अंदर-बाहर धरने पर डटे रहे।

### 13वें मानव रचना कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज का उपायुक्त ने किया शुभारंभ



फरीदाबाद। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में 13वें कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज का आगाज हो गया है। पहला मैच आजतक और लॉयर्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बीच खेला गया। फरीदाबाद जिले के यशपाल यादव ने क्रिकेट चैलेंज का उद्घाटन किया। इस दौरान उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव रचना बेहतर मनुष्यों के निर्माण के लिए अग्रसर है। उन्होंने डॉ. ओपी भल्ला को याद करते हुए बताया कि वह उनके साथ बैडमिंटन खेला करते थे, वह खेलों में रूचि रखते थे इसी सोच के साथ उन्होंने कॉपारे्रट क्रिकेट चैलेंज की शुरुआत की थी।

### बगैर अनुमति के पेड़ काटने पर वन विभाग ने दर्ज कराई एफआईआर

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना अन्तर्गत ग्रीन फील्ड क्षेत्र में बगैर अनुमति के हरे पेड़ काटना एक कंपनी के कर्मचारियों को महंगा पड़ गया। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कर्मचारियों को पकड़कर उनके खिलाफ केस दर्ज करा दिया। अरावली क्षेत्र में अक्सर पेड़ कटाई की शिकायतें मिलती रहती हैं। शहर के पर्यावरण संरक्षक वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में वन विभाग को सूचना मिली कि ग्रीन फील्ड क्षेत्र में एक कंपनी के कर्मचारी 20 हरे पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग के रेंज ऑफिसर रविंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां कर्मचारी पेड़ों की कटाई कर रहे थे। वन विभाग के अधिकारियों ने पेड़ों की कटाई तुरंत रुकवाई।

## गौरव चंदेल हत्याकांड में पुलिस महकमे की लापरवाही उजागर

# मामले में थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी ▶▶| नोएडा

नोएडा के गौरव चंदेल हत्याकांड मामले में जांच के दौरान पुलिसकर्मियों की कथित लापरवाही सामने आई है, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया और एक अन्य को लाइन हाजिर किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मीडिया प्रभारी शिवांग शेखर ने बताया कि थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक, उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह तोमर, उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार और उप निरीक्षक मानसिंह समेत छह पुलिस वालों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। घटना की जांच रिपोर्ट में इन पुलिसकर्मियों की कथित लापरवाही की बात सामने आई थी। क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट के बाद पुलिस वालों पर कार्रवाई की गई है। गौरव चंदेल छह जनवरी को गुरुग्राम से ग्रेटर नोएडा में अपने घर लौट रहे थे। नोएडा के हिंडन नदी के पास परथला चौक पर अज्ञात बदमाशों ने उनके सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी और उनकी कार व लैपटॉप आदि लूट कर भाग गए। मेरठ क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) आलोक कुमार तथा मंडलायुक्त अनीता मेश्राम ने शुक्रवार को चंदेल के परिजनों से भेंट की, जहां चंदेल के परिवार वालों ने मामले में पुलिस की लापरवाही को लेकर शिकायत की।

मामले पर संज्ञान लेते हुए आईजी ने इस मामले की जांच ग्रेटर नोएडा के डीएसपी राजीव कुमार सिंह को सौंप दी। मीडिया प्रभारी ने बताया कि परिजनों का आरोप है कि घटना वाले दिन थाना बिसरख पुलिस ने सीमा विवाद के चलते उनकी रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उन्हें नोएडा के थाना फेस -3 में भेज दिया, जिसके कारण समय रहते चंदेल की तलाश नहीं हो पाई। परिजनों ने बताया कि अगली सुबह पांच बजे उन्हें चंदेल लहूलुहान अवस्था में परथला चौक के पास मिले और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।



**लोगों ने पुलिस-प्रशासन के प्रति रोष जताया**

**नोएडा।** गुरुग्राम की कंपनी के रीजनल मैनेजर की हत्या के बाद से लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों ने घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने हत्यारोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की और मृतक गौरव चंदेल को श्रद्धांजलि दी। लोगों ने इलाके की लचर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन के प्रति रोष जताया। उन्होंने गौरव चंदेल के परिवार को न्याय की मांग की। ग्रेटर नोएडा की कई सोसायटी में रहने वाले लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर अपना रोष जताया। कैंडल मार्च के लिए बड़ी संख्या में लोग सिटी प्लाजा के पास एकत्र हुए। इसमें गौरव के परिजन भी शामिल थे। गौरव चंदेल के लिए न्याय की मांग के नारे लगाते हुए लोग हाथों में कैंडल लिए हुए थे।

## अरूण का हत्यारोपी गिरफ्तार

# महज ढाई सौ रुपये और अभद्र टिप्पणी करने पर हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

- पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी, तमंचा व कार बरामद

मोदीनगर के खंजरपुर गांव में पिछले वर्ष 18 दिसंबर को अरूण नामक युवक की हुई हत्या की गुत्थी सुलझाने का दावा शनिवार को पुलिस ने किया है। यह हत्या मात्र ढाई सौ रुपये के तकादे व आरोपी की बीमार मां को लेकर अशोभनीय फब्तियां कसने के कारण की गई है।

पुलिस अधीक्षक देहात नीरज जादौन ने शनिवार की शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस मामले में मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव खंजरपुर निवासी जितेंद्र को गिरफ्तार किया है।

उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा व एक कार को भी बरामद कर लिया गया है। इस हत्या में शामिल उसका दूसरा साथी जोनी उर्फ आकाश पुलिस पकड़ से बाहर है।

हत्या के कारण के बारे में नीरज जादौन ने बताया कि कुछ समय पहले जितेंद्र ने अरूण की दुकान से ढाई सौ रुपये का कुछ सामान खरीदा था।

घर में मां की बीमारी के कारण उसकी माली हालत काफी गड़बड़ा गई थी,जिसके चलते अरूण अक्सर आते- जाते जितेंद्र पर तकादा करता था साथ ही उसे ताने मारकर जलील करता था। साथ ही कई बार उसने बीमार मां के प्रति भी अशोभनीय टिप्पणी की थी। जिससे वह काफी आहत हो गया था और उसने अपने साथी आकाश के साथ मिलकर अरूण की हत्या करने का प्लान बना लिया और एक तमंचा लेकर उसे उसी की दुकान पर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

## जीजा के साथ घूमने गए युवक की हत्या

### गुरुग्राम के नाले से शव बरामद

**गुरुग्राम/गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र के गांव पसोंड़ा से अपने साथियों के साथ चार दिन पहले रिश्तेदारों के यहां घूमने गए एक युवक का शव गुरुग्राम हरियाणा से बरामद हुआ है। शव से करीब 19 किलोमीटर आगे उसकी ऑडी कार बरामद हुई है। शनिवार को जैसे ही इसकी खबर परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया।

परिजनों के अनुसार अरशद उर्फ आशु पुत्र सादिक निवासी पसोंड़ा सात जनवरी को अपने जीजा के दोस्तों के साथ ऑडी कार से हरियाणा में रहने वाले रिश्तेदारों के यहां घूमने के लिए गया था। बाकी लोग तो घर वापस आ गए लेकिन अरशद नहीं आया था। अरशद की मौत की सूचना शनिवार को गुरुग्राम पुलिस से मिली।

लावारिस हालत में मिली ऑडी कार का शीशा तोड़कर पुलिस ने कार के अंदर से मिले कागजातों के आधार पर परिवार वालों को फोन किया था। जब परिवार वाले वहां पहुंचे तो उन्होंने बताया कि कार उन्हीं की है तथा अशरद लापता है जो सात जनवरी को अपने जीजा तथा अन्य लोगों के साथ कार लेकर घर से निकला था। पुलिस ने परिवार वालों को एक अज्ञात शव दिखाया जो गुड़गांव के एक नाले से बरामद हुआ था। जिसकी पहचान परिवार वालों ने अरशद उर्फ आशु के तौर पर की ।

परिवार वालों का आरोप है आशु के साथ जो लोग गए थे संभवत उन्होंने ही आशू की हत्या की है।

## नोएडा में दस मोरों के शव बरामद, एक शिकारी गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶| नोएडा

उत्तर प्रदेश के जनपद गौतम बुध नगर के थाना रबूपुरा क्षेत्र के गांव आच्छेपुर में शिकारियों ने करीब एक दर्जन मोर को गला दबा कर मार दिया है। वन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

राष्ट्रीय पक्षी को मारने वालों में से एक शिकारी को ग्रामीणों ने मौके पर दबोच लिया और घटना की सूचना पाकर पुलिस एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है तथा मृत मोरों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला वन अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने बताया कि थाना रबूपुरा क्षेत्र के गांव आच्छेपुर में शनिवार तड़के कुछ शिकारी मोर मोरनियों का शिकार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह लोग मोर- मोरनियों को पकड़कर उनका गला दबाकर, उनकी हत्या कर रहे थे ।

## गुर्जर ने लाभार्थियों को सहायक उपकरण बांटे



**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शनिवार को फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित परेड मैदान में आयोजित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशाल निःशुल्क आधुनिक सहायक उपकरण वितरण शिविर समारोह में भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्ट्रीय व्योश्री योजना व भारतीय रेलवे वित्त निगम समिति की सीएसआर योजना के अंतर्गत जिला पलवल व फरीदाबाद के लगभग 2685 पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग तीन करोड़ 35 लाख 49 हजार रुपये की लागत के 6636 आधुनिक सहायक यंत्र एवं उपकरण वितरित किए।

## एक्सपो से हमें व्यापार को समझने का मौका मिलता है: मूलचंद शर्मा



**फरीदाबाद।** तीन दिवसीय दिवसीय इंडसटेक इंडस्ट्रियल एक्सपो के दूसरे दिन प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़ ने अवलोकन किया। इस अवसर पर मंत्री मूलचंद शर्मा एवं अजय गौड़ ने प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

एक्सपो का अवलोकन करने के बाद परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें व्यापार को समझने का मौका मिलता है। हमारा फरीदाबाद एक औद्योगिक शहर है, पूरे एशिया में इसके औद्योगिक नगरी के रूप में पहचाना जाता है। हमारे शहर में सुई से लेकर हवाई जहाज तक के पुर्जे बनाने का काम किया जाता है।

## ग्राम सभा की दो सौ करोड़ की जमीन में फर्जीवाड़ा

**गाजियाबाद।** मसूरी-डासना फलाईओवर के नजदीक ग्राम सभा की लगभग 4.438 हैक्टेयर भूमि को गलत ढंग से आबादी में दर्ज करने के मामले में जिला प्रशासन ने दो तत्कालीन तहसीलदारों को दोषी ठहराते हुए उनके खिलाफ पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आदेश जारी किए हैं।

- बंजर जमीन को आबादी में दर्ज करने वाले दो तत्कालीन तहसीलदारों के खिलाफ एफआईआर

जिला प्रशासन ने यह आदेश शनिवार को जारी किए हैं। जिला प्रशासन ने इस जमीन का बाजारी मूल्य करीब दो सौ करोड़ रुपये आंका है। जिला प्रशासन ने इस जमीन पर कब्जा लेकर जन सामान्य सूचना का बोर्ड लगा दिया है। साथ ही जिला प्रशासन मंडलायुक्त, राजस्व परिषद एवं उच्च न्यायालय में केविएट भी दाखिल कर दिया है। ताकि यदि कोई गुपचुप तरीके से इस सिलसिले में कोर्ट से कोई स्थगन आदेश लेने का प्रयास करेगा तो कोर्ट प्रशासन का पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित नहीं करेगा।

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने शनिवार की शाम को बताया कि कुछ लोगों ने मसूरी के खसरा संख्या 679 रकबा 4.438 हैक्टेयर जमीन को वर्ष खतौनी 1359 फसली में उसर भूमि को दरकिनार कर उसमें आबादी दर्ज करा ली थी।

## सड़क हादसे में घायल महिला की मौत, परिजनों ने लगाया जाम



**फरीदाबाद।** सड़क दुर्घटना में घायल एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला के परिजन ने शनिवार शाम को हार्डवेयर चौक के समीप रोड पर शव रख कर जाम लगा दिया। महिला के परिजन कंपनी मालिक से मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया व उन्हें उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर वहां से हटने के लिए तैयार हुए।

महिल के पति ने बताया कि वह खगड़िया बिहार के रहने वाले हैं। उसकी 40 वर्षीय पत्नी रीना एक वर्कशॉप में काम करती थी। वर्कशॉप मालिक उसे गुरुवार को भांखरी भेज रहा था। इसी दौरान 17 नंबर चुंगी के समीप तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर चालक ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रीना समेत मोटर साइकिल चला रहा मुकेश भी घायल हो गया। महिला के ऊपर से ट्रैक्टर गुजर जाने से उसकी हालत गंभीर हो गई।

### वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**फरीदाबाद।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार करते समय सीकरी निवासी भगवती देवी पत्नी स्व. शिवचरण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।

## जल्द पूरी होंगी किसानों की मांगें : नयनपाल



**फरीदाबाद।** गांव चंदावली में पिछले दो सालों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे आईएमटी के पांच गांवों चंदावली, मच्छगर, मुजेड़ी, सोतई व नवादा के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशों के बाद अब किसानों को उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। शनिवार को विधायक नयनपाल रावत ने आईएमटी के अधिकारियों और किसानों के साथ बैठक करके कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए सहमति बनाई है। किसान भी अब मान रहे है कि मुख्यमंत्री धरने पर बैठे किसानों को लेकर गंभीर है।

गौरतलब है कि पिछले दो सालों से चंदावली स्थित आईएमटी के पांच गांव के सैकड़ों किसान अपनी कुछ मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं लेकिन उनका कोई समाधान नहीं हो पाया था।

## न्यूज डायरी

### फर्जी कंपनी बनाकर लोगों के करोड़ों रुपये हड़पे

**फरीदाबाद।** फर्जी कंपनी बनाकर 100 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। लोगों को बताया गया था कि कंपनी ऑनलाइन बिजनेस करती है। साथ ही उन्हें हर महीने मोटे मुनाफे का भी लालच दिया गया। 97 लोगों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने 10 नामजद लोगों के खिलाफ हरियाणा प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट ऑफ डिपोजिटर्स इन फाइनेंशियल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट व धोखाधाड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नामजदों में सेक्टर.28 निवासी आशुतोष सिंह, रंजीत सिंह, उमेश सिंह, कुंदन, प्रियंका, पूनम, अर्चना, श्यामजीत यादव, रमेश वर्मा, शिवकुमार के नाम शामिल हैं। इस मामले का मुख्य आरोपी आशुतोष सिंह है, बाकी उसके रिश्तेदार हैं या उसके साथ काम करने वाले लोग हैं।

### गैंगरेप का एक आरोपी गिरफ्तार

**हथीन।** हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी जमील ने बताया कि गिरफ्तार युवक सुरेन्द्र को बस अड्डा हथीन के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके साथ इस अपराध में गांव जनाचौली निवासी जितेंद्र भी शामिल रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि उक्त घटना पिछले वर्ष 18 सितंबर को घटी और 19 सितंबर को मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद चार महीने तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। इस बीच पीड़िता के पिता का भी निधन हो गया। लोगों ने पुलिस के रवैये के विरोध में दो बार जाम लगाया। इसके बाद पुलिस की आंख खुली और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### डंपर की चपेट में आने से हुई महिला की मौत

**हथीन।** समीपवर्ती गांव मिंडकोला में डंपर की चपेट में आ जाने से एक महिला की मौत हो गई है। जांच अधिकारी फतेह सिंह ने बताया मृतका की पहचान लक्ष्मी पत्नी पदम सिंह के रूप में हुई है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**हथीन।** हथीन थाना पुलिस ने अंधरोला निवासी इसराइल की विवाहिता पुत्री मिसकीना की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसके पिता ने उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी में अपनी हैसियत से बढकर दहेज दिया था। लेकिन उसके ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। और शादी के पश्चात से ही उसे ताने दिए जाते रहे और दहेज की मांग करते हैं । दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट भी की जाती रही है उसका आरोप है कि ससुराल जनों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस संदर्भ में उसके ससुराल घासेड़ा निवासी हबीब पुत्र सुलेमान के खिलाफ 498 एए 406ए 506 एऔर 323 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

### नवोदय परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न

**हथीन।** शनिवार को हथीन के दोनों परीक्षा केंद्रों पर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हो गई। खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल गर्ग ने बताया कि कुल 829 छात्रों में से 578 छात्रों ने परीक्षा दी तथा 251 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

### व्यापारी पर ईंट से हमला कर 20 हजार लूटे

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ शहर में शुक्रवार रात को बदमाशों ने एक और व्यापारी को निशाना बनाते हुए उस पर ईंट से हमला कर बैग छीनने का प्रयास किया, मगर वह बैग छीनने में कामयाब नहीं हो सके। जिस पर व्यापारी की जेब में रखे 20 हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

### टक्कर मारकर दूसरी कार को किया क्षतिग्रस्त

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ शहर के आर्य नगर से निकलकर अपने घर सेक्टर-2 जा रहे युवक की कार को आंबेडकर चौक के निकट दूसरी कार ने टक्कर मार दी। जिससे पीड़ित युवक की कार क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि आरोपित कार के ड्राइवर ने शराब पी हुई थी। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंसल ने थामा जजपा का दामन

**फरीदाबाद।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के बल्लभगढ़ हल्का अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी ललित बंसल ने शनिवार को अपने समर्थकों सहित जननायक जनता पार्टी का दामन थाम लिया। बंसल ने चौधरी अजय सिंह चौटाला की विचारधारा को अपनाते हुए पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। दिल्ली स्थित फार्म हाउस पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर तेवतिया के नेतृत्व में चौधरी अजय सिंह चौटाला ने ललित बंसल व उनके समर्थकों को जजपा में शामिल किया।

## एनजीटी के पूर्व अध्यक्ष आदर्श कुमार बोले

# कूड़ा निस्तारण को सस्ते व प्रभावी मॉडल विकसित करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस आदर्श कुमार गोयल ने कहा कि देश में ठोस व तरल कूड़ा निस्तारण के लिए सस्ते और सतत मॉडल विकसित करने की आवश्यकता है, जिसमें आम नागरिकों, एनजीओ, संस्थाओं व सरकारी अधिकारियों सभी को शामिल किया जाए। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां पर्यावरण विषय पर आयोजित दो दिवसीय रीजनल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त जीवन के अधिकार के अंतर्गत स्वच्छ पर्यावरण नागरिकों का मौलिक अधिकार है और राज्य इस अधिकार को प्रदान करना सुनिश्चित करे। जस्टिस गोयल ने राज्य से अपने अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसमें केवल सरकारी अधिकारी ही नही बल्कि हम सभी नागरिक आते हैं।




### एनजीटी ने दिल्ली में 1200 जल स्त्रोतों का नवीनीकरण किया: एसपी गर्ग

दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस एसपी गर्ग ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का सबसे बड़ा उद्देश्य प्रदूषण नियंत्रण व कचरा प्रबंधन है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विधि द्वारा स्थापित एक ऐसी संस्था की जरूरत है, जिसका प्रदूषण फैलाने वालों में एक भय हो। उन्होंने कहा कि एनजीटी ने दिल्ली में 1200 जल स्त्रोतों का नवीनीकरण का निर्णय लिया। इनमें से काफी पर अतिक्रमण हो चुका था और काफी तालाब प्रदूषित पड़े थे। दिल्ली जल बोर्ड ने सबसे पहले 155 तालाबों के नवीनीकरण का प्रस्ताव तैयार किया है। आईआईटी दिल्ली को इसमें कंसलटेंसी एजेंसी नियुक्त किया। यह बड़ी खुशी की बात है कि हमने 91 जल स्त्रोतों को रिवाइज कर दिया है और 95 अन्य जलस्त्रोतों को सितंबर 2020 तक रिवाइज कर देंगे। स्कूल-कॉलेजों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम शुरू करवाए और शोधित जल को बागवानी में प्रयोग कर कुछ नए कदम उठाए गए।

### प्रदूषण कम करने की दिशा में गुरुग्राम हो रोल मॉडल: प्रीतम

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा घग्गर नदी एवं ठोस कचरा प्रबंधन के लिए गठित कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस (सेवानिवृत) प्रीतमपाल सिंह ने कहा कि अगले 30 दिन के बाद हरियाणा से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग तथा रेल पटरियों के साथ गंदगी नहीं दिखाई देगी, उन्होंने इसका आह्वान पूरे प्रदेशवासियों से किया था। इसका उल्लेख करते हुए आशा जताई कि हरियाणावासी इसे जरूर पूरा करेंगे। चूंकि यह कॉन्फ्रेंस गुरुग्राम में आयोजित हो रही है इसलिए पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण कम करने की दिशा में गुरुग्राम तथा हरियाणा को मॉडल के रूप में बनकर उभरना चाहिए, ताकि यह राज्य दूसरो के लिए अनुकरणीय बन सके। जस्टिस प्रीतमपाल ने अपने संबोधन में कहा था कि एक महीने के उपरांत जिस भी जिले में हाईवे तथा रेल पटरियों के साथ सफाई का सराहनीय कार्य पाया जाएगा उस जिले के अधिकारियों को सम्मानित करने की अनुशंसा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में पुस्तकालयों की हालत दयनीयः संघ

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुस्तकालय संघ की और से प्रदेश के विद्यालयों और महाविद्यालयों में पुस्तकालयों में स्टाफ का टोटा पड़ने पर चिंता जाहिर की है। इतना ही नहीं इस दिशा में ठोस कदम उठाने और इनकी हालत में सुधार की मांग की है। प्रदेश के सीएम और आला अफसरों को इस संबंध में पत्र भी लिखा है। डा. बलेश का कहना है कि बिना किसी तरह की ट्रेनिंग वाला स्टाफ भी भी लोगों के लिए समस्या बना हुआ है। पुस्तकालय से संबंधित पदों जैसे की पुस्तकालयाध्यक्ष, कनिष्ठ व सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, रीस्टोरर के पदों पर कई दशकों से कोई सीधी भर्ती नहीं हुई है, जिसके कारण पुस्तकालयों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

### दिल्ली-रोहतक ट्रैक पर आज 3 घंटे का मेगा ब्लॉक

बहादुरगढ़। दिल्ली-रोहतक रेलवे ट्रैक पर रविवार को तीन घंटे का मेगा ब्लॉक रहेगा। मेगा ब्लॉक सुबह साढ़े 9 बजे से लेकर साढ़े 12 बजे तक रहेगा। इस वजह से इस रूट की पांच प्रमुख गाड़ियां रद्द रहेंगी। हालांकि रविवार होने के चलते अधिकांश लोग अवकाश पर होंगे, लेकिन फिर भी कुछ यात्रियों को जरूर परेशानी उठानी पड़ेगी। बता दें कि दिल्ली में नांगलोई से घेवरा के बीच करीब ढाई किलोमीटर में तीन घंटे का मेगा ब्लॉक होने की वजह से दिल्ली-रोहतक के बीच चलने वाली पांच ट्रेनें रद्द रहेंगी। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एसएसई प्रेम शर्मा ने बताया कि बहादुरगढ़-रोहतक रेलवे ट्रैक पर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक मेगा ब्लाक रहा। इससे दिल्ली-रोहतक के बीच में चलने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 64911, दिल्ली से रोहतक आने वाली 64915, ट्रेन संख्या 64941, दिल्ली से जींद जाने वाली ट्रेन संख्या 54031, बरेली एक्सप्रेस रद्द रहेंगी। रविवार को ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ेगी।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति घोटाले में दो विश्वविद्यालय विजिलेंस के राडार पर

## 10 जिलों में चल रही जांच बाकि 12 जिलों में भी खंगाला जाएगा रिकॉर्ड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पोस्ट मैट्रिक स्कीम में विजिलेंस की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। जिसमें पांच आरोपितों को अभी तक गिरफ्तार किया जा चुका है, अभी तक विजिलेंस दस जिलों में मामले दर्ज कर धीरे धीरे जांच का दायरा बढ़ाती जा रही है। अभी भी पूरे मामले में 12 जिलों में पड़ताल का काम बाकी है, इस बीच विजिलेंस अफसरों ने साफ कर दिया है कि अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़ा वर्ग के बच्चों के नाम पर छात्रवृत्ति स्कीम का पैसा हड़प कर जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विजिलेंस जांच में कैथल की नीलम यूनिवर्सिटी, ओपीजीएस यूनिवर्सिटी यमुनानगर भी जांच के दायरे में हैं। एसपी विजिलेंस मनवीर सिंह ने शनिवार को अपने आफिस में एक पत्रकार सम्मेलन के दौरान इस बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पूरे मामले में लगभग 50 करोड़ का घोटाला हुआ था। जिसमें वर्ष 2016-17 और 17, 18 तीन साल का मामला है। एसपी ने बताया कि इस बारे में विजिलेंस के थानों में केस दर्ज किए गए हैं। जिसमें रोहतक में मुकदमा नंबर चार 30 जुलाई 2019 में धारा 218, 409. 420, 466, 467, 468 व 471, व 120 बी के तहत मामला है। इसी तरह से पंचकूला में 10 सितंबर 2019 में मामला जबकि पंचकूला में ही दूसरा मुकदमा और चौथा मामला हिसार में 18 दिसंबर 2019 को दर्ज किया गया है।



**चंडीगढ़।** पत्रकारों को जानकारी देते विजिलेंस एसपी मनवीर सिंह।

**विजिलेंस की सख्तीः** अंबाला में विजिलेंस ने कैथल की नीलम यूनि. के संबंध में छात्रवृत्ति घोटाले को लेकर मामला दर्ज किया हुआ है। जिसमें भी सात आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। एसपी ने बताय के इस मामले में भी जांच का काम जारी है। राहुल नाम का आरोपित रोहतक आय़कर विभाग में बतौर लिपिक तैनात था। लेकिन इस घोटाले में शामिल था, विजिलेंस उससे भी नेटवर्क और घोटाले को लेकर लंबी पूछताछ कर चुकी है।

विजिलेंस एसपी ने बताया कि तीन हिसार, रोहतक, पंचकूला में दर्ज मामलों में सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, यमुनानगर, पंचकूला, रोहतक, सोनीपत, झज्जर, दादरी जिलों में घोटाले हुए हैं। इन मामलों में पंचकूला मंडल (विजिलेंस) की बात करें-89,61372 जबकि रोहतक मंडल में 23,06,92,273 इसी तरह से हिसार मंडल में 21,35,28.735 की राशि इस तरह से कुल राशि 45,31823498 का घोटाला हुआ है। इन मंडलों में अभी तक पांच आरोपित राजेंद्र सिंह सांगवान तत्कालीन उपनिदेशक निवासी पानीपत और सुरेंद्र कुमार लिपिक जिला कार्यालय सोनीपत, राहुल पुत्र सुभाषचंद रोहतक, गुरदेव कौर व उसकी बेटी कुमारी रीतिक सिंह यमुनानगर, जो फिलहाल डेराबस्सी में रह रहीं हैं। आरोपितों में तीन लोगों का इस समय रिमांड चल रहा है। आरोपित महिला ने कहा कि वो यमुनानगर में एक एनजीओ चलाती थी।उस दौरान उसके पास में गाजियाबाद का रहने वाला चौधरी नौकरी करता था, उक्त कर्मी ने बताया था कि राहुल रोहतक ने एसी, बीसी एसटी बच्चों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि को लेकर कोर्स चल सकता है। इसी तरह से जोगेंद्र सिंह दलाल, मालिक ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से मिलकर एसी के छात्रों के दाखिले कराकर छात्रवृत्ति की राशि सरकार से प्राप्त की जा सकती है। इस तरह से मयंक और ुसके पास नौकरी करने वाले मुकेश, रीटा ने एसी छात्रों से संपर्क साधा था। जिसके बाद में अलग अलग कोर्सों में दाखिला ओपीजेएस विवि व चुरू रास्थान में करा दिया गया।छात्रों के दो-दो खाते अलग अलग बैंक में खुलवाए गए थे। महिला आरोपित और उसकी बेटी का रिमांड लेकर पूछताछ चल रही है।

### तीन सौ छात्रों के बयान दर्ज

विजिलेंस ने अभी तक तीन सौ से ज्यादा विद्यार्थियों के बयान दर्ज कर लिए हैं। जांच का दायरा लगातार आगे बढ़ रहा है, एससी एसटी और बैकवर्ड को पेंशन देने वाले विभाग के जिला और प्रदेश मुख्यालय तक के अधिकारी इस खेल में शामिल हैं. एसपी विजिलेंस ने साफ कर दिया कि आने वाले वक्त में कुछ अफसरों, कर्मियों की गिरफ्तारी होने बाकी है।

# रिटायर्ड असिस्टेंट कमिश्नर के घर से गहने और कैश चोरी

- जालंधर के जीटीबी नगर में कस्टम एंड एक्साइज डिपार्टमेंट के रिटायर्ड असिस्टेंट कमिश्नर एसके सचदेवा के घर हुई वारदात
- थाना डिवीजन-6 की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम भी पहुंची जांच के लिए

एजेंसी ▶▶ जालंधर

जालंधर में शनिवार को चोरी की वारदात सामने आई है। यह वारदात कस्टम एंड एक्साइज डिपार्टमेंट के रिटायर्ड असिस्टेंट कमिश्नर के घर की है। पता चला है कि परिवार एक शादी समारोह में गया हुआ था। पीछे से शुक्रवार रात चोर यहां घुस आए। शनिवार को चोरी की वारदात की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक घर से नकदी और गहने चोरी किए गए हैं, वहीं मौके से मिले सबूतों को देखकर लगता है कि चोरी की वारदात से पहले या बाद में यहां घर में मौजूद महंगी शराब भी पी। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। हालांकि वारदात वाले घर में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के चलते चोरों की पहचान में पुलिस को खासी दिक्कत आ सकती है। मिली जानकारी के अनुसार जीटीबी नगर में रहने वाले कस्टम एंड एक्साइज डिमार्टमेंट के रिटायर्ड असिस्टेंट कमिश्नर एसके सचदेवा और उनके परिवार के लोग जयपुर में रिश्तेदार के घर शादी में गए थे। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने घर के ताले टूटे हुए देखे तो परिवार को फोन के माध्यम सूचना दी। एसके सचदेवा के परिवार की तरफ से सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की तो घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। जिस अलमारी में गहने व कैश रखा था, उसका लॉकर भी तोड़ दिया गया था। अलमारी से चोर कैश व गहने अपने साथ ले गए थे। माना जा रहा है कि चोरी घर की दीवार फांदकर अंदर घुसे थे। चोरों से घर में कैश व ज्वैलरी की तलाश कर रहे थे तो उनकी नजर अलमारी में रखी महंगी शराब पर पड़ी। घर के अंदर बिखरे सामान के पास शराब की खाली बोतल और गिलास व खाने-पीने का सामान भी पड़ा हुआ था। घर में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा हुआ था। जीटीबी नगर वेलफेयर सोसायटी के प्रधान साहिल भाटिया ने पुलिस से मामला दर्ज करने की मांग की है। मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम पहुंची और फिंगरप्रिंट ले लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पंजाबः 3 दुकानों के शटर तोड़े, लाखों रुपए की नकदी और सामान चुराया

**लुधियाना।** लुधियाना जिले के कस्बा जगराओं में शुक्रवार रात चोरों ने तीन बड़ी दुकानों के शटर तोड़े। यहां से लाखों रुपए की नकदी अन्य सामान चोरी किया गया है। शनिवार सुबह दुकानदारों को पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर डीएसपी गुरदीप सिंह कौशल अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय कमल चौक के नजदीक सेठी प्लाईवुड की दुकान के शटर तोड़कर चोरों ने डेढ़ लाख के करीब नकदी चुरा ली। दुकान के अंदर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे खराब होने के कारण चोरों के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। स्थानीय तहसील रोड पर गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी गर्ल्स स्कूल के सामने रनवे इमीग्रेशन की दुकान तो शटर ही उखाड़ दिया गया है। इस दुकान के मालिक बलदेव सिंह ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है और चोरों की तलाश में जुट गई है। वहीं तीसरी चोरी तहसील रोड पर पहलवान ढाबे के सामने सुपर सैनिटरी स्टोर में हुई है। चोरों ने इस दुकान भी शटर तोड़ डाला। बस अड्डा पुलिस चौकी के प्रभारी हीरा सिंह के अनुसार सुपर सैनिटरी स्टोर से बड़ी चोरी नहीं हुई है, इसलिए दुकानदार ने मामला दर्ज नहीं करवाया है। पुलिस कार्रवाई से भी इनकार कर दिया है। जगराओं में रात के समय हुई इन चोरियों को लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इन चोरियों का पता लगाने के लिए डॉग स्कवायड व फगिर एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है।

## परीक्षा में 62 नकल के मामले दर्ज, दो सुपरवाइज़र रिलीव

**भिवानी।** प्रदेशभर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित डीएलएड (रि-अपीयर) जनवरी-2020 की परीक्षा में आज (शनिवार) को डीएलएड प्रथम प्रवेश वर्ष-2017 (रि-अपीयर), डीएलएड प्रथम प्रवेश वर्ष-2018 (रि-अपीयर) एवं द्वितीय प्रवेश वर्ष-2017 (रि-अपीयर) परीक्षा में नकल के कुल 62 मामले दर्ज किये गए हैं तथा ड्यूटी में कौताही बरतने के कारण जिला प्रश्न पत्र उड़नदस्ते द्वारा 02 सुपरवाइज़र को रिलीव किया गया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि स्वयं के उड़नदस्तें द्वारा जिला रोहतक के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ परीक्षाएं शांतिपूर्वक चल रही थी। नकल पर नकेल कसने के लिए बोर्ड अध्यक्ष के स्पेशल उड़नदस्तों द्वारा प्रदेशभर के सभी परीक्षा केंद्रों का दौरा किया गया, जिनमें केंद्रों पर नकल के 50 मामले दर्ज किए गए। जिला प्रश्न-पत्र उड़नदस्तों द्वारा नकल के कुल 11 मामले दर्ज किए गये तथा परीक्षा केन्द्र रावमावि झज्जर-6 (बी-1) पर नियुक्त पर्यवेक्षक द्वारा अनुचित साधन का 01 मामला दर्ज किया गया। डॉ. सिहं ने बताया कि ड्यूटी में कौताही बरतने के कारण जिला प्रश्न पत्र उड़नदस्ते द्वारा रोहतक के परीक्षा केंद्र वैश्य वमावि, रोहतक-24 (बी-1) पर नियुक्त पर्यवेक्षक श्रीराम निवास, पीटीआई, रावमावि आंवल एवं अजीत सिहं, प्राईमरी अध्यापक, रावमावि आंवल को कार्यभार मुक्त किया गया।

## एक किलो 35 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जींद।** एसटीएफ रोहतक की टीम ने शनिवार शाम को गांव झांझ कलां के निकट गाड़ी सवार एक व्यक्ति से लगभग एक किलो 35 ग्राम हेरोइन बरामद की है। हेरोइन को तस्करी कर नरवाना इलाके में ले जाया जा रहा था। हेरोइन समेत गाड़ी को कब्जे में ले सदर थाना पुलिस तस्कर से पूछताछ कर रही है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ रोहतक को सूचना मिली थी कि गाड़ी में हेरोइन तस्करी कर नरवाना की तरफ ले जाई जा रही है। जिसके आधार पर एसटीएफ के एएसआई रणबीर के नेतृत्व में टीम ने गांव झांझ कलां के निकट आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरु कर दी। उसी दौरान पुलिस कर्मियों ने गाड़ी को रूकवा कर उसकी तलाशी ली तो उसमे एक किलो 35 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में गाड़ी चालक की पहचान गांव खरल निवासी बलिंद्र के रूप में हुई। फिलहाल सदर थाना पुलिस बलिंद्र से पूछताछ कर रही है कि हेरोइन को कहां से तस्करी कर लाया गया था ओर इसे कहां पर सप्लाई किया जाना था। सदर थाना के कार्यवाहक प्रभारी देवीलाल ने बताया कि एसटीएफ रोहतक ने हेरोइन के साथ तस्कर को पकड़ा है।

# अमृतसर से मोहाली आए एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के जेई की संदिग्ध हालत में मौत

- गुरकिरत सिंह का शव सेक्टर-69 स्थित पंजाब नर्सिंग काउंसिल के वॉशरूम में मिला
- गुरकिरत एक क्विंटल से ज्यादा वजनदार था, साइलेंट मौत का शिकार होने की आशंका

एजेंसी ▶▶ मोहाली

मोहाली. अमृतसर स्थित एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में जेई के पद पर तैनात 26 साल के गुरकिरत सिंह का शव सेक्टर-69 स्थित पंजाब नर्सिंग काउंसिल ऑफिस के वॉशरूम में मिला। उसके साथ आए दो दोस्त काफी देर से उसके मोबाइल पर कॉल कर रहे थे, लेकिन फोन स्विच ऑफ था। कोई स्टूडेंट्स वॉशरूम गया तो वहां दरवाजा अंदर से बंद था और जैसे ही स्टूडेंट ने दरवाजे को धक्का मारा तो अंदर गुरकिरत गिरा हुआ था। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के असल कारण क्या है, यह जानने के लिए बिसरा फॉरेंसिक लैब भेजा है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। आईओ एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि जेई गुरकिरत दो दोस्तों के साथ अमृतसर से मोहाली आया था। उनका सेक्टर-69 स्थित पंजाब नर्सिंग काउंसिल में कोई काम था। इस दौरान वे कैंटीन में चले गए और चाय पीने लगे। तभी गुरकिरत के मोबाइल पर किसी की कॉल आई और बात करते-करते वह वॉशरूम की तरफ चला गया। इधर, उसके दोस्तों ने चाय पीकर खत्म कर ली और गुरकिरत के लौटने का इंतजार कर रहे थे। काफी इंतजार करने के बाद जब गुरकिरत वापस नहीं आया तो वे मोबाइल पर कॉल करने लगे लेकिन उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। तभी नर्सिंग ऑफिस में आया कोई स्टूडेंट वॉशरूम गया और जैसे ही उसने बंद दरवाजे को खोलने के लिए धक्का लगाया तभी उसने देखा कि वहां पर एक युवक नीचे गिरा है। उसने शोर मचाया तो आसपास के अन्य स्टूडेंट्स व स्टॉफ भी पहुंच गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पंहुची पीसीआर पार्टी तुरंत अचेत जेई को साथ के प्राइवेट अस्पताल ले गई।

## मौड़ मंडी बम ब्लास्ट पुलिस ने आरोपियों के फोटो जारी किए

**मौड़ मंडी।** मौड़ मंडी बम ब्लास्ट मामले की जांच के लिए गठित नई एसआईटी ने 30 जनवरी को मामले से संबंधित हाईकोर्ट में दी जाने वाली स्टेटस रिपोर्ट से 20 दिन पहले शुक्रवार को पुलिस ने ब्लास्ट मामले में नामजद आरोपियों के इश्तिहार जारी किए हैं। इसके मुताबिक अगर किसी को आरोपियों का सुराग मिलता है तो इसकी पुलिस को जानकारी दी जाए। गौर हो कि कोर्ट द्वारा उक्त आरोपियों को भगोड़ा करार देते हुए नामजद आरोपियों के 19 अक्टूबर 2018 को भी इश्तिहार जारी किए थे। लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। जांच के लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा गठित नई एसआईटी सदस्य एसएसपी बठिंडा ने 2 दिसंबर 2019 को पहली बार घटना स्थल का दौरा किया था।इस दौरान वह पीड़ति परिवारों से भी मिले थे। एसएसपी ने कहा था कि जांच को नए सिरे से शुरू किया है ।

## हरियाणा राज्य महिला आयोग का निर्देश

# आंतरिक जांच कमेटी गठित करें दल

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

- पार्टियों को 15 दिन में आयोग के पास भेजना होगा ब्योरा

प्रदेश में जल्द ही विभिन्न सरकारी विभागों की तरह से सियासी दलों को भी उनकी पार्टी में काम करने वाली नेत्रियों की सुरक्षा व उनसे जुड़े मामलों की तुरंत सुनवाई के लिए आंतरिक शिकायत कमेटी गठित कर महिला आयोग को सूचित करना होगा।

इस बाबत हरियाणा राज्य महिला आयोग की ओर से प्रदेश में सक्रिय दर्जनभर राजनीतिक दलों के प्रदेश अध्यक्षों और महामंत्री को विधिवत एक इस तरह का सर्कुलर जारी कर उनकी पार्टी में काम करने वाली महिलाओं की शिकायतों और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दो सप्ताह भीतर भीतर विशेष आंतरिक शिकायत समिति का गठन करने का आदेश जारी कर दिया है। आयोग की ओऱ से लिखे गए पत्र में 15 दिनों के अंदर अंदर इसका गठन करके ब्योरा राज्य महिला आयोग को भेजना होगा। हरियाणा राज्य महिला आयोग की ओर से जारी सर्कुलर में आंतरिक शिकायत कमेटी का तुरंत गठन करने के साथ ही कुछ अन्य आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है। अर्थात सियासी दलों में किसी महिला अथवा युवती को किसी तरह की शिकायत करनी है, तो पहले अपने दल की इंटरनल कमेटी के सामने मामला रखना होगा।

### शिकायत पेटी पर सदस्यों के नाम लिखने होंगे

महिला आयोग फिलहाल आंतरिक शिकायत कमेटी का गठन चाहता है। उसके बाद में विभिन्न सरकारी ऑफिसों की तर्ज पर इन सियासी दलों में भी शिकायत पेटी का कमेटी के सदस्यों के नाम मोबाइल नंबर बोर्ड पर डिस्प्ले मे लगाने होंगे। यहां पर बता दे की हरियाणा के सरकारी विभागों में महिलाओं की शिकायतों और यौन उत्पीड़ने जैसे मामलों में सुनवाई के लिए विभागों की ओर से कमेटी का गठन कर कार्रवाई करने का प्रावधान है। अगर कोई पीड़ित महिला इंटरनल कमेटी के फैसले से असंतुष्ट है, तो उसकी सुनवाई महिला आयोग द्वारा की जाएगी।


### दर्जनभर सियासी पार्टियों को दिया निर्देश

हरियाणा महिला आयोग की ओर से दर्जनभर सियासी दलों के प्रदेशाध्यक्षों और महामंत्रियों के अलावा आफिस सचिव को लिख दिया गया है। प्रदेश में सियासी पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी सत्ताधारी, कांग्रेस पार्टी, इंडियन नेशनल लोकदल, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, जननायक जनता पार्टी, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी, नेशनल लोक स्वराज पार्टी के अलावा योगेंद्र यादव और राजीव गोदारा की पार्टी स्वराज इंडिया समेत बाकी सभी दलों को इस संबंध में पत्र लिख दिए गए हैं। सभी राजनीतिक दलों को पंद्रह दिन के भीतर आयोग को जरूरी सूचना भेजनी होगी।

### विश्वविद्यालय में होंगे सेमिनार




हरियाणा महिला आयोग की ओर से हरियाणा के विश्वविद्यालय में मार्च और अप्रैल माह के दौरान सेमिनारओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं के सम्मान और फैसलों में भागीदारी को लेकर चर्चा होगी। महिला आयोग की चेयरमैन प्रतिभा सुमन ने बताया कि वह मार्च अप्रैल माह में हरियाणा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, भगत फूल सिंह यूनिवर्सिटी के साथ-साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में यह सेमिनार कराने के लिए यूनिवर्सिटी के वीसी हो चुकी है। इसके लिए तारीखों का ऐलान जल्दी ही कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर आयोग गंभीर है।



## खबर संक्षेप

### भविष्य का भारत, संघ का दृष्टिकोण समझाएंगे भागवत

**बरेली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत आगामी 18 जनवरी को बरेली में भविष्य के भारत पर संघ का दृष्टिकोण सामने रखेंगे। संघ के विभाग चालक के. सी. गुप्ता ने शनिवार बताया कि भागवत बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में व्याख्यान देंगे व भविष्य का भारत कैसा हो, संघ का दृष्टिकोण समझायेंगे।

### मायावती ने प्रियंका को कोटा मामले पर घेरा

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावाती ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की कोटा अस्पताल कांड पर ध्यान नहीं देने के लिए उनका नाम लिये बिना आलोचना की। कोटा के सरकारी अस्पताल में सौ से अधिक नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। बसपा सुप्रीमो ने ट्वीट किया कि कांग्रेस की नेता उप्र में तो आए दिन घड़ियालू आंसू बहाने आ जाती हैं पर राजस्थान में कल वह निजी कार्यक्रम के दौरान अपना थोड़ा भी समय कोटा में उन बच्चों की मांओं के आंसू पोछने के लिए देना उचित नहीं समझती हैं जबकि वह भी मां हैं।

### कैंपस में छात्र-छात्राओं का सीएए, जेएनयू प्रकरण पर विरोध प्रदर्शन जारी

# एएमयू वीसी को जान का खतरा एसएसपी बोले- बढ़ायेंगे सुरक्षा

- 13 जनवरी को एएमयू खुलने के बाद असामाजिक तत्व कानून व्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं: वीसी
- सूबे के आला अफसरों को लिखे पत्र में स्वयं व परिवार के लोगों की जान को बताया था खतरा
- यूनिवर्सिटी खुलने पर अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे: एसएसपी

एजेंसी ⏭ अलीगढ़



अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर तारिक मंसूर ने एसएसपी समेत सूबे के आला अफसरों को पत्र लिखकर अपने और परिवार के लोगों की जान पर खतरा बताया था। इस पत्र पर एसएसपी ने कहा है कि एएमयू के वीसी और रजिस्ट्रार की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी खुलने पर अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। वीसी तारिक मंसूर ने 10 जनवरी को डीजीपी, प्रमुख सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा था। एएमयू 13 जनवरी से तीन चरणों में खुलने जा रहा है। बीते 15 दिसंबर को हुए बवाल के बाद एएमयू में अवकाश की घोषणा कर दी गई थी। इसके बाद भी कैंपस में छात्र-छात्राओं का सीएए और जेएनयू प्रकरण को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं 13 जनवरी से तीन चरणों में एएमयू को खोले जाने का फैसला लिया गया है। शुक्रवार को एएमयू वीसी ने प्रदेश के मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, डीएम-एसएसपी को लिखे पत्र में लिखा कि 13 जनवरी को एएमयू खुलने के बाद असामाजिक व गुंडा तत्व कानून व्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।

उन्होंने पत्र में ये भी लिखा कि ये लोग उन्हें व उनके परिवार को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। वीसी ने कहा कि गुंडा तत्व कैंपस में घूमकर बच्चों को उन्हें बीजेपी-संघ और सीएए का समर्थक बताकर उकसाने का काम कर रहे हैं। ये लोग एएमयू के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

**बच्चों को भड़काने में जुटें हैं गुंडा तत्व**

गुंडा तत्व कैंपस में घूमकर बच्चों को उन्हें बीजेपी-संघ और सीएए का समर्थक बताकर उकसाने का काम कर रहे हैं। - तारिक मंसूर, एएमयू वीसी

**समझाए गए हैं छात्र नेता**

वीसी ने पत्र में लिखा था कि उनके द्वारा छात्र नेताओं को पूर्व में ही समझाया जा चुका है कि सीएए को लेकर विवि स्तर से कुछ नहीं किया जा सकता। बीते दिनों एएमयू वीसी, रजिस्ट्रार के आपत्तिजनक पोस्टर भी कैंपस व आसपास के क्षेत्रों में लगाए गए थे। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है।

# नाबालिग बच्ची को पड़ोसी ने जिंदा जलाया, मौत

- बलरामपुर में दो परिवारों के बीच एक दूसरे के घर में पत्थर फेंके जाने के शक में हुआ था विवाद
- मौके पर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस तैनात, आरोपी परिवार सहित फरार



एजेंसी ⏭ बलरामपुर (उप्र)

यूपी के बलरामपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र में दो परिवारों के बीच हुए मामूली विवाद में पड़ोसी ने नाबालिग बालिका को जिंदा जला दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सोनौड़ी गांव में शुक्रवार को रामू बढ़ई और विश्राम चौरसिया के परिवार के बीच एक दूसरे के घर में पत्थर फेंके जाने के शक में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोशित रामू बढ़ई ने पडोसी विश्राम चौरसिया की 12 वर्षीय बेटी वंदना को केरोसिन डाल कर उसे जिंदा जला दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि विश्राम चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मौके पर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस की तैनाती की गई है व आरोपी परिवार सहित मौके से फरार हो गए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया है ।

**अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या**

सीतापुर। यूपी के सीतापुर जिले के तालगांव थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव में गुरूवार की दोपहर अवैध संबंध के संदेह में पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी बैद्नाथ ने पत्नी को कथित रूप से किसी अन्य व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था।

# 'छपाक' के समर्थन में आए तेज प्रताप विपक्षी बोले- ऐश्वर्या से मांग लो माफी

पटना

एसिड अटैक की पीड़िता पर बनी बॉलीवुड फिल्म 'छपाक' के समर्थन और विरोध के बीच राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ट्वीट कर सोशल मीडिया पर ट्रोल होने लगे हैं। एक ओर जहां फिल्म 'छपाक' का विरोध हो रहा है, वहीं तेज प्रताप ने समर्थन में शनिवार को ट्वीट किया। उन्होंने फिल्म के बहाने नारी सशक्तिकरण को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा।

साथ ही फिल्म की अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को प्रेरणा बताया। इसके बाद ट्विटर पर ट्रोल होने लगे। यादव ने ट्वीट कर कहा कि 'इ जो 'छपाक' है, इ सत्ता में बैठे लोगों को 'थपाक से' काहे लग रहा है? ये वही लोग हैं जो नारी सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ जैसे भाषण देते फिरते हैं। दीपिका पादुकोण जी आप एक प्रेरणा हो।

**फॉलोवरों ने भी की टिप्पणी**

तेज प्रताप यादव के ट्वीट को फॉलोवरों के साथ-साथ विपक्षी दल के नेताओं ने भी टिप्पणी की है। बीजेपी प्रवक्ता डॉ. निखिल मंडल ने पलटवार करते हुए कहा है कि 'भाई तेज प्रताप यादव! तुम अपना नाम चिरकुट रख लो। नाम रखने से तेज थोड़े कहलाओगे। एक विधायक से 'अपेक्षा' होती है कि बेटियों का सम्मान करोगे पर तुमने बेटी का अपमान कर 'उपेक्षा' की है। दीपिका पादुकोण से प्रेरणा लेने की बात करते हो। थोड़ी भी शर्म बची है। तो ऐश्वर्या से माफी मांग लो।

# 10 लोगों की झुलसकर मौत, अन्य लोगों के शव बरामद करने में जुटी फोरेंसिक टीम

**बस, ट्रक की टक्कर के बाद बस में लगी आग: डीएम**

एजेंसी ⏭ कन्नौज, (उप्र)

यूपी के कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के धिलोइं गांव के निकट जीटी रोड पर शुक्रवार रात निजी स्लीपर बस, ट्रक की टक्कर के बाद बस में लगी आग की चपेट में आकर 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। डीएम रवींद्र कुमार ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने दस लोगों के शव बरामद किये हैं व पूरी तरह जल चुकी बस से अन्य लोगों के शव बरामद करने के प्रयास चल रहे हैं। एक शव की पहचान ट्रक ड्राइवर रिंकू यादव (32) के रूप में की गई है व सभी बरामद शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। कानपुर के पुलिस महानिरीक्षक मोहित अग्रवाल ने बताया कि टक्कर के बाद बस, ट्रक दोनों में आग लग गई थी व स्थानीय लोगों ने फंसे लोगों को निकालने के लिए खिड़कियां तोड़ी। मृतकों की सही संख्या का पता डीएनए टेस्ट के बाद ही लग पाएगा। डीएम ने बताया कि जख्मी लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, मामूली रूप से जख्मी हुए कुछ लोगों ने निजी अस्पतालों में इलाज कराया व फिर घर चले गए। उनसे संपर्क का प्रयास किया जा रहा है।



- ड्राइवर रिंकू के शव की हुई पहचान, शिनाख्त को मांगी यात्रियों की सूची
- कई लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, मामूली रूप से जख्मी जो लोग घर चले गए हैं उनसे भी संपर्क का प्रयास किया जा रहा: डीएम
- मृतकों की सही संख्या का पता डीएनए टेस्ट के बाद ही लग पाएगा

**20 लोगों के हादसे में मारे जाने की आशंका: एसपी**

एसपी अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि लगभग 20 लोगों के हादसे में मारे जाने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की ट्रक से आमने सामने की टक्कर हुई थी, बस यात्रियों से भरी थी। हादसे के वक्त उसमें लगभग 60 लोग सवार थे। डीएम ने बताया कि बस फर्रूखाबाद से जयपुर जा रही थी। जो जानकारी मिली है उसमें गुरसहाय गंज से पचीस, छिवरा मऊ से सत्रह सवारी चढ़ी व बस पर तीन स्टाफ सवार था। बस पूरी तरह से जल गई है जिससे शवों की न तो शिनाख्त हो सकी व न ही निकाले जा सके हैं। यात्रियों की सूची मंगाई गई है, जांच में फोरेंसिक टीम लगी हुई है।

**सीएम ने जताया दुख, किया मदद का ऐलान**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडलीय सहयोगी रामनरेश अग्निहोत्री को तत्काल मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया व कन्नौज के डीएम से दुर्घटना के बारे में रिपोर्ट मांगी है। योगी ने मृतकों के परिजनों को दो दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता व घायलों को पचास पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

**पीएम ने हादसे पर दुख व्यक्त किया**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कन्नौज में सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। पीएम ने ट्वीट किया कि यूपी के कन्नौज में हुए भीषण सड़क हादसे के बारे में जानकर अत्यंत दुख पहुंचा है। दुर्घटना में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**कन्नौज दुर्घटना से आहत हुए राहुल, प्रियंका**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कन्नौज की घटना पर दुख जताया व पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि कन्नौज में सड़क हादसे में बस, ट्रक के टक्कर में लगी भीषण आग से 20 लोगों की मौत, अनेक लोगों के घायल होने की खबर से आहत हूं। प्रियंका ने कहा कि कन्नौज में हुआ हादसा बहुत दुखद है। ईश्वर दुखी प्रियजन को इसे सहने की शक्ति दें।

## राशिफल 12 जनवरी 2020



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार, रिश्तेदारों के साथ समय बिताने के लिए दिन अच्छा है। साथी संग समय बिता सकेंगे। **शुभ अंक:** 15, **रंग** : रॉयल ब्लू।

**वृष:** घर के कामों को करना पसंद नहीं करेंगे। किसी से मिलने शहर से बाहर जा सकते हैं। घर का कोई प्रोजेक्ट पूरा होने में समय लग सकता है। बदलते मौसम में सेहत का ख्याल रखें। **शुभ अंक:** 9, **रंग:** गुलाबी।

**मिथुन:** माता-पिता किसा काम को करने का दबाव बना सकते हैं। किसी ऑफिस ट्रिप पर जाकर एंजॉय करेंगे। घर की मरम्मत के काम पर ध्यान देने की जरूरत है। **शुभ अंक** : 18, **रंग:** गोल्डन ब्राउन।

**कर्क:** काम में दिलचस्पी कम हो सकती है। परिवार के साथ समय बिताने की कोशिश करेंगे। कुछ लोगों को घर पर बैठना बोझ लग सकता है। विद्धार्थियों के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक:** 4, **रंग:** वॉयलेट।

**सिंह:** करीबियों से मिलना मुश्किल हो सकता है। यात्रा पर जाने को लेकर अनिश्चितता हो सकती है। घर के लेन-देन का काम कर सकते हैं। विदेश से कोई आपसे मिलने आ सकता है। **शुभ अंक:** 9, **रंग:** पीला।

**कन्या:** अतिरिक्त जिम्मेदारियों के चलते कार्यक्षेत्र पर व्यस्त रहेंगे। घर में किए गए बदलावों से रहने की स्थिति में सुधार होगा। किसी यात्रा पर जाना थकान भरा साबित होगा। **शुभ अंक:** 2, **रंग:** हल्का लाल।

**तुला:** परिवार के किसी बुजुर्ग के कारण यात्रा मजा किरकिरा हो सकता है। सड़क मार्ग से यात्रा करना आरामदायक रहेगा। सामाजिक बनने की आपकी कोशिश सफल होगी। **शुभ अंक:** 15, **रंग** : इंडिगो।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र पर कोई सीनियर आपकी परीक्षा ले सकता है। गृहणियां घर की मरम्मत का काम करा सकती है। परिवार के किसी सदस्य के साथ धैर्य से काम लें। **शुभ अंक:** 4, **रंग** : वॉयलेट।

**धनु:** किसी के साथ यात्रा पर जाना मजेदार साबित होगा। किसी प्रॉप्र्टी को खरीदने की सोच सकते हैं। दोस्तों के साथ नाइट आउट का प्लान बनाकर एंजॉय कर सकते हैं। **शुभ अंक** : 6, **रंग:** रॉयल ब्लू।

**मकर:** यात्रा करते समय अपने सामान का ध्यान रखें। प्रॉप्र्टी में निवेश करने के लिए दिन आपके पक्ष में है। परिवार के किसी सदस्य को आपकी सलाह की जरूरत है। **शुभ अंक** : 9, **रंग:** पीला।

**कुंभ** : किसी यात्रा पर जाकर अच्छा महसूस करेंगे। रियल स्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। सेहत को बिल्कुल नजरअंदाज ना करें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। **शुभ अंक** : 17, **रंग:** लाइट ग्रे।

**मीन:** कार्यक्षेत्र सीनियर्स काम की तारीफ करेंगे। दोस्तों के साथ घूमने जाकर एंजॉय करेंगे। पढाई में कोई आपकी मदद करेगा। खाली पड़ी कोई प्रॉप्र्टी किराये पर दे सकते हैं। **शुभ अंक** : 22, **रंग** : गाढ़ा नीला।

**: टिप्स :**

1. शयनकक्ष में प्यार सुकून और सुरक्षित महसूस करने के लिए बेड को सटीक स्थान पर लगाएं। बिस्तर दरवाजे से दूर रखें लेकिन जब आप बिस्तर पर हों तो आपकी नजर दरवाजे पर जानी चाहिए ताकि आने जाने वालों को आप देख सकें।
2. अपने पुराने कपड़े चप्पल जूते और किताबें को बाहर कर दें। इन सामान से मायूसी नाकारात्मक सोच और उत्साह में कमी बनी रहती है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# मुख्यमंत्री ने पीएम से झारखंड के विकास के मुद्दे पर की चर्चा



एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की, झारखंड के विकास के मुद्दों पर चर्चा की। सीएम ऑफिस ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। सीएम ने शनिवार को प्रधानमंत्री के साथ दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर पीएम से सीएम सोरेन ने झारखंड के विकास समेत कई मुद्दों पर बात की। सीएम ने पीएम को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं।

### हेमंत सोरेन ने शिबू, मरांडी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने प्रदेश के दो पूर्व सीएम दिशोम गुरु शिबू सोरेन, बाबूलाल मरांडी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

शनिवार को नई दिल्ली से संदेश में हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को अलग राज्य बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिशोम गुरु, पूर्व सीएम शिबू सोरेन को नमन करते हुए उन्हें जन्मदिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं। बतौर सीएम विश्वास दिलाता हूं कि उनके सपनों के झारखंड का निर्माण हम करेंगे। सीएम ने झारखंड के प्रथम सीएम बाबूलाल मरांडी को भी उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। कहा कि वह राज्य के वरिष्ठ नेता हैं। उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु होने की कामना के साथ उनके सतत मार्गदर्शन से हमें लक्ष्य को हासिल करने में सफलता मिलेगी।

# लखनऊ में तेजाब से झुलसी लड़की

- मामले में आरोपित आशा के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- किसी बात पर आशा ने पायल साफ कर रहे व्यक्ति का थैला उठाकर फेंक दिया, जिसमें तेजाब था, वह पास खड़ी बच्ची व एक महिला झुलस गए

एजेंसी ⏭ लखनऊ



राजधानी लखनऊ में शनिवार को 13 साल की लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में तेजाब से झुलस गई।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि कैसरबाग थाना क्षेत्र के घसियारी मंडी क्षेत्र में आशा सोनकर नामक महिला आभूषण साफ कराने वाले व्यक्ति से अपनी पायल साफ करा रही थी व इसी बीच, किसी बात को लेकर आशा ने पायल साफ कर रहे उस व्यक्ति का थैला उठाकर फेंक दिया। वह थैला पास में खड़ी गुनगुन (13) नामक लड़की से टकराया व उसमें रखा तेजाब उसके चेहरे और हाथ पर गिर गया। नजदीक ही मौजूद अन्य महिला भी इसकी चपेट में आकर मामूली रूप से झुलस गई। सूत्रों ने बताया कि तेजाब गिरने के कारण गुनगुन का चेहरा, हाथ झुलस गये। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में आरोपित आशा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### नकवी के साथ 'हुनर हाट' का उद्घाटन करने के बाद बोले- योगी

# ओडीओपी: उद्यमियों को मिलेगी सौगात

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि राज्य के स्थापना दिवस 24 जनवरी को सरकार 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना से जुड़े उद्यमियों के लिए बड़ी घोषणा करेगी।

सीएम ने केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के साथ अवध शिल्प ग्राम में 'हुनर हाट' कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद कहा कि देश भर में जिन परंपरागत शिल्पकारों, कारीगरों, उद्यमियों का हुनर खत्म हो चुका था, उन्हें हुनर हाट के माध्यम से पीएम नरेन्द्र मोदी ने नया मंच दिया है। हर साल की तरह इस वर्ष भी यूपी के स्थापना दिवस समारोह पर ओडीओपी उद्यमियों के लिए प्रदेश सरकार बड़ी घोषणा करने वाली है। इससे और भी बड़ी संख्या में निवेशक निवेश के लिए आकर्षित होंगे। योगी ने कहा कि एक वक्त था जब यूपी अपने परंपरागत उद्योगों को लेकर पहले स्थान पर था पर उपेक्षा के कारण इन उद्योगों को बढ़ावा नहीं मिल सका। मगर अब तस्वीर धीरे-धीरे बदल रही है।



**स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण से हजारों को मिलता है रोजगार**

नकवी ने इस मौके पर कहा कि अभी देश के अलग-अलग भाग में स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण से हजारों लोग रोजगार पा रहे हैं। असम से बांस का सामान, कार्नाटक से चंदन का सामान, तमिलनाडु से लेकर केरल व बंगाल समेत देश के हर हिस्से में अपने हुनर की मजबूत विरासत है। सरकार इसे व्यवस्थित तरीके से सहेजने की दिशा में काम कर रही है।

**यूपी ने परंपरागत उद्यमों से किया देश में 28 फीसदी निर्यात**

यूपी अपने परंपरागत उद्यमों से विगत एक साल में पूरे देश के अंदर 28 फीसद निर्यात करने में सफल हो चुका है। प्रदेश सरकार राज्य में निवेश का माहौल बनाने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है।

# नीतीश कैबिनेट का फैसला गवाहों को मिलेगी सुरक्षा

एजेंसी ⏭ पटना



सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 18 एजेंडों पर मुहर लगी।

इनमें गवाहों को सुरक्षा देने, अररिया राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का नाम फणीश्वर नाथ रेणु के नाम पर करने, न्यायालय के विभिन्न कोटि के 666 अराजपत्रित पदों व सुपौल के वीरपुर अनुमंडलीय न्यायालय में आठ अराजपत्रित पदों पर बहाली को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी। कैबिनेट ने पूर्णिया, कटिहार के दो चिकित्सकों को सेवा से बर्खास्त करने को भी मंजूरी दे दी। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक के स्वीकृत 259 पदों में से 50 पदों को प्रत्यावर्तित कर 30 पुलिस निरीक्षकों को वेतन स्तर-7 में सृजित करने को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। जानकारी के मुताबिक, गृह विभाग के बिहार गवाह सुरक्षा योजना 2018 के प्रारूप को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। साथ ही बिहार में मद्यनिषेध के कारगर क्रियान्वयन के लिए अपराध अनुसंधान विभाग में पुलिस अवर निरीक्षक के स्वीकृत 259 पदों में से 50 पद को प्रत्यावर्तित कर पुलिस निरीक्षक के 30 पद, वेतन स्तर-7 में सृजित करने की स्वीकृति दी गई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लगाया आरोप

# सीएए पर विपक्ष के झूठ ने देश में अराजकता पैदा की

एजेंसी ⏩ गांधीनगर (गुजरात)

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर विपक्ष दलों द्वारा फैलाए गए ''झूठ'' ने देश में अराजकता पैदा की है। शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविन्द केजरीवाल तथा वामपंथियों को चुनौती दी कि वे सीएए में एक भी ऐसा प्रावधान दिखा दें जो देश के मुसलमानों से उनकी नागरिकता छीनती हो। यह रेखांकित करते हुए कि सुरक्षा (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी सरकर की पहली प्राथमिकता है, केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने जब सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक किया तब वह ऐसा करने वाला अमेरिका और इज़राइल के बाद तीसरा देश बन गया।

शाह ने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास और कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वे सीएए के बारे में झूठ और भ्रम फैला रहे हैं। इस कारण पूरे देश में अराजकता का माहौल बन गया है।" उनका बयान सीएए, राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को लेकर पूरे देश में हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के बीच आया है। गुजरात पुलिस की विभिन्न परियाजनाओं के उद्घाटन के लिए आयोजित समारोह में उन्होंने कहा, धार्मिक आधार पर प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को अपनी सुरक्षा के लिए भारत आना पड़ रहा है। लेकिन, पिछली सरकारों ने उन लोगों को यह सोच कर कोई सुविधा नहीं दी कि इससे दूसरे नाराज होंगे।



### राहुल, ममता, केजरीवाल और वामपंथी अफवाहें फैला रहे हैं

शाह ने कहा कि राहुल, ममता, केजरीवाल और वामपंथी अफवाहें फैला रहे हैं कि सीएए मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा। मैं उन्हें कानून में ऐसा कोई भी प्रावधान दिखाने की चुनौती देता हूं।" गृह मंत्री ने कहा, ''मैं भाजपा कार्यकर्ताओं से अनुरोध करता हूं कि वे घर-घर जाएं और सीएए के खिलाफ फैलाए गए झूठ और भ्रम का पर्दाफाश करें। चूंकि वर्तमान में राजनीति में मोदीजी का कोई विकल्प नहीं है, विपक्ष झूठ फैला रहा है।" उन्होंने कहा, ''हमारे पास लोगों को सच समझाने की ताकत है। मैं भाजपा कार्यकर्ताओं से अनुरोध करता हूं कि वे घर-घर जाकर लोगों को कानून से होने वाले लाभ के बारे में बताएं।

### हमारा अभियान पूरा होने के बाद देश के लोग सीएए के महत्व को समझेंगे

हमारा अभियान पूरा होने के बाद देश के लोग सीएए के महत्व को समझेंगे उन्होंने यह भी दावा किया कि संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में कोई हिंसा नहीं हुई है और तब से अब तक वहां किसी की मौत नहीं हुई है। भाजपा अध्यक्ष शाह ने कहा, ''विपक्ष के कुछ नेताओं ने संसद में दावा किया था कि (अगर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटा तो) खूब-खराबा होगा। ऐसे बयान रिकॉर्ड में दर्ज हैं।

## रेलवे को बंगाल में सीएए, एनआरसी विरोधी प्रदर्शनों में 84 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में 13 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच सीएए और एनआरसी के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में उसे 84 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। कोलकाता उच्च न्यायालय के समक्ष दाखिल की गई रिपोर्ट में रेलवे ने यह बात कही। पूर्व रेलवे ने मुख्य न्यायाधीश टी बी एन राधाकृष्णन और न्यायमूर्ति ए बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष शुक्रवार को एक हलफनामे में कहा कि विरोध प्रदर्शन के चलते उसे 72.2 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। हलफनामे में बताया गया कि सबसे अधिक 46 करोड़ रुपये का नुकसान सियालदह डिवीजन में हुआ। इसके अलावा मालदा डिविजन में 24.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। दक्षिण पूर्वी रेलवे ने एक अलग हलफनामे में कहा कि उसे 12.75 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

## अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पद छोड़ने को तैयार: वेलुमणि

**कोयंबटूर।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर जारी विवाद के बीच तमिलनाडु नगर निकाय प्रशासन के मंत्री एस पी वेलुमणि ने शनिवार को कहा कि वह अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना पद छोड़ने को तैयार हैं। वेलुमणि ने कहा कि अल्पसंख्यकों को कुछ नहीं होगा और अगर कुछ होता है तो मैं उनके साथ खड़ा रहूंगा। पद मेरे लिए महत्त्वपूर्ण नहीं है और मैं उनके (अलपसंख्यकों के) अधिकारों की रक्षा के लिए पद छोड़ने को तैयार हूं।" शहर के मुस्लिम बहुल इलाके, करुमबुकदई में फसल कटाई के त्योहार पोंगल के उपहार बांटने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में वेलुमणि ने कहा कि मुख्यमंत्री के.पलानीस्वामी ने सीएए पर सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक का पक्ष सदन में स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उन्होंने यह मामला केंद्र सरकार के स्तर पर भी उठाया है। पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में कहा था कि उनकी सरकार अल्पसंख्यकों के हितों की पूरी तरह रक्षा करेगी और उनसे अपील की थी कि वे एनआरसी पर 'राजनीति से प्रेरित' अफवाहों से प्रभावित न हों। संसद में विवादित नागरिकता (संशोधन) विधेयक का समर्थन करने वाली अन्नाद्रमुक ने हाल में कहा था कि अगर कभी भी एनआरसी लागू हुआ और उससे अल्पसंख्यक समुदाय का एक भी व्यक्ति प्रभावित हुआ तो इसके खिलाफ सबसे पहले वह आवाज उठाएगी।

## धार्मिक आधार पर नागरिकता संविधान के 'विपरीत' है: ओवैसी

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को दावा किया कि 'धार्मिक आधार' पर दी गई नागरिकता संविधान के 'विपरीत' है, जो विवादास्पद संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का विरोध करने के लिए पर्याप्त कारण है। वह केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उन टिप्पणियों पर जवाब दे रहे थे जिनमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष इस कानून पर झूठ फैला रहा है। शाह ने कहा था कि यह कानून नागरिकता देने के लिए है, न कि छीनने के लिए। ओवैसी ने कहा कि यदि कोई कानून 'एक को छोड़कर' छह समूहों को नागरिकता प्रदान करता है तो इसका मतलब केवल नागरिकता देने से मना करना है। ओवैसी ने ट्वीट किया कि धार्मिक आधार पर नागरिकता हमारे संविधान के विपरीत है और इसका विरोध करने के लिए यही कारण पर्याप्त है। इस कानून के अनुसार अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए गैर मुस्लिम शरणार्थी - हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने का पात्र बनाने का प्रावधान है।



## कोलकाता में मोदी के दौरे के विरोध में प्रदर्शन

**कोलकाता।** शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्धारित दौरे के खिलाफ सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने कोलकाता हवाई अड्डे के बाहर और राज्य के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता कोलकाता हवाई अड्डे के बाहर एकत्र हुए और मोदी के खिलाफ नारेबाजी की तथा मांग की कि उन्हें शहर में उतरने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। एसएफआई के कार्यकर्ता यादवपुर विश्वविद्यालय, गोलपार्क, कॉलेज स्ट्रीट, हातीबगान और एस्प्लेनेड के पास हाथों में पोस्टर लेकर जमा हुए जिन पर 'फासीवाद के खिलाफ छात्र' जैसे नारे लिखे हुए थे। एसएफआई नेता देबराज देबनाथ ने कहा, ''हम प्रधानमंत्री के दौरे का विरोध करते हैं जो भेदभाव से भरे संशोधित नागरिकता कानून, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भगवा ताकतों द्वारा किए गए हमले के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि हम मोदी, अमित शाह और अन्य भाजपा नेताओं के दौरे के खिलाफ हैं जो बंगाल के लोगों को विभाजित कर रहे हैं।




## सरकार ने देश को सीएए के खिलाफ सड़क पर ला दिया है : गोगोई

**गुवाहाटी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तरुण गोगोई ने शनिवार को कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को बाहर का रास्ता दिखाने के लिए असम में एक नयी राजनीतिक पार्टी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों को भाजपा की हार सुनिश्चित करनी चाहिए क्योंकि सत्तारूढ़ दल संशोधित नागरिकता कानून को वापस लेने की जनता की मांग के बजाय राज्य में शांति रैली आयोजित करके शक्ति प्रदर्शन में लगा हुआ है। भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए राज्य में तीन बार मुख्यमंत्री रहे गोगोई ने कहा कि इसने पूरे देश को सीएए के खिलाफ सड़क पर ला दिया है और आम लोगों के लिए परेशानी पैदा कर दी है। गोगोई ने कहा कि शांति रैली करके भाजपा यह स्वीकार कर रही है कि उसके शासनकाल में राज्य में शांति प्रभावित है। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल पर लोगों ने भरोसा किया था लेकिन वह केंद्र की 'कठपुतली' बन गए हैं। सोनोवाल ने कहा कि कहा कि सत्ता के लालच में सोनोवाल ने लोगों की पीठ में चाकू घोंपा है। उन्होंने कहा कि एक नयी पार्टी जरूरत बन गई है। हम स्वार्थ में आकर सिर्फ अपने हितों को नहीं देख रहे हैं क्योंकि नयी पार्टी हमारी पार्टी को प्रभावित कर सकती है। लेकिन हम असम के लोगों के हितों की रक्षा कर रहे हैं।'





पटना में पोस्टल पार्क के उद्घाटन के बाद बच्चे को झूला झुलाते केंद्रीय कानून और आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद।

# शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को दुरुस्त करने की जरूरत: उप राष्ट्रपति

तिरुचिरापल्ली। उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शनिवार को कहा कि उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षण संस्थानों को पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धतियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। नायडू ने कहा कि संस्थानों को कौशल विकास पर अवश्य ही अधिक जोर देना चाहिए और उद्योगों से संपर्क स्थापित करना चाहिए, ताकि छात्रों को उद्योग में प्रत्यक्ष रूप से काम करने का अनुभव मिल सके और वे अपने अंदर उद्यमशीलता की भावना विकसित कर सकें। वह यहां श्रीमद अंदवन आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज के 21वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों को दुरुस्त करने की जरूरत है ताकि विद्यार्थियों को उद्योगों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जा सके। उप राष्ट्रपति ने बाद में कॉलेज के नए परिसर की आधारशिला भी रखी।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा

## छात्रों ने कक्षाओं का बहिष्कार कर स्टीफेंस की ऐतिहासिक परंपरा को पुनर्जीवित किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि जेएनयू के छात्रों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कक्षाओं का बहिष्कार करने वाले सेंट स्टीफेंस कॉलेज के छात्रों ने अपने कॉलेज की ऐतिहासिक परंपरा को पुनर्जीवित कर दिया। कॉलेज के छात्रों ने हमले का सामना करने वाले जेएनयू छात्रों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए और संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध में बुधवार को कक्षाओं का बहिष्कार किया। थरूर सेंट स्टीफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। थरूर ने कॉलेज के एक अध्ययन केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि महात्मा गांधी ने सेंट स्टीफेंस कॉलेज परिसर से असहयोग आंदोलन का आह्वान किया था। केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मौजूदा सरकार ने प्रदर्शन को एक खतरे के तौर पर देखा।






महाराष्ट्र: एमवीए बड़े विजेता के रूप में उभरी

# 3 जिलों के स्थानीय निकाय चुनाव में बीजेपी को झटका

**मुंबई।** महाराष्ट्र विकास अघाडी (एमवीए) सरकार में शामिल शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस हाल में तीन जिलों में हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव में बड़े विजेता के रूप में उभरी हैं।

रत्नागिरी जिले के लांजा नगर पंचायत, नगपुर जिले के कन्हान पिपरी नगर परिषद और चंद्रपुर जिले के गडचांदूर नगर परिषद की 51 सीटों में शिवसेना ने 17, कांग्रेस ने 14 और राकांपा ने चार सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा के खाते में 11 सीटें गई हैं। तीनों स्थानीय निकायों में 17-17 सदस्यीय सदन है। लांजा में शिवसेना को नौ सीटें मिली हैं और वह अध्यक्ष पद पर भी कब्जा करने में कामयाब हुई है। यहां पर भाजपा को तीन, कांग्रेस को दो और तीन सीटों पर निर्दलीयों को जीत मिली है। कन्हान पिपरी में भाजपा को छह, कांग्रेस को सात और शिवसेना को तीन सीटें मिली हैं। हालांकि, अध्यक्ष पद पर उद्धव ठाकरे की पार्टी को जीत मिली है। गडचांदूर में कांग्रेस और शिवसेना को पांच-पांच सीटों पर जीत मिली है जबकि एमवीए के घटक राकांपा ने चार सीटों पर जीत दर्ज की है। यहां पर भाजपा को दो सीटें मिली है और एक सीट निर्दलीय ने जीती है। गडचांदूर नगर परिषद अध्यक्ष की सीट कांग्रेस के खाते में गई है।



उल्लेखनीय है कि इन नगर परिषदों के लिए नौ जनवरी को मतदान हुआ था जबकि अगले दिन नतीजे घोषित किए गए थे। इसके साथ ही तालेगांव दाभडे, भुसावल, नंदूर और कलमेश्वर नगर परिषद की एक-एक सीटों के लिए भी गुरुवार को उपचुनाव हुए. कलमेश्वर (नागपुर) में भाजपा, नंदूर (बुलढाणा) में कांग्रेस, भुसावल (जलगांव) में राकांपा और तालेगांव दाभडे में निर्दलीय को जीत मिली। छह नगर निगमों में भी एक-एक सीट के लिए मतदान हुआ जिसके नतीजे भी भाजपा के अनुकूल नहीं रहे. राकांपा और शिवसेना ने नासिक में दो सीटों पर जीत दर्ज की, मालेगांव में जद (एस) को जीत मिली। भाजपा नागपुर और पणवेल में विजेता रह। कांग्रेस को लातूर में और शिवसेना को मुंबई में जीत मिली। नंदूरबार, धुले, वाशिम, अकोला, नागपुर और पालघर में जिला परिषद के लिए हुए चुनाव में भी भाजपा को भी हार मिली।

### एयर डिफेंस कमांड के बाद नहीं होगा अपना हेलिकॉप्टर गिराने जैसा हादसा: जनरल नरवणे

**हरिभूमि ब्यूरो,नई दिल्ली।** सेनाप्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने शनिवार को राजधानी में आयोजित एक वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा पूछे गए तमाम सवालों के जवाब देते हुए कहा कि हाल में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बने जनरल बिपिन रावत द्वारा अपना कार्यभार संभालने के बाद तीनों सेनाओं की एक संयुक्त एयर डिफेंस कमांड बनाने का जो पहला आदेश दिया गया है। वह बिलकुल ठीक है। क्योंकि उसके गठन के बाद बालाकोट की कार्रवाई के बाद वायुसेना द्वारा श्रीनगर में अपनी ही मिसाइल से मार गिराए गए मी-17वी5 हेलिकाप्टर से लेकर ईरान-अमेरिका तनाव के बीच कुछ रोज पहले ही ईरान द्वारा मार गिराए गए एक नागरिक विमान जैसे हादसों से बचा जा सकेगा। क्योंकि एयर डिफेंस कमांड की फॉर्मेशन इस बात को सुनिश्चित करेगी कि हमारे देश में अपने ही लोगों और संसाधनों पर हमला न हो।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजन शर्मा**, पुत्र: **उपेन्द्र शर्मा**, **पता: डब्ल्यूजेड 143 / 49 ए, इंदिरा कॉलोनी, तिलक नगर, दिल्ली और स्थायी पता: ग्राम गंगसरा, थाना सराय रंजन, जिला स्मस्ती पुर, बिहार** ने **FIR No. 595/19, u/s 376 IPC पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया कि उक्त **राजन शर्मा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **राजन शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट को तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 595/19, u/s 376 IPC पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **राजन शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2020** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पुनीत नागपाल,
महानगर दंडाधिकारी,
कमरा नं. 268, द्वितीय तल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8578/WD/2020

# जेएनयू हिंसा से उठे सवाल



हालात

प्रमोद जोशी

> जेएनयू हिंसा को केवल एक दिन की हिंसा के रूप में देखना उचित नहीं, यह बरसों से चल रही है। 2014 के बाद से यह किसी न किसी वजह से विवाद के घेरे में है। सबसे महत्वपूर्ण घटना है 9 फरवरी 2016 की वह सभा, जिसमें भारत-विरोधी नारे लगाए जाने का आरोप है। वह सभा मृत्युदंड प्राप्त अफजल गुरु और मकबूल बट की याद में आयोजित की गई थी। नारे लगे थे या नहीं, इसकी जांच अपनी तार्किक परिणति तक नहीं पहुंची। जो वीडियो सामने आए थे, उनमें से कई वीडियो मॉर्फ्ड बताए गए पर जांच और अदालती कार्रवाई अधूरी है। बेहतर हो कि जांच किसी तार्किक परिणति तक पहुचे।

जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी कैंपस में हुई हिंसा के मामले में दिल्ली पुलिस ने जो जानकारियां दी हैं, उन्हें देखते हुए किसी को भी देश की शिक्षा-व्यवस्था की दुर्दशा पर अफसोस होगा। लम्बे अरसे से लगातार होते राजनीतिकरण के कारण भारतीय शिक्षा-प्रणाली वैश्विक मीडिया के लिए उपहास का विषय बन गई है। सन 1997 में उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुई हिंसा का भी दुनिया के मीडिया ने इसी तरह उपहास उड़ाया था। सन 1973 में लखनऊ विवि के छात्र आंदोलन के दौरान ही पीएसी का विद्रोह हुआ था। हालांकि तब न तो आज का जैसा मीडिया था और राजनीतिक स्तर पर इतनी गलाकाट प्रतियोगिता थी। आज जो हो रहा है वह राजनीतिक विचार-वैषम्य नहीं अराजकता है।

विश्वविद्यालय अध्ययन के केंद्र होते हैं। बेशक छात्रों के सामने देश और समाज के सारे सवाल होते हैं। उनकी सामाजिक जागरूकता की भी जरूरत है पर यह कैसी जागरूकता है? यह कहानी केवल जेएनयू की ही नहीं है। देश के दूसरे विश्वविद्यालयों से भी जो खबरें आ रही हैं, उनसे संकेत मिलता है कि छात्रों के बीच राजनीति की गहरी पैठ हो गई है। छात्र-नेता जल्द से जल्द राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करना चाहते हैं। जेएनयू के पूर्व छात्रों में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री हैं, लीबिया और नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री हैं। तमाम बड़े नेता, राजनयिक, कलाकार और समाजशास्त्री हैं। यह विवि भारत की सर्वोच्च रैंकिंग वाले संस्थानों में से एक है। आज भी यहां आला दर्जे का शोध चल रहा है पर हालात ऐसे ही रहे तो क्या इसकी यह तारीफ शेष रहेगी?

पिछले रविवार की हिंसा को केवल एक दिन की हिंसा के रूप में देखना उचित नहीं होगा। यह बरसों से चल रही है। कई महीनों से बल्कि कम से कम 2014 के बाद से यह किसी न किसी वजह से विवाद के घेरे में है। सबसे महत्वपूर्ण घटना है 9 फरवरी 2016 की वह सभा, जिसमें भारत-विरोधी नारे लगाए जाने का आरोप है। वह सभा मृत्युदंड प्राप्त अफजल गुरु और मकबूल बट की याद में आयोजित की गई थी। नारे लगे थे या नहीं, इसकी जांच अपनी तार्किक परिणति तक नहीं पहुंची। जो वीडियो सामने आए थे, उनमें से कई वीडियो मॉर्फ्ड बताए गए पर पुलिस की जांच और उसके बाद की अदालती कार्रवाई अधूरी पड़ी है। बेहतर हो कि वह जांच किसी तार्किक परिणति तक पहुंचे।

उस कार्यक्रम में एक नारा था, भारत की बर्बादी तक जंग रहेगी, जंग रहेगी, एक और नारा था, भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह-इंशा अल्लाह। इन नारों की वजह से देश में एक नए राजनीतिक वर्ग का जन्म हुआ है, जिसे उसके विरोधी टुकड़े-टुकड़े गैंग कहते हैं। पता नहीं ये नारे लगे या नहीं, पर ये किस मनोदशा की देन हो सकते हैं? कहां से आए होंगे ये शब्द? जेएनयू कैम्पस में हिंसक संघर्ष कोई नई बात नहीं है। अस्सी के दशक में यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव को लेकर छात्रों और अध्यापकों के बीच संघर्ष हुआ था। उस दौर के अखबारों के मुताबिक़ कैम्पस में अराजकता का माहौल था। छात्रों ने अध्यापकों के घरों पर हमले किए थे। अप्रैल 2000 में कैम्पस में हुए एक मुशायरे में पाकिस्तानी शायर फहमीदा रियाज की रचना का विरोध करने वाले दो फौजी अफसरों की पिटाई के मामले ने भी काफी समय तक ध्यान खींचा था।

इस कैम्पस में वाम और दक्षिण टकराव की लम्बी पृष्ठभूमि है। यहां के छात्रसंघ पर लिंग्दोह कमेटी की अनदेखी करने पर पाबंदी भी लगी थी। बातें जब तक वैचारिक विमर्श के दायरे में रहती हैं, तब तक उनमें कोई खराबी नहीं है, पर जब बात खून-खराबे तक पहुंच जाए, तब चिंता होती है। छात्र संगठनों की सम्बद्धता राजनीतिक संगठनों से है। कहना मुश्किल है कि कितने छात्र राजनीतिक पक्षधरता से मुक्त हैं। पर संगठन शक्ति के सहारे अपनी बात मनवाने के लिए जोर-जबर्दस्ती भी हुई होगी। दिल्ली पुलिस ने अनुसार विवाद के केंद्र में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन था, लेफ्ट से जुड़े छात्र विरोध कर रहे थे।

पुलिस ने 1 से 5 जनवरी के बीच रजिस्ट्रेशन रोकने के लिए सर्वर को नुकसान पहुंचाने से लेकर पेरियार और साबरमती हॉस्टल में हुई हिंसा तक की घटनाओं का सिलसिलेवार ब्योरा भी दिया। इस विवरण को लेकर दो राय हो सकती हैं पर कहना मुश्किल है कि ताकत का इस्तेमाल किसी एक पक्ष ने ही किया था। कैम्पस में वामपंथी दबदबा है, जिसे दक्षिणपंथी संगठन चुनौती दे रहा है। जेएनयू की हिंसा के बाद दिल्ली के आईआईटी में प्रदर्शन हुआ। इसके बाद आईआईटी-मद्रास, बॉम्बे, गांधीनगर और कानपुर से भी प्रदर्शनों की खबरें आईं। सामान्यतः आईआईटी छात्र राजनीतिक विचारधाराओं से कुछ दूरी बनाकर रखते हैं पर हाल में हफिंगटन पोस्ट ने देश के विभिन्न आईआईटी में चल रही राजनीतिक गतिविधियों का विवरण दिया है। इन गतिविधियों के पीछे कई तरह की विचारधाराएं काम कर रहीं हैं। यह बात शैक्षिक वातावरण को बनाएगी या बिगाड़ेगी? आंदोलन फीस को लेकर शुरू हुआ, फिर नागरिकता कानून में संशोधन का विषय सामने आया। जामिया में आंदोलन शुरू हो गया। मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद वगैरह से भी आंदोलनों की खबरें आईं। यह सब छात्रों की विश्व-दृष्टि से जुड़ा मामला जरूर है, पर उसके पीछे राजनीतिक प्रतिबद्धता ज्यादा महत्वपूर्ण कारक है। यह राजनीति आज की नहीं है, पहले से चली आ रही है, पर अब उसने अपने चेहरे पर से पर्दा हटाना शुरू कर दिया है। यह समस्या केवल भारत की ही नहीं है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में भी सवाल उठ रहा है। भारत के नागरिकता कानून को लेकर हारवर्ड विवि में भी आंदोलन है। फिर भी एक बड़ा फर्क उस मात्रा का है, जो दोनों समाजों में है। वहां भी कम्युनिस्ट और दक्षिणपंथ का भेद है।

कैंपस-राजनीतिकरण के खतरे भारी हैं। छात्र के रूप में हम विश्वविद्यालय में खुले मन से प्रवेश करते हैं, पर यदि हम प्रवेश करते ही किसी एक राजनीतिक समूह के जाल में फंस जाए तो फिर खुले मन की संभावना कम हो जाती है। जेएनयू में वामपंथी और दक्षिणपंथी धारणाओं के अलावा फ्री थिंकर्स भी हैं। पिछले कुछ वर्षों में दलित चेतना से जुड़े संगठन भी सामने आए हैं। ये सब समाज का हिस्सा हैं। इनकी एक भूमिका भी है, पर वह भूमिका संतुलित होनी चाहिए। असंतुलित होगी, तो भयावह होगी।

# इन पर कैसे गर्व करें



विवि

विवेक शुक्ला

गुजरा साल यानी 2019 जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी के लिए खास इस लिए था क्योंकि इसने 50 साल का सफर पूरा कर लिया। पर इसके बीते आठ-दस साल सुखद नहीं माने जा सकते। इधर बात-बात पर छात्र-छात्राएं अपनी कक्षाओं का बहिष्कार करके सड़कों पर उतरते रहे।

यकीन मानिए कि ये तो जेएनयू का मिजाज नहीं था। वहां पर सभी धाराओं के साथ-साथ रहने और वाद-विवाद-संवाद करने का माहौल बना था। इसे बनाने में डा. पुष्पेश पंत, प्रो. धर्मा कुमार, प्रो. तान चुंग, डा. नामवर सिंह, डा. सतीश जैन, डा. ईश्वरी प्रसाद जैसे अनेक विद्वान अध्यापकों ने अहम योगदान दिया था। इनकी कक्षाओं में विद्यार्थियों को सवाल पूछने और बहस करने की छूट थी। ये सब मर्यादित तरीके से ही होता था। इसका परिणाम यह हुआ कि जेएनयू के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सारे देश के नौजवान जेएनयू में पढ़ने के प्रति लालयित रहने लगे।

> जेएनयू से एक से बढ़कर एक छात्र पढ़कर निकलने लगे। इस क्रम में पहला स्थान तो अभिजीत बनर्जी को मिलेगा। उन्हें कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार भी मिला है। ये किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए गौरव का विषय तो है कि उसके किसी छात्र को नोबेल पुरस्कार मिले और विवि को पूरे विश्व में सम्मान।

जेएनयू से एक से बढ़कर एक छात्र पढ़कर निकलने लगे। इस क्रम में पहला स्थान तो अभिजीत बनर्जी को मिलेगा। उन्हें कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार भी मिला है। ये किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए गौरव का विषय तो है कि उसके किसी छात्र को नोबेल पुरस्कार मिले। जेएनयू को जानने वाले जानते हैं कि इधर 90 के दशक तक वे छात्र बड़ी संख्या में पढ़ते थे जो देश और समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझ रहे थे। वे देश-समाज में सकारात्मक बदलाव देखने की चाहत रखते थे। जेएनयू छात्र संघ के 90 के दशक में अध्यक्ष रहे चंद्रशेखर को कौन भूल सकता है। उन्होंने बिहार में लालू यादव के संरक्षण में आतंक मचाने वाले मोहम्मद शहाबुद्दीन के खिलाफ मोर्चा खोला था। नतीजा यह हुआ कि उनकी हत्या कर दी गई। जेएनयू बिरादरी सुनील के नाम से अच्छी तरफ से वाकिफ है। उन्होंने 1979 में इक्नोमिक्स की एमए की परीक्षा में सारे पुराने कीर्तिमान तोड़ दिए थे। गांधीवादी सुनील जी के बारे में कहा जाता था कि वे भविष्य में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जीत लेंगे। पर उन्होंने अपनी पीएचडी बीच में छोड़कर मध्य प्रदेश के आदिवासियों के हकों के लिए काम करना शुरू किया। स्वराज अभियान के चीफ योगेन्द्र यादव भी जेएनयू में रहे। वे सुनील से प्रभावित रहे। आप योगेन्द्र यादव से किसी मसले पर अलग राय रख सकते हैं, पर उनकी विद्वता को लेकर कोई संदेह नहीं कर सकता है। योगेन्द्र यादव ने जेएनयू से राजनीतिक शास्त्र में एमए किया था। जिन इतिहासकारों की आजकल चर्चा होती हैं, उनमें डा. अनिरुद्ध देशपांडे भी हैं। वे दिल्ली यूनिवर्सिटी में भारत का प्राचीन इतिहास विषय पढ़ाते हैं। जेएनयू ने सीताराम येचुरी, देवी प्रसाद त्रिपाठी, निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के रूप में देश को कई सियासत के खिलाड़ी भी दिए हैं। जेएनयू चाहे तो गर्व कर सकता है कि पशुओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली अंजली गोपालन का संबंध उससे है। जेएनयू में ही पढ़े हैं यूनाइटेड अरब अमीरत एयरलाइंस के फाउंडर सैफ अली नाहान। जेएनयू से पढ़े बाबू राम भट्टाराई नेपाल के 36वें प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने इधर से 1986 में पीएचडी की थी। लीबिया के पूर्व प्रधानमंत्री अवली जैदान भी जेएनयू के छात्र रहे हैं। कुल मिलाकर मिलाकर लगता है कि अपने आधी सदी की यात्रा में जेएनयू की उपलब्धियां कोई बहुत शानदार तो नहीं रही हैं। उसकी शुरूआत बेहतर रही पर आगे चलते हुए उसके रास्ते में भटकाव भी आते रहे।

# तेल कच्चा, संकट पक्का



परेशानी

आलोक पुराणिक

तीन जनवरी 2020 को इराक में ईरान के एक सैन्य अधिकारी सुलेमानी को अमेरिका ने मार गिराया, जिसका असर अब समूचे मध्यपूर्व के क्षेत्र पर दिख रहा है। इतिहास गवाह है कि भारत के लिए संकट जिन दिशाओं से आते हैं, उनमें मध्यपूर्व के कई देश शामिल हैं। 1991 में जब भारत को पहली बार अपना सोना गिरवी रखना पड़ा था, तब भी उस संकट के सूत्र इराक पर अमेरिकी हमले से जुड़े थे। इराक पर अमेरिका के हमले के बाद कच्चे तेल के भाव बहुत तेजी से ऊपर गए थे। यानी भारत के विदेशी मुद्रा कोष पर भारी दबाव आ गया था। अब स्थिति ठीक वैसी तो नहीं है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 3 जनवरी 2020 को खत्म हुए हफ्ते में भारत के पास 461.15 अरब डालर के विदेशी मुद्रा कोष थे इसके मुकाबले जनवरी 1991 में भारत के पास सिर्फ 1.2 अरब डालर के विदेशी मुद्रा कोष थे यानी वैसे किसी संकट की दूर दूर तक कोई सुगबुगाहट तक नहीं है। पर मध्यपूर्व का संकट तमाम वजहों से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संवाल खड़े कर रहा है।

मध्य पूर्व में कच्चे तेल के महत्वपूर्ण सप्लायर देश हैं। ईरान, इराक, सऊदी अरब समेत तमाम तेल सप्लायर देशों को कुल मिलाकर मोटे तौर पर मध्यपूर्व के देशों के तौर पर चिह्नित किया जाता है। मध्य पूर्व के देश पूरी दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करते हैं। इन देशों का अर्थशास्त्र और राजनीति कच्चे तेल के आसपास घूमती है। पूरी दुनिया की कुल तेल खपत का करीब 20 प्रतिशत होरमुज की खाड़ी से गुजरता है, जिसका ताल्लुक मध्य पूर्व की राजनीति से है। पूरी दुनिया की लिक्विफाइड नेचुरल गैस की सप्लाई का करीब 26 प्रतिशत इसी इलाके से गुजरता है। इसलिए इस इलाके की राजनीतिक सेहत का सीधा असर कच्चे तेल के भावों पर पड़ता है। 14 सितंबर 2019 को सऊदी अरब के दो तेल संयंत्रों पर हमले हुए थे, जिनके बारे में आशंका व्यक्त की गई थी कि ये इरान समर्थित गुटों ने किए हैं, तब भी कच्चे तेल के भाव बढ़ गए थे।

भारत जैसी अर्थव्यवस्था में कच्चे तेल के बढ़ते भाव बहुत पक्की किस्म की समस्याएं पैदा कर देते हैं। भारत के पूर्व विदेश सचिव रंजन मथाई ने एक विश्लेषण दर्ज किया है कि तेल के मामले में आयात निर्भरता 84 प्रतिशत है, हालांकि प्रधानमंत्री ने 2015 में यह लक्ष्य रखा था कि आयात पर निर्भरता को कम करके 67 प्रतिशत पर लाया जाएगा। उस वक्त आयात निर्भरता 77 प्रतिशत थी। पीपीएसी के आंकड़ों के मुताबिक तेल आयात पर भारत ने 2018-19 में 112 अरब डालर खर्च किए, इसके पहले के साल यानी 2017-18 में यह खर्च 87.8 अऱब डालर था तो बढ़ते तेल आयात का मतलब यह हुआ कि ज्यादा विदेशी मुद्रा का खर्च। ज्यादा विदेशी मुद्रा के खर्च का मतलब डालर की ज्यादा मांग, डालर की ज्यादा मांग का मतलब भारत का रुपया एक हद तक कमजोर होना है डालर के मुकाबले। इसके अलावा एक बड़ा मसला यह भी है कि कच्चे तेल की महंगाई देर सबेर हर आइटम को महंगा बनाती है।

> इराक में ईरान के सैन्य अधिकारी सुलेमानी को अमेरिका ने मार गिराया, जिसका असर समूचे मध्यपूर्व के क्षेत्र पर दिख रहा है। इतिहास गवाह है भारत के लिए संकट मध्यपूर्व के देशों से आते हैं। भारत जैसी अर्थव्यवस्था में कच्चे तेल के बढ़ते भाव पक्की किस्म की समस्याएं पैदा कर देते हैं।

हाल में थोड़ी बहुत शांति के बाद यह नहीं समझा जाना चाहिए कि हालात संभल गए हैं। अमेरिका ने घोषणा की है कि वह इरान पर और कड़े प्रतिबंध लगाएगा। दूसरी तरफ ईरान ने कहा कि वह बदला लेगा। भारत को हर परिस्थिति के लिए तैयार ही होना पड़ेगा, क्योंकि कच्चे तेल के मामले में भारत के हाथ में करने के लिए कुछ नहीं है। एक काम जो भारत कर सकता है, वह यह है कि वह बिजली चालित वाहनों को बढ़ाए, पर उसकी ठोस संभावना निकट भविष्य में नहीं दिखती। तो कुल मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतियों के एक नए दौर में प्रवेश कर जाएगी अगर मध्य पूर्व के तनाव संभले नहीं तो।

# उजागर हुए हमलावरों के चेहरे



जेएनयू

अवधेश कुमार

दिल्ली पुलिस के विशेष जांच दल ने प्राथमिक जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है। वह मोटा-मोटी वही है जो जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में हिंसा पर गहराई से नजर रखने वाले बता रहे थे। कोई भी हिंसा अपने-आप नहीं होती। जेएनयू में जो भयावह हिंसा के वीडियो दिखे वे एकपक्षीय नहीं थे। पहली बार हिंसा की जो तस्वीरें आईं उनके पहले भी हिंसा हुई थी जिनका सच धीरे-धीरे सामने आ चुका है। दिल्ली पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस ने पत्रकार वार्ता में हिंसा मामले में नौ आरोपितों की तस्वीरें जारी की हैं। इसमें जेएनयूएसयू की अध्यक्ष आइशी घोष भी शामिल हैं। पुलिस को कठघरे में खड़ा करने वाले कुछ भी कहें लेकिन उसने यही कहा कि यह छात्रों का मामला है, इसलिए हम तत्काल गिरफ्तार नहीं कर रहे।

प्रश्न है कि अगर जांच पूरी नहीं हुई तो फिर दिल्ली पुलिस ने पत्रकार वार्ता क्यों की? इसका उत्तर देते हुए सिट प्रमुख ने ही कहा कि सामान्य तौर पर हम जांच पूरी होने के बाद ही प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, लेकिन इस घटना के संदर्भ में फैलाई जा रही अफवाहों की वजह से हमें पहले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी पड़ रही है। जेएनयू घटना को लेकर लोगों के बीच गलत जानकारी फैलाई जा रही है। यानी गलत बातों को जवाब देने के लिए जितनी जानकारी आई उसे सार्वजनिक कर दिया गया। ज्यादा गलफहमी न फैले इसलिए यह जरुरी था।

अब जरा घटनाक्रम को देखिए और जो माहौल बनाया गया उससे तुलना करिए। माहौल यह बनाने की कोशिश हुई कि केन्द्र में भाजपा की सरकार होने के कारण उनसे जुड़े छात्र संगठनों ने गुंडों और अपराधियों की तरह वामपंथी छात्र संगठनो से जुड़े लोगों को मारा? क्यों मारा इसका कोई जवाब नही। दिल्ली पुलिस ने सिलसिलेवार ढंग से जेएनयू के घटनाक्रम को रख दिया है। यह तो सच है कि जेएनयू में विंटर रजिस्ट्रेशन चल रहा है जिसका वामपंथी दलों से जुड़े छात्र संगठन एआईएसएफ, एसएफआई, आईसा और डीएसएफ विरोध कर रहे है। ज्यादातर छात्र रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हैं। इन संगठनों के सदस्य जो छात्र रजिस्ट्रेशन करना चाह रहे थे उनको धमका भी रहे थे। हमारे पास पांच जनवरी की घटना का वीडियो आया, लेकिन पुलिस ने एक जनवरी से ही विवरण दिया है। जांच में पता चला कि एक और दो जनवरी को रजिस्ट्रेशन की कोशिश करने वाले छात्रों को डराया-धमकाया गया, धक्कामुक्की भी की गई।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि 3 जनवरी को स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स असोसिएशन और डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन के सदस्य सेंट्रलाइज रजिस्ट्रेशन सिस्टम को रोकने के लिए जबरदस्ती सर्वर रूम में घुसे और कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया। इसके बाद सर्वर को बंद कर दिया। 4 जनवरी को फिर उन्होंने सर्वर ठप करने की कोशिश की। दोपहर में पीछे शीशे के दरवाजे से कुछ अंदर घुसे और उन्होंने सर्वर को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। इससे रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया रुक गई। इन मामले में पुलिस के पास प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमें आईशी घोष का नाम है। पांच जनवरी को साढ़े 11 बजे रजिस्ट्रेशन न करने देने से परेशान चार छात्र स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सामने बेंच पर बैठे हुए थे। एआइएसएफ, आइसा, एसएफआइ और डीएसएफ का एक समूह आया और उन छात्रों को पीटने लगा। बीचबचाव के लिए गए गार्डों को भी पीटा गया। 20 छात्रों के खिलाफ गार्डों पर हमला करने की प्राथमिकी दर्ज हुई है। इसके बाद पाचं जनवरी को इन्हीं 4 संगठनों के लोगों ने पेरियार हॉस्टल में छात्रों पर हमला किया। दोपहर में पेरियार हॉस्टल में नकाबपोश हमलावरों ने चुन-चुनकर छात्रों को मारा। पुलिस का कहना है इसमें जेएनयूएसयू अध्यक्ष भी शामिल थीं। हमलावर मुंह ढंके हुए थे। पेरियार हॉस्टल में कुछ खास कमरों को निशाना बनाया गया। इसके बाद शाम को साबरमती हॉस्टल में नकाबपोश हमलावरों ने तोड़फोड़ और हिंसा की। इसमें भी कुछ छात्रों की पहचान हुई है। 5 जनवरी को शाम को साबरमती हॉस्टल के पास मौजूद टी पॉइंट के पास पीस मीटिंग हो रही थी। इसी दौरान कुछ नकाबपोश लोगों ने हाथ लाठी डंडा लेकर साबरमती हॉस्टल पर हमला किया। इस समूह में शामिल कुछ छात्रों को चिह्नित किया गया है। ध्यान रखिए कि अभी यह आधी जांच रिपोर्ट है। इससे इतना साफ होता है 5 जनवरी की शाम का जो दृश्य हमने देखा उसकी पृष्ठभूमि पहले बनाई जा चुकी थी। पुलिस कह रही है कि हमला करने वालों को सारी जगहों का पता था।

> जेएनयू में जो भयावह हिंसा के वीडियो दिखे वे एकपक्षीय नहीं थे। पहली बार हिंसा की जो तस्वीरें आईं उनके पहले भी हिंसा हुई थी जिनका सच धीरे-धीरे सामने आ चुका है। दिल्ली पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस ने पत्रकार वार्ता में हिंसा मामले में नौ आरोपितों की तस्वीरें जारी की हैं। इसमें जेएनयूएसयू की अध्यक्ष आइशी घोष भी शामिल हैं।

आईशी घोष उनको संदिग्ध बनाने को पुलिस का पक्षपातपूर्ण रवैया बता रहीं हैं। यह ठीक है कि उनके सिर पर चोट आई तो किसी ने हमला किया। यह तो नहीं हो सकता कि उन्होंने स्वयं ही अपने उपर हमला कर लिया हो। किंतु इससे यह साबित नहीं होता कि उनके नेतृत्व में इसके पहले हमले नहीं हुए थे। पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज सबसे अच्छा स्रोत हो सकता था, लेकिन 3 और 4 जनवरी की घटना में वाईफाई सर्वर ध्वस्त हो चुका था। इस वजह से सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला। पुलिस को भी वायरल वीडियो और तस्वीरों की मदद से हमलावरों को पहचानना पड़ रहा है। एक वीडियो में वो साफ तौर लाठी, डंडों से लैस समूह के साथ दिख रहीं हैं जो हमला करता है। वह समूह पत्थर भी चला रहा है। पेरियार हॉस्टल में हमले का शिकार हुए छात्र भी गवाही दे रहे हैं। आखिर उतने लोग पीटे गए तो आकाश से आकर उन्हें कोई नहीं पीट गया। सर्वर केन्द्र को ताला लगाकर बाहर कुछ नकाबपोशों के साथ जेएनयू की पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गीता कुमारी दिख रही है। इन्हें पुलिस कह रही है कि आप लोग यहां से हट जाओ, लेकिन वो बहस कर रही है। पुलिस भी जानती है कि इन छात्र नेताओं के पक्ष में राजनीतिक दलों के साथ बड़े-बड़े वकीलों का समूह खड़ा हो जाएगा। इसलिए वो जो कुछ सामने लाएगा और मामला बनाएगा उसके पहले इसका ध्यान अवश्य रखेगा कि न्यायालय में उसे कैसे लोगों का सामना करना है। दो महीने से ज्यादा समय से ये छात्र समूह पूरे जेएनयू को अपने सिर उठाकर रखा हुआ है। उच्च न्यायालय के इस आदेश के बावजूद कि प्रशासनिक भवन ने 100 मीटर तक आप प्रदर्शन नहीं कर सकते। ये वहां तक पहुंचते हैं, हंगामा करते है, प्रशासनिक भवन तक को पिछले दिनों नारों से पोत दिया गया। विवेकानंद की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया। भगवा, हिन्दुत्व, भाजपा, संघ के अंत के नारे लिखे गए। यह सब एक विश्वविद्यालय और छात्र संगठन का नारा नहीं हो सकता।

ये राजनीतिक नारे है। साफ है कि इसके पीछे राजनीतिक दलों और नेताओं की भूमिका है। पुलिस को इनके चेहरे से भी नकाब उतारना चाहिए। जेएनयू पर वर्चस्व रखने तथा अपने विचारों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र बनाने के वामपंथी दलों की शिक्षा संस्थान विरोधी नीति का अंत होना चाहिए। साथ ही छात्रों के बीच वैचारिक दुश्मनी और हिंसा के अंत के लिए भी मध्यस्थता एवं मेल-मिलाप की कोशिश जरुरी है। पुलिस ने किसी को गिरफ्तार न कर सही किया है। जो अपराधी प्रवृति के हैं उनको छोड़कर किसी छात्र का भविष्य खराब हो जाए यह उचित नहीं होगा।

# राग दरबार



## राज को मौका

सियासत में शायद सब कुछ जायज है भले ही विचाराधाराओं से समझौता क्यों न करना पड़े। हिंदुत्व वाली शिवसेना ने विपरीत विचारधाराओं से गठजोड़ करके सत्ता हासिल कर ली है तो इसके बाद उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के रूप में अपनी अलग सियासत शुरू कर दी थी। आजकल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे की भाजपा नेताओं खासकर देवेंद्र फड़नवीस के साथ नजदीकी बढ़ाने की चहलकदमी नजर आ रही है। राजनीतिकारों की माने तो पिछले 15 सालों के दौरान एमएनएस की सियासत सिरे नहीं चढ़ी और न ही वह अलग राजनीति में कुछ हासिल कर पाए तो लाजिमी है कि महाराष्ट्र की राजनीति में वह भाजपा के साथ मिलकर शिवसेना के अलग होने से हिंदुत्व का हुआ खाली स्थान भरने में कोई परहेज नहीं करेंगी?

## रणनीति

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली विधानसभा के चुनाव का ऐलान होते ही भाजपा व कांग्रेस भी वापसी करने की रणनीतियों का तानाबाना बुनने में जुट गई है, लेकिन पिछले छह माह से चुनाव की तैयारी में जुटी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने जिस प्रकार ताबड़तोड़ फैसले लिए हैं, वो भाजपा व कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती हैं। केजरीवाल की इस राजनीतिक चाल के सामने भाजपा और कांग्रेस को अपनी रणनिति तैयार करने में मुश्किलें आना तो स्वाभाविक होगा। हालांकि भाजपा के लिए केंद्र सरकार की कालोनियों के नियमतिकरण और अन्य केंद्रीय योजनाओं को आम घरो में पहुंचे लाभों जैसी उपलब्धियों का सहारा है, लेकिन कांग्रेस के पास फिलहाल न तो कुछ खोने को है और न ही पाने को। चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो चुनावी नतीजे ही बताएंगे कि किसकी बाजीगिरी कहां ठहरी!

## कानून नहीं विधेयक

नागरिकता संशोधन विधेयक भले कानून बन गया है। लेकिन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अभी भी इसे कानून नहीं मानती हैं और अपने सूबे के नागरिकों को भी बताती हैं कि यह यह कानून नहीं बल्कि विधेयक है, जिसे पश्चिम बंगाल सरकार अपने यहां कानून नहीं बनने देगी। एक रैली में लोकसभा सांसद सुदीप बनर्जी को सीएए और एनआरसी पर पार्टी का पक्ष रखने को कहा गया। सांसद ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा ही कि नागरिकता संशोधन विधेयक अब कानून बन गया है, तभी सूबे की मुख्यमंत्री व टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने उन्हें रोक दिया और कहाकि वे इसे कानून नहीं बल्कि विधेयक ही कहें। उन्होंने माइक अपने हाथ में लेते हुए भीड़ से कहा कि इसे जब हम चाहेंगे तभी यह पश्चिम बंगाल में लागू होगा। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का रुख स्पष्ट है कि वह इसे अपने राज्य में किसी भी हालात में लागू नहीं होने देगी। इसलिए उनकी पार्टी इसे विधेयक ही मानती है। साथ ही उन्होंने अपने सांसद को भी नसीहत दे डाली कि जब पार्टी रुख उन्हें पता है कि वह इसका विरोध करती है तो यह बताने की क्या जरूरत है कि कैसे यह कानून बन गया।

## ठंडे पड़े तेवर

हरियाणा विधानसभा चुनाव में 10 सीटे जीतकर भाजपा की मजबूरी बने जननायक जनता पार्टी के मुखिया दुष्यंत चौटाला जब उपमुख्यमंत्री बने तो आत्मविश्वास से लबरेज थे। पद संभालते ही वे मुख्यमंत्री की तरह आचरण करते हुए अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर अपने लोगों को मंत्री बनवाने की मुहिम में लग गए, लेकिन पुराने खिलाड़ी खट्टर ने आखिर उन्हें उनकी सीमा बता ही दी। अब वे न अपने पसंद के अधिकारियों की मनचाही नियुक्ति करा पा रहे हैं और न ही अपने समर्थकों को मंत्री बनाकर असंतोष थाम पा रहे हैं। भाजपा भी निर्दलीय विधायकों का समर्थन पाकर उन्हें अब पहले जैसा तवज्जो भी नहीं दे रही है।

-हरिभूमि ब्यूरो



## कांग्रेस सीडब्ल्यूसी बैठक: मोदी सरकार के खिलाफ चार प्रस्ताव किए पारित

# जेएनयू-जामिया हिंसा की जांच के लिए गठित हो आयोग:सोनिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और देश की अर्थव्यवस्था को लेकर शनिवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार हमला किया। कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने शनिवार को चार मुद्दों पर प्रस्ताव पास किया। कांग्रेस ने संशोधित नागरिकता कानून , राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) के विरोध को दबाने की सरकार की कोशिशों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है। इसके अलावा देश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति, जम्मू-कश्मीर में सरकार की पाबंदी के छह महीने पूरे होने और खाड़ी में ईरान और अमेरिका के बीच विवाद की वजह से बन रहे हालात को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी और अन्य स्थानों पर युवाओं एवं छात्रों पर हमले की घटनाओं के लिए उच्च स्तरीय आयोग का गठन किया जाना चाहिए। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में सोनिया गांधी ने कहा कि नए साल की शुरुआत संघर्षों, अधिनायकवाद, आर्थिक समस्याओं, अपराध से हुई है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने सीएए को भेदभावपूर्ण और विभाजनकारी कानून करार देते हुए दावा किया कि इसका मकसद भारत के लोगों को धार्मिक आधार पर बांटना है। सोनिया गांधी ने कहा कि जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया और कुछ अन्य जगहों पर युवाओं और छात्रों पर हमले की घटनाओं की जांच के लिए विशेषाधिकार आयोग का गठन किया जाए। उन्होंने खाड़ी क्षेत्र के घटनाक्रम को लेकर भी चिंता जताई।

> सीएए,अर्थव्यवस्था,कश्मीर के अलावा खाड़ी के हालात पर हुई चर्चा

राहुल गांधी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में मौजूद नहीं थे। इसे लेकर रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि राहुल गांधी अभी यात्रा कर रहे हैं। वे कल से उपलब्ध होंगे।

सुरजेवाला ने कहा कि दिल्ली पुलिस जेएनयू मामले में खुद दोषी है। वह निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती। वीसी और दिल्ली पुलिस दोनों हिंसा के लिए ज़िम्मेदार हैं। वीसी और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। इनकी भागीदारी की न्यायिक जांच हो। गृह मंत्री अमित शाह की भूमिक की भी जांच होनी चाहिए।

## नागरिकता संशोधन कानून

# केरल सरकार के विज्ञापनों पर बरसे गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान

तिरुवनंतपुरम

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर केरल में लेफ्ट के नेतृत्व वाली सरकार और गवर्नर आमने-सामने आ गए हैं। सूबे के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान ने सरकार की ओर से ऐक्ट के विरोध में अखबारों



में विज्ञापन छपवाने को लेकर आपत्ति जताई है। राष्ट्रीय अखबारों में सरकार के विज्ञापनों को लेकर गवर्नर ने कहा कि अपनी राजनीतिक कैंपेन के लिए जनता के पैसे की बर्बादी करना पूरी तरह से गलत है।

बता दें कि केरल सरकार ने शुक्रवार को अखबारों में विज्ञापन देकर दावा किया था कि राज्य सरकार संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए तत्पर है। विज्ञापन में कहा गया था कि सरकार ने नागरिकता संशोधन को सूबे में लागू न करने को लेकर विधानसभा से प्रस्ताव पारित किया है।

### संसद के कानून के खिलाफ लग रहा सरकारी पैसा

दिल्ली में मौजूद गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान ने टीवी चैनलों से बातचीत में कहा कि राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग करना पूरी तरह से गलत है। खान ने कहा, 'सरकारी धन का इस्तेमाल संसद की ओर से पारित कानून के खिलाफ प्रचार में किया जा रहा है। यह मुझे अंचभित करता है।


### राजनीतिक दल विज्ञापन देता तो ठीक, सरकार ने गलत किया

गवर्नर ने कहा कि यदि यह विज्ञापन किसी राजनीतिक दल की ओर से जारी किया गया होता तो कोई समस्या नहीं होती। केरल सरकार ने तीन राष्ट्रीय अखबारों में विज्ञापन देकर कहा था कि सरकार ने जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कई साहसी फैसले लिए हैं। सरकार ने नैशनल पॉप्युलेशन रजिस्टर पर रोक की भी बात कही है। केरल के सीएम पिनराई विजयन की सरकार ने एनपीआर को एनआरसी का शुरुआती कदम करार दिया है।

# असम: लोगों ने तेंदुए को पीट-पीटकर मार डाला फिर उसका मांस भी खा लिया

डिब्रूगढ़/गुवाहाटी

असम के डिब्रूगढ़ जिले में गुरुवार को एक वयस्क तेंदुए को लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। बताया गया कि इस तेंदुए ने चराईदेव में लगभग पांच लोगों पर हमला करके उनको घायल कर दिया था।



इसी के चलते दिल्लीबाड़ी गांव के लोगों ने पहले तेंदुए को पीट-पीटकर उसको मार डाला फिर उसके मांस को पकाकर खा भी लिया। दिल्लीबाड़ी गांव के रहने वाले दीपक ने बताया कि चराईदेव जिले के अटल रंगधाली गांव में इस तेंदुए ने पांच लोगों पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया था। हमले के बाद लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो नदी में कूदा और पार होकर दिल्लीबाड़ी गांव में आ गया। यहां लोगों ने इसपर लाठियों से हमला बोल दिया और इसकी जान ले ली।

# चेहरे पर गर्म पानी फेंकने वाले डीआईजी का सीआरपीएफ ने किया ट्रांसफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीआरपीएफ ने एक प्रशिक्षण केंद्र में एक जवान पर गर्म पानी फेंकने के आरोपी डीआईजी रैंक के अधिकारी का स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से मणिपुर और नागालैंड सेक्टर में कर दिया है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इस मामले की विस्तृत जांच अभी लंबित है। इस बीच सीआरपीएफ मुख्यालय ने शुक्रवार के अपने आदेश में अधिकारी के उनके नए पदभार के लिए सफलता की शुभकामनाएं दीं।

आदेश के अनुसार उप महानिरीक्षक (डीआईजी) डी. के. त्रिपाठी को बिहार के मोकामाघाट स्थित उनकी मौजूदा पोस्टिंग से मणिपुर और नगालैंड सेक्टर में स्थानांतरित किया गया है।

### ये था मामला

त्रिपाठी ने बिहार के राजगीर जिले में सीआरपीएफ के भर्ती प्रशिक्षण केंद्र में ज्यादा गर्म पानी पीने से अपना मुंह जलने पर पानी देने वाले जवान के चेहरे पर कथित तौर पर गर्म पानी फेंक दिया था। खबरों के मुताबिक इस घटना में जवान अमोल खरात का चेहरा और छाती जल गई। अधिकारियों ने बताया कि महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी की प्राथमिक जांच रिपोर्ट के बाद डीआईजी का स्थानांतरण कर दिया गया। घटना की पूर्ण जांच अभी जारी है। यह पूछे जाने पर कि आरोपी अधिकारी को स्थानांतरण के साथ शुभकामनाएं क्यों दी गईं, तो सूत्रों ने कहा कि स्थानांतरण और नियुक्ति के आदेश का ये एक मानक प्रारूप है।




डीआईजी त्रिपाठी ने इससे पहले कहा था कि जांच चल रही है और किसी एक पक्षीय खबर पर उनका टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।




नई दिल्ली में शनिवार को गणतंत्र दिवस परेड कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स के साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया।

### आयुष्मान योजना के तहत 30 लाख महिलाओं ने कराई गर्भाशय के कैंसर की जांच: ईरानी

**पणजी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को कहा कि केंद्र की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 लाख महिलाओं ने अब तक गर्भाशय के कैंसर की जांच कराई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक 70 लाख गरीब महिलाओं ने स्तन कैंसर की जांच कराई। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यहां महिला उद्यमियों के लिए यशस्विनी योजना, स्वास्थ्य सखी प्रोजेक्ट और स्तन कैंसर जांच सेवा शुरू करने के लिए आई थीं। उन्होंने कहा करीब 30 लाख से ज्यादा महिलाओं ने गर्भाशय के कैंसर की जांच कराई। पारंपरिक तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं इस तरह की जांच से गुजरने में हिचकिचा रहीं थीं लेकिन सरकारी योजनाओं को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में कहा भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब पांच लाख तक के इलाज का खर्चा उठाया जा रहा है।



# गुजरात के जूनागढ़ जिले में बस पलटी, छह की मौत, 20 घायल

एजेंसी ▶▶ जूनागढ़



गुजरात के जूनागढ़ जिले में शनिवार को एक निजी बस के पलट जाने से छह यात्रियों की मौत हो गयी जबकि कम से कम 20 अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि विसवदार तालुका के लालपुर गांव में यह हादसा हुआ।

विसवदार थाने के एक अधिकारी ने कहा निजी बस सावरकुंडला से जूनागढ़ जा रही थी। ड्राइवर बस से नियंत्रण खो बैठा और वह पलट गयी। छह व्यक्तियों की जान चली गयी और कम से कम 20 अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि घायलों को जूनागढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करीब 50 लोग बस में सवार थे। अधिकार के अनुसार इस हादसे में बस के ड्राइवर की भी मौत हो गयी।




## खबर संक्षेप



### अब मैं भी दौड़ में शामिल हो गया हूं

**पुणे।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में तेज तर्रार अर्धशतक के बाद कहा कि वह फिर से दौड़ में शामिल हो गए हैं और दूसरे सलामी बल्लेबाज पर फैसला करना टीम प्रबंधन का 'सिरदर्द' है। धवन के संक्षिप्त प्रारूप में फार्म में लौटने से भारतीय टीम प्रबंधन और कप्तान विराट कोहली के सामने सिरदर्द होगा कि वे फार्म में चल रहे तीन सलामी बल्लेबाजों लोकेश राहुल और रोहित शर्मा में किसका चयन करें।

### हैदराबाद एफसी और कोच ब्राउन ने नाता तोड़ा

**हैदराबाद।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की फ्रेंचाइजी हैदराबाद एफसी और मुख्य कोच फिल ब्राउन आपसी सहमति से अलग होने के लिए राजी हो गए हैं। शनिवार को क्लब ने यह घोषणा की। सत्र की शुरुआत में ब्राउन को क्लब का पहला मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। हैदराबाद एफसी के सहमालिक वरूण त्रिपुरानेनी ने कहा, 'हैदराबाद एफसी से जुड़ने के बाद से क्लब फिल का उनके प्रयासों के लिए आभारी है।

### मलिंगा ने हार के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया

**पुणे।** श्रीलंकाई कप्तान लसिथ मलिंगा ने भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में मिली हार के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया लेकिन स्वीकार किया कि कम अनुभवी टीम की अगुआई करने से उनका प्रदर्शन प्रभावित हो रहा है। इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने कहा कि शुरूआती विकेट नहीं ले पाना और साझेदारियां नहीं बनाना उनकी टीम के कमजोर प्रदर्शन का कारण है। श्रीलंकाई टीम पुणे में तीसरे टी-20 में 78 रन से हार गयी और तीन मैचों की श्रृंखला 0-2 से गंवा बैठी।

# टी-20 में राहुल शीर्ष भारतीय बल्लेबाज, कोहली भी आगे बढ़े

**एजेंसी ▶▶| दुबई**

भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल शनिवार को जारी आईसीसी की टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर बरकरार हैं जबकि कप्तान विराट कोहली एक स्थान के फायदे से नौवें पायदान पर पहुंच गए हैं।

भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के संपन्न होने के बाद यह रैंकिंग जारी की गई। भारत ने श्रृंखला 2-0 से जीती। रैंकिंग में भारत के शीर्ष बल्लेबाज राहुल ने श्रीलंका के खिलाफ दो पारियों में 45 और 54 रन बनाए जिससे उन्हें 26 अंक का फायदा उठाया। वह आस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल से सिर्फ छह अंक पीछे हैं। टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के शीर्ष बल्लेबाज कोहली नौवें स्थान पर हैं जबकि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी एक स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मनीष पांडे भी चार स्थान आगे बढ़कर 70वें पायदान पर हैं।

## सलामी बल्लेबाज राहुल छठे स्थान पर बरकरार





**डिसिल्वा को 72 स्थान का फायदा**

*श्रीलंका के लिए धनंजय डिसिल्वा बल्लेबाजों की रैंकिंग में 72 स्थान के फायदे से 115वें स्थान पर हैं। उन्होंने श्रृंखला में 74 रन बनाए। स्पिनर लक्षण संदाकन श्रृंखला में तीन विकेट हासिल करने के बाद 10 स्थान के फायदे से 29वें स्थान पर हैं। आईसीसी टीम रैंकिंग में भारत को दो अंक का फायदा हुआ है लेकिन टीम 260 अंक के साथ पांचवें स्थान पर बरकरार है। श्रीलंका को दो अंक का नुकसान हुआ है और टीम के अब अफगानिस्तान के बराबर 236 अंक हैं।*

### सैनी ने लगाई 146 स्थान की लंबी छलांग

*टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में हुए इस साल के पहले अपडेट में भारतीय तेज गेंदबाजों को काफी फायदा हुआ है जिससे इस साल आस्ट्रेलिया में होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप से पूर्व उनका मनोबल बढ़ेगा। श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नवदीप सैनी 146 स्थान की लंबी छलांग के साथ 98वें स्थान पर पहुंच गए हैं। शारदुल ठाकुर ने रैंकिंग में 92वें स्थान पर दोबारा प्रवेश किया है। इन दोनों तेज गेंदबाजों ने पांच-पांच विकेट चटकाए। फिट होकर वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आठ स्थान आगे बढ़कर 39वें पायदान पर हैं।*

**शीर्ष बल्लेबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 879 |
| 2 | एरोन फिंच | आस्ट्रेलिया | 810 |
| 3 | डेविड मलान | इंग्लैंड | 782 |
| 4 | कॉलिन मुनरो | न्यूजीलैंड | 780 |
| 5 | ग्लेन मैक्सवेल | आस्ट्रेलिया | 766 |

**शीर्ष पांच देश**

| रैंक | देश | मैच | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | पाकिस्तान | 31 | 270 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 26 | 269 |
| 3 | इंग्लैंड | 21 | 265 |
| 4 | द.अफ्रीका | 18 | 262 |
| 5 | भारत | 41 | 260 |

**शीर्ष गेंदबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | राशिद खान | अफगानिस्तान | 749 |
| 2 | मुजीब उर रहमान | अफगानिस्तान | 742 |
| 3 | मिशेल सेंटनर | न्यूजीलैंड | 698 |
| 4 | इमाद वसीम | पाकिस्तान | 681 |
| 5 | एडम जम्पा | आस्ट्रेलिया | 674 |

### क्रिकेट : भारतीय टीम खेलेगी पांच टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच

# हार्दिक कर सकते हैं वापसी, न्यूजीलैंड के खिलाफ राष्ट्रीय टीम का चयन आज

**एजेंसी ▶▶| मुंबई**

न्यूजीलैंड के छह हफ्ते के आगामी दौरे के लिए भारत की सीमित ओवर की टीम में ज्यादा फेरबदल की उम्मीद नहीं है और इसमें एकमात्र बदलाव आल राउंडर हार्दिक पंड्या को शामिल करना हो सकता है। भारतीय टीम 24 जनवरी से शुरू होने वाले दौर में पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी। इस दौरे के लिए टीम का चयन रविवार को किया जाएगा। न्यूजीलैंड में भारतीय टीम सफेद गेंद से आठ मैच खेलेगी और यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता 15 के बजाय 16 या 17 सदस्यीय टीम का चयन करेंगे या नहीं। भारत ए टीम का दौरा भी सीनियर टीम के दौरे के साथ ही हो रहा है तो चयनकर्ताओं के पास जरूरत पड़ने पर खिलाड़ियों को तुरंत शामिल करने का विकल्प होगा। इस साल टी-20 विश्व कप खेला जाना है, इसे देखते हुए चयनकर्ताओं का मुख्य ध्यान सफेद गेंद के क्रिकेट के लिए अहम खिलाड़ियों के चयन पर लगा होगा। श्रीलंका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में खेलने वाली टी-20 टीम के खिलाड़ियों का चयन तय ही है। लेकिन पहले ही ए टीम के साथ न्यूजीलैंड पहुंच चुके पंड्या के दो वनडे अभ्यास मैचों के अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ लिस्ट ए के दो मैचों में फिटनेस साबित करने के बाद टीम में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

- छह हफ्ते का आगामी दौरा 24 से, टीम में ज्यादा फेरबदल की उम्मीद नहीं



### विश्व टी-20 योजना के लिए पंड्या अहम

भारत ए के तीन लिस्ट ए मैच 26 जनवरी को ही समाप्त होंगे और पीठ की सर्जरी से वापसी करने के बाद उन्हें 29 जनवरी को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शामिल किया जा सकता है। बीसीसीआई के सीनियर अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, 'हार्दिक के बारे में, सिर्फ यही देखना है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह से फिट है या नहीं। वह भारत की विश्व टी-20 योजना के लिए बहुत अहम है।'

### वनडे टीम की सबसे कमजोर कड़ी जाधव

यह देखना भी दिलचस्प होगा कि वनडे टीम और टी-20 टीम एक सी होंगी या नहीं। वनडे टीम की सबसे कमजोर कड़ी केदार जाधव हैं जो दबाव के बावजूद 50 ओवर की टीम में अपना स्थान बरकरार रखे हैं। न्यूजीलैंड में जाधव की तकनीकी खामियां सामने आ सकती हैं और हाल के दिनों में ज्यादा ओवर नहीं खेलने को देखते हुए उन्हें टीम से बाहर किया जा सकता है। अगर टीम तकनीकी मजबूती के पहलू को देखती है तो अजिंक्य रहाणे वापसी कर सकते हैं लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो मुंबई के सूर्यकुमार यादव की आक्रमक बल्लेबाजी को देखते हुए पांचवें या छठे स्थान के विकल्प के रूप में देखा सकता है। सूर्य और संजू सैमसन दोनों ए टीम में शामिल हैं।



## पिछले दो दशक में सर्वश्रेष्ठ लारेस खेल लम्हे की दौड़ में तेंदुलकर

**एजेंसी ▶▶| लंदन**

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सहित 20 दावेदार 2000 से 2020 तक के सर्वश्रेष्ठ लारेस खेल लम्हे की दौड़ में शामिल हैं। भारत की 2011 विश्व कप में जीत के संदर्भ में तेंदुलकर से जुड़े लम्हे को 'कैरीड आन द शोल्डर्स आफ ए नेशन' शीर्षक दिया गया है। लगभग नौ साल पहले तेंदुलकर अपने छठे विश्व कप में खेलते हुए विश्व खिताब जीतने वाली टीम के सदस्य बने थे। भारतीय टीम के सदस्यों ने इसके बाद तेंदुलकर को कंधे में उठाकर मैदान का 'लैप आफ आनर' लगाया था और इस दौरान इस दिग्गज बल्लेबाज की आंखों से आंसू गिर रहे थे। भारत ने विश्व कप फाइनल में जीत तेंदुलकर के घरेलू मैदान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दर्ज की थी। लारेस अकादमी के सदस्य आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान स्टीव वा ने तेंदुलकर के नामांकन को क्रिकेट के लिए शानदार लम्हा करार दिया है।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे मे 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रुठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी मे दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹ 200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**ज्योतिष**

फीस नहीं इनाम लूंगा
गुरु रजा भारती (गोल्डमेडलिस्ट)
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरनी
घर बैठे 5 घंटे में 100% समाधान
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, विदेश यात्रा, तलाक, शादी में बाधा, नौकरी, कारोबार में बाधा, मुकदमा आदि A to Z समस्याओं का तुरंत समाधान । सभी जगह से निराश एक बार फोन करें ।
98 97 40 42 73

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
मुफ्त समाधान जाने घर बैठे (तीन पीढ़ियों का अनुभव)
लव मैरिज, वशीकरण, शादी में रुकावट, जादू-टोना, गृह क्लेश, सौतन दुश्मन से छुटकारा, कारोबार बंदिश, मूठकरनी
A to Z Solution
खान साहब जी
6397001080
निराश लोग अवश्य कॉल करें।

विश्वास ही परमात्मा है
हर समस्या का तुरंत समाधान
सूफी आलम जी
जैसे किया कराया, पति-पत्नि में झगड़ा, गृह कलेश, सौतन/दुश्मन से छुटकारा, विदेश यात्रा, प्रेम विवाह, रुठे को मनाना, तलाक, संतान न होना, ऊपरी असर, केरियर असफलता
स्पेशलिस्ट वशीकरण
8800677038
सिकन्दरपुर मैट्रो स्टेशन गुरुग्राम

बाबा अमन शाह बंगाली
तंत्र मंत्र व यंत्र के सम्राट
खुला चैलेंज जैसा चाहोगे वैसा होगा
2 घण्टों मे समाधान गारंटी कार्ड के साथ
स्पे. वशीकरण, मनचाहा प्यार, गृहकलेश, जादु टोना, कारोबार, विदेश यात्रा में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मुठकरनी A to Z समस्याएँ
अगर कोई भी मुझसे पहले काम करके दिखाये उसे नगद ईनाम
9711600338
गाजियाबाद
TIME 10 से 6 Fees ₹200/-

**लोन**

☞ एक बार सेवा का मौका अवश्य दें (बालाजी फाइनेंस) लाखों ग्राहकों का सम्पूर्ण विश्वास 1975 से रजि. कम्पनी मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, राशनकार्ड, बिजनेस लोन (ब्याज 1% छूट 60%) विश्वास आपका काम हमारा समस्त लोन, घरबैठे उपलब्ध सम्पर्क 70886-95357, 70553-49330

**लोन**

☞ SAI FINANCE (REGD.) नो फाइलचार्ज/ नो गांरटर आधारकार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, प्रोपर्टी, बिजनेस, होमलोन, BPL सभी लोन मात्र 6 घंटो में 2% ब्याज 50% छूट धोखेबाजो से सावधान एजेंट आमंत्रित- 9873712753

☞ (APPROVED) बजाज फायनेंस द्वारा पाये आधारकार्ड, मार्कशीट पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, कृषि, BPL कार्ड, ग्रुप लोन 2% ब्याज, 50% छूट (ऑनलाइन सुविधा) (एजेंट आमंत्रित) सम्पर्क करें। 7668916707

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**आवश्यकता**

☞ RELIANCE JIO कम्पनी (SMS-JOB) करके लड़के, लड़कियां गृहणियां, घर बैठे कमाएं 15,500-45,000 महीना लैपटॉप + मोबाइल + PRINTER मुफ्त CALL करें या WHATSAPP करें 7488196209, 6204872887

☞ होटल, रेस्टोरेंट में महिला/पुरुष चाहिए, रिसेप्शनिस्ट, कुक, सुपरवाईजर, वेटर, सफाई कर्मचारी, हाउसकीपिंग, सम्पर्क करें होटल अपना केशरी लॉप होटल शिव प्रभा इन पावर हाउस, भिलाई मो. नं. 98932-15251, 89669-81590

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


## प्रियंका, जतिन, अस्मी ने खेलो इंडिया युवा खेलों में चार-चार स्वर्ण जीते



**गुवाहाटी।** महाराष्ट्र की जिमनास्ट अस्मी अंकुश बडाडे और उत्तर प्रदेश के जतिन कुमार कनोजिया ने शनिवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अपने व्यक्तिगत पदकों की संख्या चार कर ली। एथलेटिक्स स्पर्धायें शनिवार से शुरू हुई और तुरंत ही सुर्खियों में छा गयी क्योंकि पहले ही दिन सात मीट रिकार्ड टूट गये। मध्य प्रदेश ने तीन स्वर्ण जीतकर अपनी छाप छोड़ी। गुजरात के खिलाड़ियों ने जूडो के आठ में से तीन स्वर्ण अपने नाम किये।देश के 36 राज्यों और सात केन्द्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों के बीच चल रही श्रेष्ठता की जंग में महाराष्ट्र सात स्वर्ण और आठ रजत सहित 27 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। छह स्वर्ण सहित 12 पदक के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे जबकि दिल्ली पांच स्वर्ण सहित 12 पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। कनोजिया ने लड़कों के अंडर-17 कलात्मक जिमनास्टिक, फ्लोर एक्सरसाइज और होरिजांटल बार में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पैरलल बार में भी अपना परचम लहराया। मध्यप्रदेश के अर्जुन वासकेल ने लड़कों की अंडर-17 3000 मीटर रेस जीती जबकि विवेक कुमार ने लड़कों की अंडर-17 भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## नोवाक जोकोविच एडीलेड अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से हटे

**एडीलेड।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने आगामी एडीलेड अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया जो टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए करारा झटका है। जोकोविच सिडनी में एटीपी कप टीम प्रतियोगिता में सर्बिया की अगुआई कर रहे हैं जिसमें टीम शनिवार को सेमीफाइनल में रूस से भिड़ेगी। जिन अधिकारियों ने एटीपी-डब्लूटीए टूर्नामेंट से उनकी अनुपस्थिति की पुष्टि की है, उन्होंने उनके हटने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। टूर्नामेंट निदेशक एलिस्टेयर मैकडोनाल्ड ने कहा, 'हम जानते हैं कि नोवाक इस साल एडीलेड में नहीं खेल पाने के लिए कितने निराश हैं और हम अगले साल टूर्नामेंट में उनका स्वागत करने की उम्मीद करते हैं।'



## पुजारा के 50वें प्रथम श्रेणी शतक से सौराष्ट्र विशाल स्कोर की ओर

**राजकोट।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा के 50वें प्रथम श्रेणी शतक और शेल्डन जैकसन के साथ उनकी अटूट साझेदारी से सौराष्ट्र ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन दो विकेट पर 296 रन बनाकर विशाल स्कोर की ओर कदम बढ़ाए। सौराष्ट्र ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद जगदीश सुचित ने दोनों सलामी बल्लेबाजों हार्विक देसाई (13) और स्नेल पटेल (16) को जल्द पवेलियन भेजकर मेजबान टीम का स्कोर 33 रन पर दो विकेट कर दिया। पुजारा (नाबाद 162) और शेल्डन जैकसन (नाबाद 99) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 263 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संवारा और दूसरे तथा तीसरे सत्र में कर्नाटक के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा।



### फुटबॉल...



**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में शनिवार को सनकॉर्प स्टेडियम में ब्रिस्बेन रोअर और मेलबर्न सिटी के बीच राउंड 14 ए-लीग मैच के दौरान बाएं से जेम्स ओ'शाह गेंद छिनने के लिए जोर लगाते हुए।

## दिल्ली ओपन शतरंज में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों में दो भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत के कार्तिक वेंकटरमन और सीआरजी कृष्णा 18वें दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में शनिवार को चौथे दौर के बाद चार जीत के साथ शीर्ष पर काबिज पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा पेरू के मार्टिनेज अलकांट्रा, बेलारूस के अलेक्सेज अलेक्सांद्रोव और बांग्लादेश के ग्रैंडमास्टर जियाउर रहमान संयुक्त रुप से शीर्ष पर हैं। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से छह खिलाड़ी हैं। वेंकटरमन ने गुड़गांव की इश्वी अग्रवाल को शिकस्त दी जबकि कृष्णा ने रूद्राशीष चक्रवर्ती को हराया। चौथी वरीयता प्राप्त अलकांट्रा ने भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर हिमल गुंसाई जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त अलेक्सांद्रोव ने भारतीय खिलाड़ी निरंजना नवालगुंड को 70 चालों में पराजित किया। तीसरी वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर कार्तिकेय मुरली को सप्तऋषि राय को ड्रा पर रोका।

### नीदरलैंड के मुख्य हॉकी कोच कैलडस का बयान

# भारत में भारत के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

नीदरलैंड के मुख्य कोच मैक्स कैलडस को एफआईएच प्रो लीग के दूसरे सत्र में भारतीय हाकी टीम से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है और उन्होंने कहा कि आठ बार के ओलंपिक चैंपियन का उसकी सरजमीं पर सामना करना हमेशा मुश्किल होता है। प्रो लीग के पहले सत्र से बाहर रहने वाला भारत भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ 18 और 19 जनवरी को इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगा। कैलडस ने इस प्रतियोगिता में अच्छी शुरुआत के महत्व पर जोर दिया जहां टीम पिछले साल चैंपियन आस्ट्रेलिया और बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। कैलडस ने कहा, 'भारत के खिलाफ मैच काफी महत्वपूर्ण हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत के खिलाफ भारत में खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन यह काफी रोमांचक भी होता है क्योंकि हमें भुवनेश्वर में खेलना पसंद है।'

- एफआईएच प्रो लीग के दूसरे सत्र का आगाज 18 से




**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the Certificate(s) for the under mentioned Equity Shares of the Company have been lost/misplaced and the holder(s)/purchaser(s) of the said Equity Shares have applied to the Company to issue duplicate Share Certificate(s).

Any person who has a claim in respect of the said Shares should lodge the same with the Company at its Registered Office within 21 days from this date else the Company will proceed to issue duplicate certificate(s) to the aforesaid applicants without any further intimation.

Folio No. 0038268, Name of Shareholder- Lt. Amarjit Kaur & Bhopindar Singh, No. of Shares 100, Distinctive Nos. 15824451-4550, Certificate Nos. 71176

Name and Registered Office address of Company: IG Petrochemicals Ltd. T-10, IIIrd Floor, Jairam Complex,Mala, Panaj,Goa-403001

Name of Shareholder(s) Lt. Amarjit Kaur & Bhopindar Singh

Place : New Delhi
Date : 13/01/2020

# वेतनभोगियों के लिए टैक्स बचाने के ये सत्रह तरीके

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

वेतनभोगी कर्मचारी देश के समग्र करदाताओं के प्रमुख हिस्सा हैं और कर संग्रह में उनका योगदान महत्वपूर्ण होता है। आयकर कटौती वेतनभोगी वर्ग के लिए टैक्स बचाने का अवसर प्रदान करती है। इन कटौती और छूट का लाभ उठाकर व्यक्ति अपनी टैक्स देनदारियों को काफी हद तक कम कर सकता है।

## हाउस रेंट भत्ते की छूट

किराए पर रहने वाले एक वेतनभोगी व्यक्ति को एचआरए (हाउस रेंट अलाउंस) का लाभ मिल सकता है। यदि आप किसी किराए के आवास में नहीं रहते हैं और अभी भी एचआरए प्राप्त करना जारी रखते हैं, तो यह कर योग्य होगा। यदि आप एचआरए का दावा करने के लिए सबूत के रूप में अपने नियोक्ता को किराए की रसीदें जमा नहीं कर सकते हैं, तो भी आप अपनी आयकर रिटर्न दाखिल करते समय छूट का दावा कर सकते हैं। इसलिए, कृपया किराए की रसीदें और किराए के प्रति किए गए किसी भी भुगतान के साक्ष्य रखें। आप एचआरए छूट के रूप में निम्न में से कम का दावा कर सकते हैं। ए) आपके नियोक्ता से प्राप्त कुल एचआरए ख) किराए के भुगतान पर कम 10% का (बेसिक वेतन + डीए) सी) गैर-महानगरों के लिए वेतन का 40% (बेसिक + डीए) और महानगरों के लिए वेतन का 50% (बेसिक + डीए)।

## स्टैंडर्ड कटौती

मानक कटौती की राशि वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए 50,000। यह परिवहन भत्ता (19,200 रुपये) और चिकित्सा प्रतिपूर्ति (15,000 रुपये) के स्थान पर था। परिणामस्वरूप, वेतनभोगी लोग रुपये की अतिरिक्त आयकर छूट का लाभ उठा सकते हैं। वित्त वर्ष 2019-20 में 15,800।

## छुट्टी यात्रा भत्ता (एलटीए)

वेतनभोगी कर्मचारियों को एलटीए की छूट, उनके द्वारा छुट्टियों के दौरान किए गए यात्रा व्यय पर रोक। इस छूट में संपूर्ण यात्रा जैसे खरीदारी, भोजन खर्च, मनोरंजन और अन्य लोगों के लिए अवकाश की लागत शामिल नहीं है। आप चार साल के ब्लॉक में दो बार एलटीए का दावा कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति इस छूट का उपयोग किसी ब्लॉक के भीतर नहीं करता है, तो वह अगले ब्लॉक में उसे ले जा सकता है। एलटीए में केवल घरेलू यात्रा शामिल है न कि अंतर्राष्ट्रीय यात्रा की लागत। इस तरह की यात्रा का तरीका या तो रेलवे, हवाई यात्रा या सार्वजनिक परिवहन होना चाहिए।

## मोबाइल प्रतिपूर्ति

एक करदाता मोबाइल और टेलीफोन पर खर्च का इस्तेमाल कर सकता है। आयकर कानून एक कर्मचारी को किए गए खर्चों की कर मुक्त प्रतिपूर्ति का दावा करने की अनुमति देता है। एक कर्मचारी वास्तविक बिल राशि का भुगतान या वेतन पैकेज में प्रदान की गई राशि की प्रतिपूर्ति का दावा कर सकता है, जो भी कम हो।

## पुस्तकों और पत्रिकाओं पर छूट

कर्मचारी पुस्तकों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, पत्रिकाओं और इतने पर खर्च करते हैं। आयकर कानून एक कर्मचारी को किए गए खर्चों की कर मुक्त प्रतिपूर्ति का दावा करने की अनुमति देता है। किसी कर्मचारी को दी गई प्रतिपूर्ति बिल राशि या वेतन पैकेज में दी गई राशि से कम होगा।

## खाद्य कूपन

आपका नियोक्ता आपको भोजन कूपन जैसे सोडेक्सो प्रदान कर सकता है। ऐसे खाद्य कूपन कर्मचारी के हाथों में अनुलाभ के अनुसार कर योग्य होते हैं। हालांकि, ऐसे भोजन कूपन पर प्रति भोजन 50 रुपये तक की छूट है। 22 कार्य दिवसों और 2 भोजन पर आधारित एक गणना के परिणामस्वरूप मासिक लाभ 2,200 रुपये (22 * 100) है। नतीजतन, वार्षिक छूट 26,400 रुपये तक काम करती है।

## 80 सी, 80 सीसीसी और 80 सीसीडी (1)

कुछ निवेश नीचे दिए गए हैं, जो अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक की धारा 80 सी, 80 सीसीसी और 80 सीसीडी (1) के तहत छूट के पात्र हैं। 1. जीवन बीमा प्रीमियम 2. पीपीएफ खाते में योगदान 3. सुकन्या समृद्धि खाता 4. राष्ट्रीय पेंशन योजना 5. सावधि जमा (कर बचत) 6. डाक कार्यालय समय जमा 7. एनएससी (राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र) 8. इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) 9. कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) 10. वार्षिकी / पेंशन योजनाएं 11. होम लोन पर मूल भुगतान 12. बच्चों की ट्यूशन फीस

**टैक्स की बात**



## चिकित्सा बीमा कटौती (धारा 80 डी)

धारा 80 डी चिकित्सा खर्च पर कटौती है। स्व, परिवार और आश्रित माता-पिता के स्वास्थ्य के लिए भुगतान किए गए चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर कर बचा सकता है। स्वयं / परिवार के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम के लिए धारा 80 डी कटौती की सीमा 25,000 रुपये है। वरिष्ठ नागरिक माता-पिता के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम के लिए, आप 50,000 रुपये तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 5,000 रुपये की सीमा तक स्वास्थ्य जांच की भी अनुमति है और इसे समग्र सीमा में शामिल किया गया है।

## होम लोन पर ब्याज (80 सी और धारा-24)

गृहस्वामियों के पास स्व-कब्जे वाली संपत्ति के लिए होम लोन पर ब्याज में कटौती के रूप में 2 लाख रुपये तक का दावा करने का विकल्प है। यदि घर की संपत्ति को किराए पर दिया जाता है, तो आप इस तरह के होम लोन से संबंधित संपूर्ण ब्याज के लिए कटौती का दावा कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि वित्त वर्ष 2017-18 से, आय के अन्य स्रोतों के खिलाफ घर की संपत्ति से होने वाले नुकसान को 2 लाख रुपये तक सीमित कर दिया गया है। उपरोक्त के अलावा, कोई भी आवास ऋण पुनर्भुगतान के प्रमुख घटक को 80 सी के तहत कटौती के रूप में अधिकतम 1.5 लाख रुपये की सीमा तक दावा कर सकता है।

## उच्च शिक्षा ऋण पर कटौती (धारा 80 ई)

आयकर अधिनियम शिक्षा ऋण पर ब्याज में कटौती प्रदान करता है। इस तरह की कटौती का दावा करने से जुड़ी महत्वपूर्ण शर्तें यह हैं कि ऋण किसी व्यक्ति या उसके पति या बच्चों द्वारा उच्च अध्ययन (भारत या विदेश में) के लिए बैंक या वित्तीय संस्थान से लिया जाना चाहिए। कोई इस कटौती का दावा उस वर्ष से शुरू कर सकता है जिसमें ऋण चुकाना शुरू हो जाता है और अगले सात वर्षों तक (यानी कुल 8 मूल्यांकन वर्ष) या ऋण चुकाने से पहले, जो भी पहले हो। यहां तक कि एक कानूनी अभिभावक भी इस आयकर कटौती का लाभ उठा सकता है।

## दान के लिए कटौती (धारा 80 जी)

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 जी एक निर्धारिती को आयकर कटौती प्रदान करती है, जो धर्मार्थ संगठनों को दान करती है। यह कटौती प्राप्त करने वाले संगठन के आधार पर भिन्न होती है, जिसका तात्पर्य यह है कि व्यक्ति दान की गई या उसके बिना 50% या 100% की कटौती का लाभ उठा सकता है।

## बचत खाता ब्याज पर कटौती (80 टीटीए)

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 टीटीए बचत खाता ब्याज से अर्जित आय पर 10,000 रुपये तक की कटौती प्रदान करता है। यह छूट व्यक्तियों और एचयूएफ यानी अविभाजित हिंदू परिवार के लिए उपलब्ध है। यदि बैंक ब्याज से आय 10,000 रुपये से कम है, तो पूरी राशि में कटौती की अनुमति दी जाएगी। यदि बैंक ब्याज से आय 10,000 रुपये से अधिक है, तो उसके बाद की राशि कर योग्य होगी।

## होम लोन ब्याज पर कटौती (धारा 80ईई)

धारा 80 ईई गृहस्वामियों को गृह ऋण ईएमआई के ब्याज घटक के लिए रु 50,000 (धारा 24) की अतिरिक्त कटौती का दावा करने की अनुमति देता है। बशर्ते, ऋण 35,00,000 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए और संपत्ति का मूल्य 50,00,000 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, किसी व्यक्ति के पास ऋण स्वीकृत होने के समय उसके नाम पर पंजीकृत कोई अन्य संपत्ति नहीं होनी चाहिए।

## नियोक्ता से मिली कैब सुविधा परिवहन

नियोक्ता आम तौर पर कर्मचारियों के कार्यालय और निवास से कैब की सुविधा प्रदान करते हैं। कर्मचारी के लिए इस तरह की सुविधा पर कर नहीं लगता है। सुविधा नियोक्ता के लिए एक खर्च होगी। भारतीय आयकर अधिनियम के अनुसार, कंपनी या नियोक्ता द्वारा यात्रा के लिए किसी भी वाहन का उपयोग कर्मचारी द्वारा अपने कार्यालय से अपने कार्यालय या किसी अन्य स्थान पर यात्रा करने के लिए, कर योग्य नहीं माना जाएगा, भले ही उसे मुफ्त या रियायती दर पर प्रदान किया गया हो।

## नियोक्ता से मिली हेल्थ क्लब की सुविधा

नियोक्ता द्वारा सभी कर्मचारियों को समान रूप से प्रदान किए जाने वाले स्वास्थ्य क्लब की सुविधा के मामले में, सुविधा कर्मचारी के हाथों में अनुलाभ के रूप में कर योग्य नहीं है। नियोक्ता द्वारा प्रदान किए गए उपहार या वाउचर किसी नियोक्ता द्वारा नकद या तरह से दिए गए उपहार या वाउचर पर प्रति वर्ष 5,000 रुपये तक की कर छूट है।

## कर्मचारी पर भारत के बाहर चिकित्सा व्यय

ऐसे मामले में जहां नियोक्ता भारत से बाहर चिकित्सा उपचार पर खर्च करता है, कर्मचारी पर या ऐसे कर्मचारी के परिवार के किसी भी सदस्य पर, कर्मचारी के परिवार या किसी भी सदस्य के विदेश यात्रा और प्रवास में रहने वाले और संबंध में मरीज के साथ आने वाला।

***(उपरोक्त व्यय कर्मचारी को इस शर्त के अधीन कर से मुक्त हो सकता है- चिकित्सा उपचार और विदेश में रहने पर होने वाले व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत सीमा तक ही छूट दी जाएगी। तथा यात्रा पर होने वाले खर्च के रूप में कहा व्यय उसमें शामिल करने से पहले अभिकलन, केवल एक कर्मचारी जिसका सकल कुल आय के मामले में दस्तूरी से बाहर रखा जाएगा, दो से अधिक नहीं है लाख रुपये।)***

# इन्वेस्टमेंट प्रूफ रखिये तैयार, वरना सैलरी से कट जाएगा टीडीएस

**एक वित्तीय वर्ष में आप जब अप्रैल-मई में इन्वेस्टमेंट डिक्लेयरेशन देते हैं तब आपको इसका प्रूफ नहीं जमा करना होता है, लेकिन दिसंबर-जनवरी में आकर आपको सारे प्रूफ जमा करने होते हैं।**



बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

वित्तीय वर्ष 2019-20 की आखिरी तिमाही शुरू हो चुकी है। आपका नियोक्ता यानी एम्प्लॉयर अब आपसे डिक्लेयर किए गए इन्वेस्टमेंट प्रूफ की डिमांड करेगा। अगर आप सारे डाक्यूमेंट समय पर अपनी कंपनी को दे देते हैं तो आपकी आने वाली सैलरी में से टीडीएस कम कटेगा। अगर आपने इसमें लापरवाही की तो आपकी सैलरी से ज्यादा टीडीएस कट जाएगा, यानी आपकी टेक होम सैलरी कम आएगी, जाहिर इसका असर आपके हर महीने के बजट पर भी आएगा। इसलिए आपने जो पहले कंपनी में इन्वेस्टमेंट डिक्लेयरेशन दिया है, उसके मुताबिक प्रूफ इकट्ठा कर लें। कंपनी टीडीएस को आपकी सैलरी में एडजस्ट करती है। हम यहां उन डॉक्यूमेंट पर चर्चा करते हैं जिन्हें आप प्रूफ के तौर पर तैयार रख सकते हैं।

## 80(सी) के तहत इनमें छूट

इनकम टैक्स की धारा 80(सी) के तहत आप अधिकतम 1.5 रुपये तक की रकम के लिए टैक्स छूट पा सकते हैं। इसके तहत टैक्स छूट पाने के लिए आप निम्न डॉक्यूमेंट तैयार रख सकते हैं।

लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी प्रीमियम की रसीद

**खुद और डिपेंडेंट के लिए जमा किए गए यूलिप (यूएलआईपी) प्लान के प्रीमियम का प्रूफ**

म्यूचुअल फंड ईएलएसएस (इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम) में निवेश का प्रूफ

**पीपीएफ (पब्लिक प्रोविडेंड फंड) में निवेश की गई राशि के दस्तावेज**

एनएससी (नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट) में किया गया निवेश

**होम लोन के मूलधन पर किया गया रीपेमेंट**

दो बच्चों तक की ट्यूशन फीस का पेमेंट

**टैक्स सेविंग फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) राशि**

एनपीएस में किया गया योगदान

**सुकन्या समृद्धि योजना में किया गया निवेश**

## हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर भी छूट

अगर आपने खुद, पत्नी/पति और बच्चे के लिए कोई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ली है तो आप 25000 रुपये तक के सालाना प्रीमियम पर धारा 80(डी) के तहत टैक्स छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं। सीनियर सिटिजन के लिए यह सीमा 50000 रुपये है। आप हाइयर एजुकेशन के लोन पर सिर्फ ब्याज, प्रिवेंटिव हेल्थ चेक अप, एनपीएस, होम लोन, एचआरए और एलटीए पर भी टैक्स छूट पा सकते हैं।

# जब आश्रित न हो तो ऐसे चुनें सही इंश्योरेंस कवर

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

यदि कोई वित्तीय जिम्मेदारी नहीं है तो भी फाइनैंशियल स्टेबिलिटी के लिए इंश्योरेंस कवर की अहमियत कम नहीं है। हालांकि किसी को किस तरह के इंश्योरेंस की जरूरत होगी यह उनकी जरूरतों पर निर्भर करता है। बीमा लेने में हमेशा लॉन्ग टर्म फायदे को ध्यान में रखना चाहिए। अगर कोई भी आप पर आश्रित नहीं है तो आपको लाइफ इंश्योरेंस से



अधिक जरूरी ऐसा बीमा या निवेश है जो आपको अचानक लॉस ऑफ इनकम से बचा सके। आय और बचत दोनों को बेपटरी करने वाले बड़े खर्च से आपको बचा सके।

**लॉस ऑफ इनकम का कवरेज हो** : पर्सनल एक्सिडेंट इंश्योरेंस से किसी एक्सिडेंट के चलते टेंपररी डिसेबिलिटी हो जाए या काम करने में अक्षम हो जाने की सूरत में लॉस ऑफ इनकम कवर हो जाएगा। ऐसी पॉलिसी होने पर पॉलिसी टर्म के हिसाब से तब तक इनकम हासिल होती रहेगी जब तक बीमाधारक काम शुरू करने की स्थिति में न आ जाएं।

**इनकम प्रोटेक्शन कवर जरूरी नहीं** : लाइफ इंश्योरेंस में इनकम प्रोटेक्शन हासिल होता है लेकिन इसका फायदा तभी मिलता है जब कवर्ड पर्सन की मौत हो जाए। हालांकि इसमें ऐसे कुछ राइडर्स शामिल होते हैं जिनसे एक्सिडेंट कवर भी हो जाता है। लेकिन हो सकता है कि कवरेज का दायरा बड़ा न हो और उसकी कॉस्ट ज्यादा हो। ऐसा इसलिए कि उन्हें लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए भी प्रीमियम देना होगा जिनकी जरूरत उन्हें फिलहाल नहीं है।

**हेल्थ पॉलिसी** : आश्रित न हो तो हेल्थ इंश्योरेंस लेने के बारे में सोचना चाहिए, जिसमें मेडिकल कॉस्ट कवर हो सके। यंग और हेल्दी रहने पर पॉलिसी कम प्रीमियम में मिल जाती है। अगर हेल्थ पॉलिसी को नियमित रूप से समय पर रिन्यू कराते रहते हैं तो उम्र के उस पड़ाव पर भी सस्ता कवर मिलता रहेगा जब किसी को सबसे ज्यादा जरूरत होगी।

**पास में कार हो तो** : यदि आपके पास कार है तो थर्ड पार्टी कवर लेने के बजाय कॉम्प्रिहेंसिव मोटर इंश्योरेंस लेना बेहतर ऑप्शन हो सकता है क्योंकि इसमें डैमेज भी कवर होगा।

**टाइप और कवर के साइज का रखें ध्यान** : इंश्योरेंस टाइप और कवर के साइज पर विचार करते वक्त बीमे की कॉस्ट के बारे में भी सोचना चाहिए। ओवरइंश्योर्ड होने की स्थिति में प्रीमियम भी जरूरत से ज्यादा होगा, अंडरइंश्योर्ड होने पर दुर्घटना होने पर इनकम लॉस का खतरा पैदा होगा।

# आईटीआर-1 फॉर्म में इस साल पासपोर्ट का करना होगा खुलासा

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मूल्यांकन वर्ष 2020-21 के लिए आईटीआर फॉर्म-1 और आईटीआर-4 को अधिसूचित किया है। इन फॉर्मों को 3 जनवरी 2020 को अधिसूचित किया गया था। इस बार बोर्ड फॉर्म जारी करने में बहुत मुस्तैद रहा है। यह करदाताओं को सभी आवश्यक जानकारी के साथ तैयार होने में मदद करेगा और वित्त वर्ष 2019-20 के लिए आसानी से अपने आयकर रिटर्न दाखिल करेगा।

## 1. आईटीआर-1

एक व्यक्ति जो घर की संपत्ति से आय के तहत नुकसान उठाता है, अपने आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए अब आईटीआर-1 का उपयोग नहीं कर सकता है। आईटीआर-1 फॉर्म उन व्यक्तियों के लिए मान्य नहीं है जिन्होंने बैंक खातों में एक करोड़ रुपये से अधिक जमा किए हैं या क्रमशः बिजली या विदेश यात्रा पर 1 लाख या 2 लाख रुपये खर्च किए हैं। आईटीआर-1 सहज में रिटर्न एक साधारण निवासी व्यक्ति द्वारा दाखिल किया जा सकता है, जिसकी कुल आय 50 लाख रुपये से अधिक नहीं है। एक करदाता जो एक घर की संपत्ति का सह-मालिक है, उसे अब संपत्ति से आय की रिपोर्ट करने के लिए आईटीआर-1 दर्ज करने की अनुमति नहीं है। इस फॉर्म को भरने के लिए संपत्ति के एकमात्र मालिक की आवश्यकता होती है। यदि मकान की संपत्ति किराए पर दी जाती है, तो करदाता को आईटीआर -1 में किरायेदार का नाम और पैन या आधार देना होगा। आईटीआर-1 के भाग ए- सामान्य सूचना में एक नया खुलासा जोड़ा गया है। यहां करदाता को यह बताना होगा कि उसके पास वैध भारतीय पासपोर्ट है या नहीं। यदि हां, तो उसे पासपोर्ट नंबर देना होगा। धारा 56 (2) (viii) के तहत मुआवजे या बढ़े हुए मुआवजे पर प्राप्त ब्याज के मामले में 'कटौती यू / एस 57 (iv) के लिए अन्य स्रोतों से आय के तहत एक अलग कॉलम पेश किया गया है।

## 2. आईटीआर-4

एक करदाता जिसके पास 'घर की संपत्ति से आय' से आगे की हानि / आगे ले जाने वाला है, वह वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अपना आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-4 का उपयोग नहीं कर सकता है। यदि मकान की संपत्ति किराए पर दी जाती है, तो करदाता को आईटीआर-4 में किरायेदार का नाम और पैन या आधार देना होगा। आयकर विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2019-20 में आईटीआर-4 का उपयोग करने वाले आयकर विभाग द्वारा आवश्यक अतिरिक्त विवरण निम्नानुसार हैंः करदाता ने पिछले वर्ष के दौरान एक या एक से अधिक चालू खाते में एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि या कुल राशि जमा की है? यदि हां, तो राशि की सूचना देनी होगी। क्या करदाता ने खुद के लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए विदेशी देश की यात्रा के लिए 2 लाख रुपये से अधिक की राशि या कुल राशि खर्च की है? यदि हां, तो राशि की सूचना देनी होगी। क्या करदाता ने पिछले वर्ष के दौरान बिजली की खपत पर 1 लाख रुपये से अधिक का व्यय किया है? यदि हां, तो राशि की सूचना देनी होगी। यदि आईटीआर -4 एक प्रतिनिधि द्वारा दायर किया जा रहा है, तो वित्तीय वर्ष 2019-20 से आईटीआर -4 में प्रतिनिधि की आधार संख्या प्रदान की जानी चाहिए। आईटीआर-4 का उपयोग करने वाले करदाताओं को भाग ए- सामान्य जानकारी में निम्नलिखित अतिरिक्त विवरणों का खुलासा करना होगाः क्या करदाता फर्म का भागीदार है? यदि हां, तो उसे फर्म के नाम और पैन को प्रस्तुत करना होगा। फर्म के साझेदारों का नाम जैसे कि नाम, पता, फर्म में हिस्सेदारी का प्रतिशत, पैन, आधार संख्या, पूंजी पर ब्याज की दर और पारिश्रमिक का भुगतान / देय। आईटीआर-4 के कारोबार के वित्तीय विवरणों को "व्यापार से संबंधित नकद और बैंक लेनदेन का विवरण" द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इस टैब के तहत, करदाता को नकद और बैंक (सभी बैंक खातों का कुल), वर्ष के दौरान प्राप्तियां, और पिछले वर्ष में किए गए भुगतान या निकासी में प्रवेश करना होगा।

## 3. सभी रूपों के लिए लागू

सभी पंजीकृत करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य है, सिवाय उन लोगों को छोड़कर जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक है और व्यवसाय या पेशे से कोई आय नहीं है। यदि आप नियत तारीख के भीतर अपना रिटर्न दाखिल नहीं करते हैं, तो धारा 234 एफ के तहत 10,000 रुपये तक लेवी होगी। रिटर्न में धारा 234 एफ के तहत देय शुल्क का विवरण प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्रों में जगह है।

वित्तीय आत्मनिर्भरता पाने के लिए निवेश को आदत बनाना जरूरी, बचत भर की सोच से बाहर निकलना भी जरूरी

# ज्यादा रिटर्न पाने के लिए आसान उपायों से प्रबंधन करें महिलाएं

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

महिलाएं आजकल कई क्षेत्रों में पुरुषों को पीछे छोड़कर आगे निकल रही है। इसमें वेतन की समानता भी शामिल है, जो अंसभव दिखने वाला सपना नहीं रह गया है। हालांकि अगर हम महिलाओं के निवेश की बात करें तो एक अलग ही कहानी निकलकर सामने आती है। कई अध्ययन से साबित होता है कि महिलाओं को निवेश करने में न केवल झिझक होती है, बल्कि इस मामले में पुरुषों से कम आक्रामक दिखती है।

## निवेश में दिलचस्पी कम इसलिए

महिलाओं और पुरुषों को एक ही काम के लिए मिलने वाले वेतन में अंतर काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन इस दिशा में संतुलन कायम करने के लिए अभी बहुत कुछ करना ज़रूरी है। आय में अंतर महिलाओं के निवेश में कम दिलचस्पी लेने का कारण हो सकता है, लेकिन इसे उचित कारण नहीं माना जाना चाहिए। जब निवेश की बात आती है तो महिलाओं की सबसे पहली पसंद वह प्लान होते हैं, जहां से उन्हें फिक्सड रिटर्न मिल सकें। महिलाओं ने जोखिम लेकर जीवन के कई क्षेत्रों में सफलता हासिल की है। पर जहां रुपये-पैसे की बात आती है, वहां महिलाएं पूरी तरह अपने को बांध लेती है और रूढ़िवादी और परंपरावादी तरीके से सोचती हैं। वह अपने जीवन के बाद के वर्षों में निवेश की बात सोचती है, लेकिन तब तक वह अपने निवेश पर ज्यादा रिटर्न मिलने का अवसर खो देती है। अगर यह धन महिलाएं अपनी उम्र के प्रारंभिक दौर में निवेश करें तो उन्हें ज्यादा से ज्यादा रिटर्न मिल सकता है। आमतौर पर महिलाएं निवेश के बाद अपना पैसा डूबने की खौफनाक कहानियों से पुरुषों से कहीं जल्दी प्रभावित हो जाती हैं। यह निवेश संबंधी ज्ञान और जागरूकता न होने के कारण होता है।

## निवेश संबंधी टिप्स

निवेश के गुणा-भाग का आकलन करते हुए अगर बुद्धिमानी से और जल्दी निवेश किया जाए तो इससे महिलाओं को अपना और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है।

**फाइनेंशियल प्लानिंग**

**अभी महिलाओं के लिए अपने पैसे का ठीक ढंग से निवेश करने के तरीके के बारे में काफी खोजबीन बाकी है। इस विषय में रिसर्च करते हुए महिलाओं के लिए निवेश के रास्ते में आने वाली रुकावटों को देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही निवेश से प्राप्त होने वाले लाभों को भी सामने लाना चाहिए, जिससे महिलाओं को भी क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।**



यहां निवेश के संबंध में कुछ टिप्स दिए गए हैं।

## 1. खुद फाइनेंशियली शिक्षित बनें

हजारों मील का सफर एक कदम उठाने से शुरू होता है। वित्त प्रबंधन के बारे में आप जितना संभव हो सकें, ज्यादा से ज्यादा जानने और समझने की कोशिश कीजिए। निवेश के तरीकों के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए कई ऐप्स, वर्कशॉप्स और ब्लॉग ऑनलाइन और ऑफलाइन मौजूद हैं। इसमें आपको कुछ खर्च नहीं करना पड़ेगा। अपने धन का उचित निवेश का सबसे बेहतरीन तरीका पहले इस संबंध में ज्यादा से ज्यादा शिक्षित होना है।

## 2. निवेश की रणनीति बनाइए

महिलाओं को किसी भी क्षेत्र में निवेश की योजना बनाते समय कई लिंग आधारित विशेषताओं जैसे पुरुषों के मुकाबले उनकी आमदनी में असमानता और पुरुषों की तुलना में उनके ज्यादा लंबी उम्र तक जीने की संभावना या जीवन प्रत्याशा पर विचार करना चाहिए, जिससे उन्हें उनकी उम्मीद के मुताबिक रिटर्न देने वाला प्लान मिल सके।

## 3. जल्दी निवेश करना शुरू करें

कई अध्ययन से यह पता चलता है कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले ज़्यादा उम्र तक जीती हैं। ज़्यादा उम्र तक जीने का मतलब अपने और अपने परिवार के गुज़ारे के लिए ज़्यादा धन की ज़रूरत। यह जरूरत केवल आपकी बचत से पूरी नहीं हो सकती इसलिए भविष्य को सुरक्षित रखने का बुद्धिमानीपूर्ण तरीका कम उम्र में निवेश करना है।

## 4. अपने वित्तीय दायरे को बढ़ाइए

महिलाएं लंबी अवधि के निवेश संबंधी प्लान में दिलचस्पी लेती है, पर रिटर्न हासिल करने में अपना प्रदर्शन को सुधारने के लिए महिलाओं को कुछ जोखिम लेकर इस धारणा से बाहर निकलना चाहिए कि "मैं केवल निश्चित रूप से रिटर्न देने वाले प्लान में ही निवेश करूंगी, चाहे उससे मुझे कम रिटर्न ही मिले।" महिलाओं को अपने निवेश का दायरा फैलाना चाहिए और किसी एक ही जगह पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए।

## निवेश के मौके को भुनाइए

महिलाओं को अपनी व्यक्तिगत वित्तीय जिंदगी की जरूरत पर ध्यान देना चाहिए। आप निवेश के उचित माध्यमों के बारे में जानकारी लेने के लिए फाइनेंशल प्लानर की मदद लेने पर विचार कर सकते हैं। आप किसी भी फाइनेंशियल प्लान का आकलन कर सकते हैं। निवेश के क्षेत्र में नए और अनुभवहीन हैं तो कई फाइनेंशियल प्लानर मदद के लिए उपलब्ध है। आज निवेश के कई विकल्प मौजूद है, जिसमें सभी की जरूरतों को पूरा करने वाला कुछ न कुछ है। इसलिए मौके को भुनाइए।

## ईरान ने विमान पर मिसाइल से टकराने की बात से किया था इनकार, अब कबूला

# हमें माफ करें, यूक्रेन के यात्री विमान को हमारी सेना ने गलती से मार गिराया

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने शनिवार को कबूला कि उसकी सेना ने गलती से यूक्रेन के यात्री विमान को निशाना बना दिया। सरकार की तरफ से जारी बयान में इसे इंसानी भूल (ह्यूमन एरर) बताया गया। इससे पहले ईरान ने हादसे के दो दिन बाद तक विमान पर मिसाइल से टकराने की बात से इनकार किया। गुरुवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन ने खुफिया सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि विमान ईरान की मिसाइल टकराने से ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ। ईरान ने पहले दोनों नेताओं से इन दावों के सबूत सौंपने के लिए कहा कि शनिवार को आखिरकार ईरानी सरकार ने गलती कबूल ली। यूक्रेन का विमान 8 जनवरी को दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इसमें 176 लोग मारे गए थे।

ईरानी सेना ने कहा कि विमान एक चक्कर लगाने के बाद रेवॉल्यूशनरी गार्ड्स के बेस के काफी करीब उड़ रहा था। ऐसे में इसकी उड़ने का ढंग और ऊंचाई देखकर यह दुश्मन टारगेट के तौर पर चिन्हित हो गया। इन स्थितियों में मानवीय गलती की वजह से विमान पर मिसाइल दागी गईं। ईरान के विदेश मंत्री जावेद जरीफ ने दुर्घटना के लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह अमेरिका के दुस्साहस की वजह से हुआ। सेना ने बयान में कहा है कि उसे अमेरिका की तरफ से संवेदनशील रक्षा क्षेत्रों और अन्य ठिकानों पर हमले की जानकारी मिली थी। इसकी वजह से हमारी एंटी-एयरक्राफ्ट यूनिट्स ने ज्यादा संवेदनशील तरीका अपनाया।



### ईरान के राष्ट्रपति बोले- जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी

ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने सेना के कबूलनामे के बाद ट्वीट में कहा कि सेना की आतंरिक जांच में सामने आया है कि मानवीय भूल के चलते मिसाइल हमले में यूक्रेन का विमान क्रैश हुआ और 176 लोगों की मौत हुई। इस बड़ी त्रासदी और अक्षम्य घटना के जिम्मेदारों की पहचान और उन पर कार्रवाई के लिए जांच जारी रहेगी। ईरान इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा दुख व्यक्त करता है। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदना।

### कनाडा-यूक्रेन ने की सजा की मांग

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को उनके देश के विमान को मार गिराने के पीछे दोषी लोगों को सजा देने की मांग की। राष्ट्रपति ने ईरान से मुआवजे की भी मांग की है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने फेसबुक पोस्ट में मुआवजे की मांग के साथ ही कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान दोषियों को न्याय के दायरे में लाएगा। ईरानी की स्वीकारोक्ति के बाद अब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने घटना की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। घटना में मारे गए 176 लोगों में कनाडा के भी नागरिक थे। यूक्रेन की राजधानी कीव जा रहे विमान में ईरान के 82 और कनाडा के 63 नागरिकों सवार थे। पीएम ट्रूडो ने उन परिवारों के लिए पारदर्शिता और न्याय की मांग की है कि जिन्होंने अपनों को खोया है और उनमें से कई लोगों के पास कनाडा की दोहरी नागरिकता थी।



### ईरान ने अमेरिका को दोषी ठहाया

ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ ने ट्वीट किया, अमेरिकी दुस्साहस के चलते पैदा हुए संकट के समय मानवीय चूक के चलते यह दुर्घटना हुई। हमें गहरा दुख है। सभी पीड़ितों के परिवारों और अन्य प्रभावित राष्ट्रों से हमारी माफी और संवेदना। ईरान ने विमान हादसे की जांच में शामिल होने के लिए अमेरिका, यूक्रेन, कनाडा और अन्य को आमंत्रित किया है।

### वीडियो वायरल होने के बाद मिसाइल लगने की बात सामने आई

ट्रूडो और ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के दावे के ठीक बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ था। इसमें यूक्रेन के विमान को मिसाइल से टकराने के बाद आग के गोले में बदलते देखा जा सकता है। विमान बोइंग 737-800 उड़ान भरने के 3 मिनट बाद ही इमाम खोमैनी एयरपोर्ट से कुछ ही दूरी पर गिर गया था। मृतकों में 63 कनाडाई नागरिक शामिल थे। इसके अलावा 82 ईरानी, 11 यूक्रेनी, 10 स्वीडिश और जर्मनी-ब्रिटेन के 3-3 नागरिक भी दुर्घटना में मारे गए थे।

## खबर संक्षेप

### मोरक्को के किंग ने 265 कैदियों को क्षमादान दिया

**रबातनवरी।** मोरक्को के किंग मोहम्मद (षष्ठम) ने 265 कैदियों को क्षमादान दिया है। देश के न्याय मंत्रालय ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि कुल 204 कैदियों की जेल की सजा की मियाद कम की गई है और 61 अन्य कैदियों को रिहाई दी गई है। मोरक्को के स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ से एक दिन पहले किंग द्वारा कैदियों को क्षमा किए जाने की बात सामने आई। स्वतंत्रता दिवस शनिवार को मनाया जाएगा। बयान में कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़े मामलों में क्षमा पाने वालों में आठ महिला कैदी भी शामिल हैं।

### नौका डूबने से कम से कम 12 आव्रजकों की मौत

**एथेंस।** आयोनियन सागर में शरण पाने की आस के साथ जा रहे लोगों की एक नौका डूबने से शनिवार को कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। यूनान के तटरक्षकों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तक 12 शव बरामद हो चुके हैं। तलाश एवं बचाव कार्य जारी है। 20 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। माना जा रहा है कि इस नौका में कम से कम 50 लोग सवार थे जो शरण की तलाश में इटली जा रहे थे।इन लोगों की नौका पक्सी द्वीप के निकट से सागर में उतरी थी। नौका में सवार लोगों की पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

### वृद्धाश्रम में आग लगने से छह लोगों की मौत

**जागरेब।** उत्तर-पश्चिमी क्रोएशिया में एक वृद्धाश्रम में शनिवार तड़के आग लग गई जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता जोरन लोनकार ने 'एएफपी' को बताया कि आग सुबह पांच बजे लगी और इसमें छह लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्ष तौर पर ये छह लोग ओरोस्लावजे के उत्तर-पश्चिमी में स्थित वृद्धाश्रम के हैं। दमकलकर्मियों ने बताया कि एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। प्रधानमंत्री एंद्रेज प्लेनकोविक और गृह मंत्री डोवोर बोजीनोविक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### ताइवान चुनाव में राष्ट्रपति साई इन वेंग विजयी

**ताइपे।** ताइवान में शनिवार को हुए चुनाव में राष्ट्रपति साई इंग वेन को विजयी घोषित किया गया जहां



मतदाताओं ने स्वशासित द्वीप को अलग-थलग करने के चीन के अभियान को सिरे से खारिज कर दिया और अपनी प्रथम महिला नेता को दूसरी बार विजेता बनाया है। साई ने अपनी जीत की घोषणा करते हुए संवाददाताओं से कहा कि ताइवान दुनिया को दिखा रहा है कि हम जीवन के अपने लोकतांत्रिक तरीके का कितना आनंद उठाते हैं और हम अपने देश को कितना पसंद करते हैं।

## पोलियो से बुरी तरह प्रभावित हैं ये देश

# 8 देशों की यात्रा को लेकर अमेरिका ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका ने पोलियोग्रस्त पाकिस्तान समेत आठ एशियाई देशों की यात्रा को लेकर अपने यात्रियों को लेवल दो का यात्रा अलर्ट जारी किया है। अमेरिका ने पोलियो से बुरी तरह प्रभावित इन देशों की यात्रा करने वालों विशेषकर वयस्कों को जीवन रक्षक बूस्टर डोज रखने की सलाह दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इन देशों पर प्रतिबंध लगा रखा है और इस अवधि में यह डोज रखना हरेक अमेरिकी वयस्क के लिए आवश्यक होगा। अमेरिका ने अन्य देशों में वायरस को फैलने से रोकने के संबंध में अपनी संघीय एजेंसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन (सीडीसी) की अनुशंसा के आधार पर पोलियो ग्रस्त देशों की यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए नये दिशा- निर्देश जारी किये। अमेरिका ने अपने यात्रियों को स्तर-दो का अलर्ट जारी करते हुए कहा कि डब्ल्यूएचओ ने सिफारिश की है कि इन देशों को आवासीय और लंबी अवधि (चार सप्ताह या उससे अधिक) के यात्रियों को देश छोड़ने से पहले पोलियो की दवा देने का सबूत देने की जरूरत है। इसमें यह भी कहा गया कि इन देशों में यात्रा करने से पहले बचपन में पोलियो की नियमित दवा लेने वाले वयस्कों को पोलियो की लाइफटाइम एडल्ट बूस्टर डोज लेना चाहिए। सीडीसी के मुताबिक पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान, चीन, वर्मा, इंडोनेशिया, मलेशिया, पापुआ न्यू गिनी और फिलीपींस पोलियो से प्रभावित देशों में शुमार हैं।

### पाक पीएम ने क्वेटा मस्जिद धमाके को 'कायरना आतंकी हमला' करार दिया, तत्काल रिपोर्ट मांगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने जुमे की नमाज के दौरान क्वेटा की मस्जिद में हुए धमाके पर तत्काल रिपोर्ट मांगी है और इसे निंदनीय "कायराना आतंकवादी हमला" करार दिया है। अशांत बलोचिस्तान प्रांत में हुई इस घटना में कम से कम 15 लोग मारे गए थे और 20 अन्य घायल हो गए थे। इस घातक विस्फोट से तीन दिन पहले क्वेटा में हुए बम धमाके में दो लोगों की जान चली गई थी। घटना पर प्रतिक्रिया जताते प्रधानमंत्री ने धमाके की निंदा की और तत्काल रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि क्वेटा में मस्जिद और नमाज अदा कर रहे लोगों को निशाना बना कर किए गए निंदनीय कायराना आतंकवादी हमले पर मैंने तत्काल रिपोर्ट मांगी है।




कोच्चि के मरदु नगरपालिका क्षेत्र में बनी चार इमारतों को ढहाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अधिकारियों ने शनिवार को लागू करते हुये नियंत्रित विस्फोट से दो अवैध लग्जरी अपार्टमेंट परिसरों को ध्वस्त कर दिया।

### चीन में रहस्यमयी निमोनिया के प्रकोप से पहली मौत सात की हालत गंभीर

**बीजिंग।** वुहान शहर में नये किस्म के निमोनिया के प्रकोप के चलते 61 वर्षीय चीनी व्यक्ति की मौत हो गई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि इस निमोनिया से हुई पहली मौत के बाद रहस्यमयी विषाणु के फैलने की चिंताएं बढ़ गई हैं। वुहान निगम स्वास्थ्य आयोग ने एक बयान में कहा कि प्रायोगिक जांच में सामने आया कि 41 लोग निमोनिया से पीड़ित हैं। यह निमोनिया शुरुआती तौर पर निर्धारित किए गए नये प्रकार के कोरोना वायरस के कारण हुआ है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि वायरल निमोनिया से ग्रस्त व्यक्ति की वुहान में मौत होने की पुष्टि की गई है और सात अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है।

## पाक में गैर मुस्लिम वकीलों के साथ भेदभाव

### बार काउंसिल का चुनाव लड़ने पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का एक और मामला सामने आया है। मुल्तान बार एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसके बाद हिंदू और अहमदिया समेत गैर मुस्लिम वकील बार काउंसिल का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। स्थानीय अखबारों में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, बार काउंसिल का चुनाव लड़ने के इच्छुक वकीलों को भी इस्लाम में अपनी आस्था को साबित करने के लिए एक हलफनामा दाखिल करना अनिवार्य होगा। बता दें कि मुल्तान के जिला बार एसोसिएशन के वकीलों द्वारा यह प्रस्ताव लाया गया था, जिसे पारित कर दिया गया। पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। बहुसंख्यक सुन्नी समुदाय के निशाने पर प्रमुख रूप से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और अहमदिया समुदाय के लोग रहते हैं। शियाओं की स्थिति भी वहां बहुत अच्छी नहीं है।



### प्यूर्तो रिको भूकंप के एक और जोरदार झटके से कांपा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी भूगर्भ सर्वे के मुताबिक प्यूर्तो रिको में शनिवार को रिक्टर स्केल पर छह तीव्रता का जोरदार भूकंप का झटका महसूस किया गया। अमेरिका के इस क्षेत्र में हाल में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे। अमेरिकी भूगर्भ सर्वे ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 54 मिनट पर महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र दक्षिण कैरीबियाई द्वीप के तटीय शहर गुआनिका से 14 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित था। पहले भी यहां भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे। खबर के मुताबिक मंगलवार को यहां आए 6.4 तीव्रता के भूकंप की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।




### अमेरिका हमारी मांगें स्वीकारे तभी हागी वार्ता: उ.कोरिया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि परमाणु वार्ता फिर से तभी शुरू होगी जब अमेरिका उनकी मांगों को पूरी तरह से स्वीकार कर लेगा। उत्तर कोरिया ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पत्र मिला था जिसमें नेता किम जोंग उन को जन्मदिन की बधाई दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति और किम के बीच जून 2018 से तीन बैठकें हो चुकी है लेकिन गत फरवरी में हुई हनोई बैठक के बाद से वार्ता को लेकर काफी हद तक गतिरोध बना हुआ है। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के सलाहकार किम क्ये ग्वान ने कहा कि ट्रंप का बधाई पत्र अमेरिका से उत्तर कोरिया पहुंचा है। सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के अनुसार ग्वान ने एक बयान में कहा कि जैसा दुनिया ने माना है, यह सच है कि (किम जोंग उन) और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच व्यक्तिगत संबंध खराब नहीं हैं।



### ओमान के सुल्तान का 79 साल की उम्र में निधन

**मस्कट।** ओमान के सुल्तान काबूस बिन सईद का निधन हो गया है। ओमान मीडिया के मुताबिक सुल्तान काबूस का निधन शुकवार को हुआ। सुल्तान के निधन के बाद शनिवार को ओमान में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया गया। हालांकि सुल्तान की मौत के कारण का अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। वह 79 वर्ष के थे। सुल्तान काबूस वर्ष 1970 से लगातार इस पद पर बने हुए थे। सुल्तान के कार्यालय ने कहा कि उनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन पर पर रॉयल कोर्ट के दीवान ने शोक संदेश जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुल्तान के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक संदेश में कहा गया कि 14वें जुमादा अल-उला सुल्तान काबूस बिन सैद का शुक्रवार की देर रात निधन हो गया। पिछले 50 वर्षों में एक व्यापक पुनर्जागरण की स्थापना के बाद से उन्होंने 23 जुलाई 1970 को सत्ता संभाली थी। इस पुनर्जागरण के परिणामस्वरूप एक संतुलित विदेश नीति बनी जिसे पूरी दुनिया ने सम्मान के साथ सराहा।



#### चचेरे भाई बने नए शासक

ओमान के संस्कृति मंत्री और दिवंगत सुल्तान काबूस के के चचेरे भाई हैसम बिन तारिक ने देश के नए शाह के रूप में शपथ ली है। सरकार ने ट्वीट किया कि हैसम बिन तारिक ने देश के नए सुल्तान के रुप में शपथ ली... परिवार ने आपस में बातचीत के बाद उन्हीं को नया शासक बनाने का फैसला लिया जिन्हें सुल्तान ने चुना था।




# समय से पहले भुगतान करने पर यूएन ने भारत का आभार जताया

एजेंसी ▶▶ संयुक्त राष्ट्र

- इस साल 2.32 करोड़ डॉलर का पूरा बकाया भारत ने समय से पहले ही चुकाया

भारत ने 2020 का अपना वार्षिक बकाया समय से पहले चुका दिया, जिसके बाद वैश्विक संस्थान ने भारत का आभार जताया है। भारत द्वारा भुगतान भेजने पर महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता स्टेफन डुजारिक ने शुक्रवार को भारत का आभार जताया। इस साल 2.32 करोड़ डॉलर का पूरा बकाया भारत ने शुक्रवार को चुका दिया। भारत को यह भुगतान इस महीने के अंत तक करना था। भारत इस साल का भुगतान करने वाला चौथा देश है और अब तक सबसे ज्यादा योगदान दे चुका है। डुजारिक ने कहा कि बहुत कम देश जनवरी के अंत तक की समय सीमा तक अपना बकाया चुकाते हैं और कई देशों पर पिछले वर्ष का भी बकाया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 47 देशों ने पिछले साल का बकाया नहीं चुकाया था, जिससे नकदी की कमी हो गई थी। गुटेरस ने इसे 'लगभग एक दशक में यूएन के सामने सबसे बुरा नकदी संकट बताया।' यूएन की कई कई सेवाएं बड़ी मुश्किल से चल रही हैं और यहां तक कि सचिवालय से स्केलेटर भी हटाया जा रहा है। सेवाओं में कटौती के कारण यूएन गुरुवार को सुरक्षा परिषद चर्चा का पूरा विवरण नहीं दे सका।



#### सात देश संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना मताधिकार खो रहे हैं

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि सात देश अपने बकाया का भुगतान करने में इतने पीछे हैं कि वे 193 सदस्यीय महासभा में अपने मतदान का विशेषाधिकार खो रहे हैं। इन देशों में वेनेजुएला और लेबनान शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि तीन अन्य देश- कोमोरोस, साओ टोम एंड प्रिंसीपी और सोमालिया पर भी बकाया है, लेकिन सितंबर तक वे अपना मताधिकार बरकरार रख सकते हैं। महासभा ने अक्टूबर में इस बकाये को तय किया था। उन्होंने कहा कि अपना मताधिकार खो रहे अन्य देशों में मध्य अफ्रीकी गणराज्य, गाम्बिया, लेसोथो, टोंगा और यमन शामिल हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109